CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 12-25-2025 23:36 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 > पौष 5, शक 1947, पौष शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WA

# NB नवभारत



बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन से 17 साल बाद ढाका लौटे।

AFP

ढाका इंटरनैशनल एयरपोर्ट से रोड शो किया। समर्थकों की भीड़ इतनी थी कि 13 किमी. लंबे रूट पर ही 3 घंटे लग गए।

### BNP के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की 17 साल बाद वापसी

# खालिदा के बेटे का संदेश 'हिंदू-मुस्लिम...सबका देश'

■ पीटीआई, ढाका (बांग्लादेश)

बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद स्वदेश लौटे। गुरुवार को ढाका में तारिक के स्वागत में एक लाख से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता उमड़े। अगले साल 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों में 60 वर्षीय तारिक रहमान पीएम पद के प्रमुख दावेदार होंगे।

लाखों समर्थकों के बीच पहली रैली में तारिक ने यही कहा कि बांग्लादेश मुसलमानों, हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों- सबका देश है। हमारी पार्टी सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहती है। ऐसा बांग्लादेश जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे सुरक्षित रूप से अपने घर से निकल सकें और वापस लौट सकें। ...हम देश में शांति कायम करेंगे। नया बांग्लादेश बनाएंगे। पेज 16

AP



वापसी पर तारिक रहमान ने सबसे पहले बांग्लादेश की मिट्टी छुई।

## अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर बैन

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में तारिक रहमान पीएम पद के प्रमुख दावेदार हैं। उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है जब दो प्रमुख युवा नेताओं की हत्या के बाद से देश में अशांति और राजनीतिक अस्थिरता की नई लहर जारी है, जिसने पूरे बांग्लादेश को चपेट में ले लिया है।

## एक और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग

बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला गया। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के मुताबिक, घटना बुधवार रात राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है। भीड़ ने जबरन वसूली का आरोप लगाकर उसे मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। अमृत के खिलाफ पांगशा में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए भीड़ ने हत्या कर दी थी।

## सेंगर की ज़मानत के खिलाफ SC में अर्ज़ी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: उन्नाव रेप केस में कुलदीप सिंह सेंगर की जेल की सजा निलंबित करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील अंजली पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दायर याचिका में हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। वकीलों ने कहा कि निचली अदालत ने कमेंट किया था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा, इस पर ध्यान नहीं दिया गया। सेंगर को जमानत देने के फैसले के खिलाफ CBI जल्द ही सुप्रीम कोर्ट जाएगी। पेज 13



CBI भी जमानत के विरोध में जल्द सुप्रीम कोर्ट जाएगी

## कर्नाटक: बस के तेल टैंक से टकराया ट्रक, 6 ज़िंदा जले

■ पीटीआई, चित्रदुर्ग (कर्नाटक)

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार रात ट्रक से टकराने के बाद स्लीपर बस आग लग गई। हादसे में बस में सवार एक बच्चे समेत 5 यात्री और ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गए। 32 यात्रियों को लेकर बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी और हादसा NH-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला कि ट्रक ने सीधे बस के डीजल टैंक में टक्कर मारी, जिससे डीजल टैंक लीक हुआ। आग लग गई। पेज 9



**पुलिस ने बताया** स्लीपर बस में 32 यात्री सवार थे।

**रेवाड़ी में ट्रक-कार टक्कर, 3 मौतें :** रेवाड़ी के नारनौल में बुधवार रात ट्रक से टक्कर के बाद कार सवार वकील, व्यापारी समेत तीन लोग जिंदा जल गए। हादसा NH152-डी पर टोल प्लाजा से कुछ दूर हुआ। (NBT)


## अटके प्रोजेक्ट के खरीदारों को घर दिलाने की तैयारी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार जल्द ही SWAMIH-2 फंड लॉन्च करने की तैयारी में है। इसका मकसद अटके प्रोजेक्ट को पूरा करना और मकान खरीदारों को जल्द पजेशन दिलाना है। 15 हजार करोड़ रुपये के फंड से करीब एक लाख मध्यम वर्ग के खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है। 2019 में शुरू किए गए SWAMIH-1 के तहत अब तक 55,000 से अधिक घर पूरे किए जा चुके हैं। पेज 9



## नीला आसमान... खिली-खिली धूप, तेज़ हवा से प्रदूषण में सुधार

Anushka Kogta




दिल्ली में गुरुवार को आसमान नीला दिखा। धूप भी खिली। तेज हवा चलने से गुरुवार को प्रदूषण घटा। दिल्ली का AQI महज 235 ही रहा। पेज 3

**अलीगढ़ में वारदात**

## AMU कैंपस में टीचर की हत्या

■ NBT न्यूज, अलीगढ़: अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैंपस में टहल रहे टीचर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने बताया कि यूनिवर्सिटी से संबद्ध एबीके यूनियन हाई स्कूल के टीचर राव दानिश अली बुधवार रात अपने दो सहकर्मियों के साथ केनडी सभागार के पास टहल रहे थे, तभी नकाबपोश लोगों ने गोली मार दी। पेज 13



**दिल्ली में शुरुआत** 45 अटल कैंटीन में रोज सुबह-शाम 500-500 लोगों के लिए होगा खाना

## अटल कैंटीन में दाल, चावल, सब्जी, 5 रोटी, अचार की थाली सिर्फ ₹5 में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

5 रुपये में आज-कल क्या मिलता है? एक केला या संतरा, थोड़े से चने या बिस्किट का छोटा सा पैकेट ही मिल पाएगा, लेकिन दिल्ली में अब 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के मौके पर दिल्ली सरकार ने गुरुवार को 45 जगहों पर 'अटल कैंटीन' की शुरुआत की। यहां सिर्फ 5 रुपये में खाने की थाली मिलेगी। थाली में दाल, चावल, सब्जी, 4 या 5 रोटी के साथ अचार मिलेगा।

PTI



**केंद्रीय मंत्री** मनोहर लाल और दिल्ली की CM रेखा गुप्ता ने की शुरुआत

**स्विगी-ज़ोमैटो की हड़ताल** स्विगी, जोमैटो समेत अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों और फूड डिलीवरी के गिग वर्कर गुरुवार को हड़ताल पर रहे। 31 को फिर हो सकती है हड़ताल। पेज 3

## काम की खबरें

नई दिल्ली स्टेशन में अजमेरी गेट की तरफ अब दो प्रीमियम पार्किंग। पिक-ड्रॉप लेन में ऑटो बैन। अगर कोई कैब स्टेशन परिसर में प्रवेश करती है तो ₹30 देने होंगे, पहले 8 मिनट तक फ्री सुविधा थी। पेज 5

DDA की जनता आवास योजना-2025 लॉन्च, EWS कैटिगरी के 144 फ्लैट्स हैं। 62 फ्लैट्स द्वारका मोड़, 82 छतरपुर में हैं। पेज 8

इग्नू में 31 जनवरी तक UG, PG के लिए ignouadmission.samarth.edu.in पर आवेदन करें। देखें अंदर


रेलवे बोला, 26 दिसंबर से पहले टिकट बुक तो बढ़ा किराया नहीं

'विंटर कार्निवल' 27 और 28 को दिल्ली हाट जनकपुरी में पेज 4

# 2025 साल का सबसे बड़ा पोल

# 2025 में किस तरह के क्राइम से दिल्ली रही सबसे ज्यादा प्रभावित?

NBT फिर लेकर आया है आपके लिए मौका, जहां आप 2025 के उन मुद्दों पर दें अपनी राय, जिन्होंने सुर्खियों से लेकर जिंदगी तक असर डाला। तो बनिए इस पोल का हिस्सा और दीजिए आज के सवाल का अपना बेबाक जवाब:



**A स्नैचिंग**

2025 में दिल्ली की सड़कों पर स्नैचिंग की घटनाएं लोगों के लिए रोज का डर बनी रहीं। भीड़भाड़ वाले बाजार, मेट्रो के बाहर और ट्रैफिक सिग्नल पर मोबाइल या चेन छिनने की शिकायतें आम रहीं। पलक झपकते ही वारदात हो जाती है, जिससे खासकर महिलाएं और बुजुर्ग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। 2025 में भी इस स्ट्रीट क्राइम से दिल्ली रही परेशान।



**B चोरी**

दिल्ली में 2025 के दौरान चोरी की घटनाएं भी चिंता का कारण बनी रहीं। खाली मकानों, दुकानों और पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को चोरों ने निशाना बनाया। त्योहारों और छुट्टियों के समय ऐसे मामले ज्यादा सामने आए। कमजोर सुरक्षा व्यवस्था और लापरवाही चोरों के हौसले बढ़ाती नजर आई। कुछ केस सुलझे लेकिन इसपर रोक नहीं लग पाई।



**C गैंगवॉर**

दिल्ली में 2025 के दौरान गैंगवॉर की घटनाएं भी सुर्खियों में रहीं। आपसी रंजिश, वर्चस्व की लड़ाई और अवैध कारोबार के चलते गोलीबारी की खबरें आईं। इसका असर आम लोगों की सुरक्षा पर पड़ा और कई इलाकों में दहशत का माहौल बना, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल उठे। पब्लिक प्लेस में गैंगवॉर पहुंचने से लोगों में दहशत रही।



**D साइबर क्राइम**

2025 में दिल्ली साइबर क्राइम से सबसे ज्यादा प्रभावित होती दिखी। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और ओटीपी फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े। मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ अपराधी भी नए तरीके अपनाते गए। पढ़े-लिखे लोग भी आसानी से ठगी का शिकार होते रहे। दिल्ली को इस नए क्राइम ने इस साल बहुत दर्द दिया।

Illustrations: Subrata Dhar

**कल पूछे गए पोल पर आपका फैसला**

## सबसे ज्यादा लोग चाहते हैं कि दिल्ली की सड़कों से कूड़ा हटे

कल हमने पूछा था कि दिल्ली के लोगों की ऐसी कौन सी आदत है जिसे आप नए साल में बदलना चाहेंगे। जवाब में हमें ढेरों रेस्पॉन्स मिले।

A  30% ने कहा कि लोगों की सड़कों पर कूड़ा फेंकने की आदत को बदलना चाहते हैं।

B  27% ने पान और गुटखा थूकने की आदत को बदलने की बात कही।

C  21% दिल्ली वालों ने कहा कि बेवजह हॉर्न बजाने की आदत खत्म हो।

D  22% लोगों ने कहा कि सड़क पर गाड़ी पार्क करने की आदत बदलनी चाहिए।

**हमें अपने जवाब भेजें ...**
इस वट्सऐप नंबर पर, जवाब में लिखें A. B. C. या D
9220747220

## DDA ने जनता आवास योजना में उतारे 144 EWS फ्लैट्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: DDA ने अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत अब जनता आवास योजना-2025 लॉन्च कर दी है। इसके तहत कुल 144 फ्लैट्स उतारे गए हैं। 62 फ्लैट्स द्वारका मोड़ और 82 छतरपुर मेन रोड पर हैं। यह सभी फ्लैट्स EWS कैटेगरी के हैं। DDA के अनुसार दोनों जगहों पर यह फ्लैट्स DDA के लिए प्राइवेट बिल्डरों ने तैयार किए हैं। उमंग रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड और ब्रिलियंट एटोइल प्राइवेट लिमिटेड ने इन फ्लैट्स को तैयार किया है। यह फ्लैट्स कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ के जरिए अलॉट किए जाएंगे।

**62 फ्लैट्स द्वारका मोड़ और 82 छतरपुर मेन रोड पर हैं**


DDA के अनुसार द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बने फ्लैट्स का साइज 29.246 से 30.688 स्क्वेयर मीटर है। यह फ्लैट्स 12.63 से 13.24 लाख रुपये तक के हैं। वहीं छतरपुर मेन रोड पर बने फ्लैट्स का साइज 45.57 से 48.24 स्क्वेयर मीटर तक है। यह फ्लैट्स 23.05 से 24.37 लाख रुपये तक के हैं। इन फ्लैट्स के साथ कवर और अनकवर्ड दोनों तरह की पार्किंग भी है।

**13 फरवरी को होगा ड्रॉ:** स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 7 जनवरी से शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन शुल्क 2500 रुपये होगा। रजिस्ट्रेशन करवाने की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2026 तक है। ड्रॉ 13 फरवरी 2026 को होगा।

## कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं मिलने से बुज़ुर्ग मरीज़ परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image




**इलाज से मना**
- खासकर DEGHS के पैनल में शामिल रिटायर लोगों को हो रही परेशानी
- मरीज बोले, पेमेंट न मिलने का बहाना देकर इलाज से मना कर रहे अस्पताल

दिल्ली में कैशलेस इलाज की सुविधा ठीक से लागू न होने से बुजुर्ग मरीज परेशान हैं। खासकर DEGHS के पैनल में शामिल रिटायर कर्मचारियों को इलाज कराने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों का कहना है कि कई अस्पताल यह कहकर इलाज से मना कर रहे हैं कि उन्हें सरकार की ओर से पेमेंट नहीं मिल रही है इसलिए उन्होंने खुद को DEGHS पैनल से हटा लिया है। वहीं कुछ सेंटर ऐसे भी हैं, जो डॉक्टर द्वारा पर्चा लिखे जाने के बावजूद सीमित दिनों के लिए ही इलाज की सुविधा दे रहे हैं और पूरा इलाज एक साथ नहीं करते। मरीज साधु राम शर्मा ने बताया कि उन्हें अपनी बीमारी के कारण समय-समय पर फिजियोथेरेपी करानी पड़ती है। पहले इसको लेकर कोई परेशानी नहीं होती थी लेकिन पिछले 6 महीने से DEGHS पैनल में शामिल अस्पताल इलाज करने से मना कर रहे हैं। गुलाबी बाग के एक प्राइवेट अस्पताल ने साफ कह दिया कि भुगतान नहीं हो रहा है इसलिए कैशलेस इलाज बंद कर दिया गया है। बुजुर्ग मरीजों ने सरकार से मांग की है कि DEGHS पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा को सही से लागू किया जाए।

## 11 एकड़ में फैला सद्भावना पार्क अटल बिहारी वाजपेयी के नाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



एलजी वी के सक्सेना ने की घोषणा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के मौके पर वॉल्ड सिटी में इसी साल बने सद्भावना पार्क को अब अटल बिहारी वाजपेयी सद्भावना उद्यान का नाम दिया गया है। 11 एकड़ में फैले इस ग्रीन स्पेस के नए नाम की घोषणा एलजी वी के सक्सेना ने की। इस मौके पर उनके साथ सीएम रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं।

एलजी ने बताया कि जल्द ही इस उद्यान में वाजपेयी की एक प्रतिमा भी लगाई जाएगी। एलजी और सीएम ने गुरुवार को इस उद्यान में एंट्री के लिए टिकट ली और लोगों से अपील की कि वे इस पार्क में आएं और परिवार व दोस्तों के साथ हरियाली के बीच समय बिताएं। यह पार्क महात्मा गांधी मार्ग (रिंग रोड) के पास ऐतिहासिक वॉल्ड सिटी में है। इस उद्यान में लॉन, सफेद संगमरमर के रास्ते, छायादार फूड प्लाजा, बारादरी, आकर्षक कलाकृतियों वाले फव्वारे और पब्लिक सुविधाएं जैसे टॉयलेट और ओपन रिक्रिएशनल जोन मौजूद हैं। इस उद्यान का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण यहां लगे पांच सफेद घोड़े हैं। इन्हें एक सारथी चला रहा है।

यह कलाकृति लीडरशिप और विकास का प्रतीक है। यह कलाकृति पानी में डूबी हुई है और पार्टीन के आकार में बनाई गई है।

## राष्ट्रपति से मिली आर्यिका पूर्णमति माता जी

■ रमेश जैन, नई दिल्ली: आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की प्रमुख शिष्या विदुषी आर्यिका पूर्णमति माताजी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने माताजी की मुख्य द्वार पर अगवानी की। राष्ट्रपति ने माताजी का स्वागत कर भावभीनी विनयांजलि अर्पित की। दोनों ने धार्मिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रहित के मुद्दों पर चर्चा की। कई अधिकारियों ने भी माताजी के दर्शन कर विनयांजलि अर्पित की। माताजी ने समाज और राष्ट्रहित की शुभकामनाओं के साथ सभी को शुभाशिष प्रदान किया।



राष्ट्रपति भवन में की मुलाकात

**कलश यात्रा:** सीताराम संत सेवा मंदिर, चंदू पार्क, जगतपुरी से महंत रामगोविंद दास महात्यागी महाराज के सान्निध्य में गुरुवार को विशाल और भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो समुदाय भवन, AGCR एनक्लेव तक गई, जहां 8 दिवसीय अष्टोत्तर शत पावन भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ।



**मेरी कॉलोनी मेरा शहर**


हमें कई इलाकों से सैकड़ों लोग अपने क्षेत्र की समस्याएं रोजाना भेज रहे हैं। उनमें से कुछ हम पब्लिश कर रहे हैं।

### पार्क में जमा हो रहा कूड़ा-कचरा




रोहिणी सेक्टर-3 के डीडीए जिम पार्क में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसमें पार्क का ग्रीन वेस्ट भी है। रोजाना सफाई नहीं होने से गंदगी का ढेर बढ़ता जा रहा है। संबंधित विभाग इस पर ध्यान दे। -दिलावर सिंह नेगी, रोहिणी

### रोजाना नहीं आते सफाई कर्मचारी



ओल्ड सीलमपुर में गली नं 3 और 4 में लंबे समय तक गंदगी जमा रहती है। सफाई कर्मचारी यहां नहीं आते हैं। इसके अलावा यहां सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी है, जिस पर सिविक एजेंसी गौर नहीं कर रही है। -मो. अरबाज, ओल्ड सीलमपुर

### पार्क में डाला जा रहा है मलबा



पुरानी दिल्ली के सीताराम बाजार, एम ब्लॉक डीडीए स्लम पार्क में कूड़ा और मलबा पड़ा हुआ है, जिसे लंबे समय से उठाया नहीं गया है। इस वजह से इसमें से बदबू भी आती रहती है। इससे लोग काफी परेशान भी हैं। सिविक एजेंसी ध्यान दे। -मानसिंह, आर्यपुरा सब्जी मंडी

### लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें पड़ी हैं बंद



उत्तम नगर इलाके में हस्तसाल गांव में नजफगढ़ ड्रेन नाला रोड पर पिछले साल से भी ज्यादा समय से यहां स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इस वजह से रात के वक्त यहां से निकलना खतरनाक है। -राम किशोर, नजफगढ़

अपने फोटो और विडियो इस वट्सऐप नंबर 9220747220 पर भेज सकते हैं या इस QR कोड को स्कैन करें। मैसेज में अपना नाम जरूर लिखें।

## कंझावला: लोगों का दम घोंट रहा इंडस्ट्रियल कचरा

### अवैध यूनिट मालिकों द्वारा रात में लगा दी जाती है आग

■ NBT रिपोर्ट, कंझावला



सड़क के किनारे ही फेंक दिया जाता है इंडस्ट्रियल कचरा

**लोगों का आरोप, शिकायत पर नहीं होती कार्रवाई**

कंझावला इलाके के एक्सटेंशन लाल डोरा में अवैध रूप से चल रही इंडस्ट्रियल यूनिट्स वहां के लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई हैं। दरअसल वहां से निकलने वाले कचरे में रात के वक्त आग लगा दी जाती है, जिससे पूरे इलाके में धुएं की वजह से प्रदूषण फैल जाता है।

लोगों का कहना है कि यहां पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में हैवी इंडस्ट्रियल यूनिटें बन गई हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और दुर्गंध लगातार प्रदूषण फैलाता है। इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्रियों में तैयार होने वाले इंडस्ट्रियल वेस्ट का न तो कोई उचित प्रबंधन है और न ही निस्तारण का कोई सिस्टम। फैक्ट्री मालिक रात के समय खाली पड़े प्लॉटों और सड़कों के किनारे कचरा व रबर प्लास्टिक वेस्ट फेंक देते हैं। इसके बाद चोरी-चुपके उसमें आग लगा दी जाती है। लोगों का कहना है कि धुएं की वजह से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत तक होने लगी है।

रविंदर बिल्लू ने बताया कि एक्सटेंशन लाल डोरा को मूल रूप से लघु उद्योगों और घरेलू इकाइयों के लिए चिह्नित किया गया था। लेकिन अब यहां बड़े पैमाने पर अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं, जिन पर किसी भी तरह की निगरानी नहीं है। यह इलाका डीएसआईआईडीसी के इंडस्ट्रियल एरिया के दायरे में नहीं आता, फिर भी यहां खुलेआम कई अवैध यूनिट्स चल रही हैं। ऐसे में लोगों ने एमसीडी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें भेजी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



लोगों को डर है कि चोर इन्हें उखाड़कर चोरी कर सकते हैं

## रोहिणी : परशुराम पार्क की ओपन जिम है बदहाल

■ NBT रिपोर्ट, रोहिणी: रोहिणी सेक्टर-6 स्थित परशुराम पार्क में लोगों के लिए लगाई ओपन जिम मशीनें जर्जर हालत में पहुंच रही हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि टूटी-फूटी मशीनों की वजह से एक्सरसाइज करने वालों को चोट लगने का खतरा बना हुआ है। लोगों को यह भी डर है यदि समय रहते इन उपकरणों की मरम्मत या बदलाव नहीं किया गया, तो चोर आसानी से इन्हें उखाड़कर कबाड़ में बेच सकते हैं।

लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि तत्काल जिम उपकरणों की मरम्मत कराई जाए, पार्क की हालत सुधारी जाए और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की जाए, ताकि किसी तरह की दुर्घटना या चोरी की घटना को रोका जा सके।


## जीटीबी एनक्लेव : पोल हैं पर स्ट्रीट लाइट नहीं

■ NBT रिपोर्ट, जीटीबी एनक्लेव

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को आदर्श


संस्कार आश्रम नामक गली में बिजली के खंभे तो जरूर लगे हैं। मगर उनमें स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बिल्कुल नहीं है। ऐसे में शाम होते ही उस रास्ते पर घुप अंधेरे के कारण लोगों की आवाजाही नाम मात्र की रह जाती है। महिलाएं आपराधिक वारदात के डर से वहां से बहुत मजबूरी में ही निकलती हैं। लोगों का आरोप है कि अनेक शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप जीटीबी एनक्लेव से जुड़े अरुण शर्मा ने बताया कि यह रास्ता सीधा कैंसर हॉस्पिटल (स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट) के सामने निकलता है। गुरु तेग बहादुर अस्पताल (GTB) और कैंसर इंस्टिट्यूट में काम करने वाले डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन और अन्य कर्मचारी रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन अंधेरे के कारण कई लोग लंबा चक्कर लगाकर पॉकेट E में जाते हैं। महिलाओं को अंधेरे के कारण में इस रास्ते से जाने में काफी डर लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।



संस्कार आश्रम वाली गली में शाम को छा जाता है अंधेरा

## शास्त्री पार्क : जाम के कारण रॉन्ग साइड चल रहे



लोगों ने बताया कि इसके कारण लोहे के पुल तक लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है

■ NBT रिपोर्ट, शास्त्री पार्क

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को आदर्श

लोहे के पुल से सीलमपुर शाहदरा जाने वाली सड़क पर शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने भारी ट्रैफिक जाम का लोग सामना कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि गांधी नगर पुश्ता की तरफ से लोग गाड़ियों को लोहे के पुल के समीप बने अंदर पास से घुमाने की बजाए रॉन्ग साइड शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने बने तिराहे से निकाल रहे हैं।

लोगों ने बताया कि इस स्थिति के कारण लोहे के पुल तक लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप प्रीत विहार से जुड़े गोपाल चौहान ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की गैर मौजूदगी में रोज शाम को यही हाल रहता है। लोग घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे बेहाल होते रहते हैं। मामले की जानकारी ट्रैफिक पुलिस मुख्यालय में कंट्रोल रूम को वट्सऐप पर बतौर सबूत फोटो/विडियो के साथ भेजी गई है। शिकायत लगातार पहुंच रही है।

## अतिक्रमण से शकरपुर में लग रहा है जाम

■ NBT रिपोर्ट, शकरपुर : शकरपुर मेन मार्केट में दुकानदारों से लेकर सरकारी एजेंसियों तक ने फुटपाथ से लेकर सड़क तक भारी एंक्रोचमेंट कर रखा है।


NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को आदर्श

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप प्रीत विहार से जुड़े रमेश जोशी ने बताया कि शकरपुर मेन मार्केट में DDA डीडीए की अप्रूव्ड संशोधित लेआउट योजना के तहत मेन रोड 18 मीटर (59.06 फुट) की है। दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक के लिए रोड का रास्ता बामुश्किल 15 फुट ही रह गया है। कई जगह रोड 10 फुट से भी कम रह गई है। शकरपुर मेन मार्केट रोड के बीचोंबीच बिजली के 4 बड़े ट्रांसफॉर्मर, टेलीफोन के बॉक्स व खंभे, फुटपाथ पर बनी दीवारें आदि भी एंक्रोचमेंट को बढ़ा रहे हैं।

**अशोक विहार : फेंसिंग करने के लिए MCD से मांगी गई है NOC**

## स्ट्रे डॉग्स से बचाव के लिए पार्कों के गेटों पर फेंसिंग लगवाने की मांग

NBT रिपोर्ट, अशोक विहार



पार्क के अंदर आ जाते हैं कुत्ते, अक्सर करते हैं लोगों पर हमला

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को आदर्श

दिल्ली के ज्यादातर पार्क अब स्ट्रे डॉग्स (बेसहारा कुत्तों) के रैन बसेरे बन चुके हैं। चिल्ड्रन पार्क में हालात और भी ज्यादा गंभीर हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (AWBI) की नवंबर में जारी SOP के बावजूद म्युनिसिपल एजेंसियां कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं।

अशोक विहार की 45 RWA की फेडरेशन ने MCD के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा है कि पार्कों में स्ट्रे डॉग्स की मौजूदगी पब्लिक की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। फेडरेशन ने MCD से निवेदन किया है कि अगर विभाग के पास अभी व्यवस्था नहीं है तो पार्कों के गेटों पर फेंसिंग कर स्ट्रे डॉग्स को रोकने की जिम्मेदारी फेडरेशन खुद उठाने को तैयार है। इसके लिए MCD से NOC मांगी गई है। फेडरेशन के कोऑर्डिनेटर अनिल चिकारा ने बताया कि अशोक विहार के चिल्ड्रन पार्कों में स्ट्रे डॉग्स की संख्या बढ़ने से छोटे बच्चे और उनके पैरेंट्स खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे। NBT सुरक्षा कवच ग्रुप रूपनगर की सदस्य मंजू जिंदल ने बताया कि करीब एक दर्जन स्ट्रे डॉग्स यहां खुले घूमते हैं और अक्सर लोगों पर हमला कर देते हैं। कृष्णा नगर में लाल क्वार्टर के पास सबसे बड़े पार्क में भी लोग डर के साए में घूमते हैं। लोकल लोगों का कहना है कि MCD को कई बार शिकायत देने के बाद भी पार्कों में स्ट्रे डॉग्स की एंट्री रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।




## फटाफट खबरें

### बंगाल के मजदूर से आधार मांगा, मर्डर

■ भाषा, संबलपुर/कोलकाता : ओडिशा के संबलपुर जिले में छह लोगों ने कथित तौर पर पश्चिम बंगाल से आए प्रवासी मजदूरों से पहले 'बीड़ी' मांगी और फिर उनसे आधार कार्ड दिखाने को कहा, जिसके बाद उनमें से एक मजदूर की पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जुएल शेख (30) पश्चिम बंगाल के कुछ अन्य लोगों के साथ ऐंथापल्ली पुलिस थाना क्षेत्र के शांति नगर में एक इमारत के निर्माण स्थल पर काम कर रहा था। वे बुधवार रात काम से लौट रहे थे तो छह लोगों ने उन्हें रोककर बीड़ी मांगी। इस पर कहासुनी हुई और हाथापाई हो गई। जुएल की पिटाई की गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

### नांदेड़ में परिवार के चार लोग मृत मिले

■ भाषा, नांदेड़ : महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर एक किसान, उसकी पत्नी और उसके दो बेटों के शव मिले। संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे मुदखेड़ तहसील के ज्वाला मुरार गांव स्थित अपने घर में एक खाट पर रमेश सोनाजी लखे (51) और उनकी पत्नी राधाबाई लखे (45) के शव मिले। उनके बेटों उमेश (25) और बजरंग (23) के शव पास की रेलवे लाइन पर मिले। फरेंसिक टीम को सबूत इकट्ठा करने के लिए कहा है।

# ओडिशा में मारा गया गणेश टॉप-10 नक्सलियों में था

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : ओडिशा में गुरुवार सुबह नक्सलियों के टॉप-10 कमांडरों में शामिल गणेश उइके (69) अपने पांच अन्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इसे नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता माना जा रहा है।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सलियों के मारे जाने को अगले साल 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के IG सुंदरराज. पी ने NBT को बताया कि गुरुवार को हुई मुठभेड़ ओडिशा के कंधमाल-गंजाम क्षेत्र में हुई, जिसकी शुरुआत 24 दिसंबर से हुई। पहले बुधवार रात बेलघर थाना क्षेत्र के गुम्मा जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के एक महिला समेत दो माओवादी मारे गए। फिर गुरुवार सुबह चकापाद थाना क्षेत्र के एक जंगल में फिर से मुठभेड़ हुई, जहां गणेश उइके समेत चार अन्य माओवादी मारे गए। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन को ओडिशा पुलिस, सीआरपीएफ और बीएसएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर उड़ीसा के कंधमाल और गंजाम जिलों के सीमावर्ती वन क्षेत्रों में अंजाम दिया।


File

सरकार लगातार नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने की अपील करती रही है।



> ओडिशा में कंधमाल के जंगलों में चलाये गये एक व्यापक अभियान में माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सली का मारा जाना बड़ी सफलता है। इसके साथ ही ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त होने की कगार पर है। *–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री*

### कौन था गणेश उइके?

मुठभेड़ में मारा गया गणेश उइके प्रतिबंधित CPI (माओवादी) संगठन की सेंट्रल कमिटी सदस्य (CCM) और ओडिशा स्टेट कमिटी का चीफ था। गणेश उइके को रूपा उर्फ राजेश तिवारी उर्फ पक्का हनुमंतु उर्फ सोमारू जैसे कई उपनामों से भी जाना जाता था। वह तेलंगाना राज्य के नलगोंडा जिले के चेंदुर मंडल स्थित पुल्लेमला गांव में पैदा हुआ था। वह 1988 से दंडकारण्य क्षेत्र में माओवादी संगठन का एक वरिष्ठ सक्रिय कैडर था। जिसने जगदलपुर में सिटी ऑर्गनाइजर (1988-1998), वेस्ट बस्तर डिवीजनल कमिटी के सचिव (1998-2006) और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य (2006 के पश्चात) के रूप में कार्य किया।

SWAMIH-2 फंड को सरकार दे रही अंतिम रूप

# अटके प्रोजेक्टों में एक लाख घर बनाए जाएंगे

■ पीटीआई, नई दिल्ली


AI image

घर खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। सरकार SWAMIH-2 फंड की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है। इसके तहत अटकी परियोजनाओं में एक लाख घर तैयार किए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण की फंडिंग उपलब्ध कराने की कवायद तेज है। 15,000 करोड़ रुपये के इस फंड के शुरू होने से लगभग एक लाख मध्यम वर्गीय घर खरीदारों को राहत मिलेगी, जिनका निवेश फंसा हुआ है, जबकि वे अपने अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋण की ईएमआई का भुगतान कर रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए सरकार ने बजट 2025-26 में 'स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड-इनकम हाउसिंग' (SWAMIH) फंड के लिए 1,500 करोड़ की सीड कैपिटल पहले ही आवंटित कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि नए फंड के लिए जनादेश (मैंडेट) को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। यह फंड व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को लास्ट-माइल फंडिंग उपलब्ध कराएगा और अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं में निवेश को अनलॉक करेगा। नवंबर 2019 में केंद्र सरकार ने देशभर में अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए SWAMIH नामक एक स्ट्रेस फंड की घोषणा की थी। इसके तहत एक वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के रूप में 'स्पेशल विंडो' बनाई गई थी।

> 2019 में केंद्र सरकार ने SWAMIH फंड की घोषणा की थी।

**SWAMIH फंड-1 : अगले 3-4 वर्षों में 30 हजार और घरों को सौंपने का लक्ष्य**

- SWAMIH फंड-1 के तहत, संकटग्रस्त आवासीय परियोजनाओं में 55,000 से अधिक आवास इकाइयों का निर्माण पूरा किया जा चुका है।
- अगले 3-4 वर्षों में 30,000 और घरों को सौंपने का लक्ष्य है।
- वर्तमान में इस फंड के पास लगभग 30 निवेश पेशेवर हैं, जिनका औसत उद्योग अनुभव 15 वर्षों का है।
- SWAMIH फंड-1 के तहत अब तक 15,530 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं।

### हरदोई में बस और ट्रक की टक्कर, 9 लोग हुए घायल

■ भाषा, हरदोई : यूपी के हरदोई जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के कोहरे के बीच रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में बस चालक और परिचालक समेत नौ यात्री घायल हो गए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है। हरपालपुर के सीओ सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली से आ रही रोडवेज बस कोहरे के कारण कटरा-बिल्हौर राजमार्ग पर लमकन गांव के पास ट्रक से टकरा गई। घायलों को हरपालपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारू कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

> घायल पांच लोगों की हालत गंभीर है।

# कर्नाटक हादसे में बस ड्राइवर का दावा, ट्रक डिवाइडर पार कर सामने से टकराया

■ भाषा, चित्रदुर्ग/बेंगलुरु


TOI

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार रात हुए सड़क हादसे में छह लोग मारे गए।

**कर्नाटक के** चित्रदुर्ग जिले में बुधवार देर रात एक ट्रक के बस से टकराने की घटना के संबंध में बस चालक ने बताया कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक को देखकर उसने अपने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। इस हादसे में छह लोग मारे गए। बस चालक रफीक घायल हो गया, जिसका इलाज किया जा रहा है।

इस दुर्घटना में घायल बस ड्राइवर रफीक ने बताया कि ट्रक डिवाइडर को पार कर सामने से आ रही बस से टकरा गया। ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी। उस समय बस 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। रफीक का दावा है कि उसने सामने से वाहन को आते देखा। उसे केवल इतना याद है कि ट्रक बस से टकराया, उसके बाद क्या हुआ और वह कैसे बाहर निकाला गया, यह याद नहीं है।

रफीक ने कहा कि सामने से वाहन को आते देख बस को नियंत्रित करने की कोशिश की। बस बगल से जा रहे एक अन्य वाहन से भी छू गई थी। उसे नहीं पता वह कौन सा वाहन था, लेकिन वह बस को नियंत्रित नहीं कर सका।'

वहीं, बस के कंडक्टर मोहम्मद सादिक को हादसे में मामूली चोट आई है और उनका भी इलाज किया जा रहा है। सादिक ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बस से बाहर जा गिरे। सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मारी। वह बस के अगले हिस्से में था। हादसे के समय सो रहा था। टक्कर के कारण बस का शीशा टूट गया और वह बाहर जा गिरा। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दुर्घटना की उचित जांच कराने का आश्वासन दिया।

> मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की गई है।

# जयपुर में बर्थडे पार्टी, मैनेजर से कार में गैंगरेप, CEO भी आरोपी

■ NBT रिपोर्ट


AI image

**जयपुर की** एक आईटी कंपनी की महिला मैनेजर ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीईओ और एक एग्जीक्यूटिव हेड के पति ने चलती कार में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के समय महिला एग्जीक्यूटिव हेड खुद भी मौजूद थी। पुलिस के अनुसार, यह वारदात 20 दिसंबर को सीईओ के जन्मदिन के जश्न के दौरान हुआ। पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

TOI के मुताबिक, यह घटना कथित तौर पर 20 दिसंबर को जयपुर के सुभाष चौक इलाके में कंपनी के सीईओ के जन्मदिन के अवसर पर हुई। पीड़िता, जो एक निजी आईटी कंपनी में मैनेजर है, शोभागपुरा स्थित एक होटल में रात 9 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित जन्मदिन और नए साल की पार्टी में शामिल हुई, जहां भारी मात्रा में शराब पी गई। बताया जा रहा है कि पार्टी समाप्त होने के बाद पीड़िता नशे की हालत में लगभग बेहोश हो गई। आरोप है कि सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसके पति ने पीड़िता को घर छोड़ने की पेशकश की। घर ले जाने के बजाय वे एक स्थानीय दुकान पर रुके और उसे सिगरेट जैसी दिखने वाली कोई चीज जबरन सेवन कराने को कहा, जिससे वह बेहोश हो गई। आंशिक होश आने पर पीड़िता ने आरोप लगाया कि सीईओ ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जबकि एग्जीक्यूटिव हेड के पति ने वाहन के भीतर उससे रेप किया।

- IT कंपनी के सीईओ, एग्जीक्यूटिव हेड और उसके पति पर आरोप।
- FIR दर्ज, पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

**फुटेज में दिखी घटना**

पीड़ित महिला का कहना है कि घर ले जाने की गुहार के बावजूद उसे कथित तौर पर सुबह करीब 5 बजे छोड़ा गया। बाद में पीड़िता ने कार के डैशकैम की फुटेज देखी, जिसमें कथित अपराध रिकॉर्ड था और 23 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला एग्जीक्यूटिव हेड समेत तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है और सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच महिला अपराध इकाई की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधुरी वर्मा कर रही हैं। मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### अंकिता हत्याकांड में ऑडियो से सियासत

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड की राजनीति में अंकिता भंडारी हत्याकांड केस से जुड़ी कंट्रोवर्सी बीजेपी को असहज करती नजर आ रही है। हरिद्वार जिले के बीजेपी से विधायक रहे सुरेश राठौर की पत्नी उर्मिला सनावर ने सुरेश राठौर का एक ऑडियो सार्वजनिक क्या किया, पूरे प्रदेश में सियासत गर्म हो गई।

उर्मिला का कहना है कि ये उनकी और सुरेश राठौर की बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग है, जिसमें उन्होंने अंकिता हत्याकांड को लेकर बड़ा खुलासा किया था।

उर्मिला सनावर ने ऑडियो जारी करते हुए कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में बार-बार जिस वीआईपी का नाम सामने आ रहा है, वो बीजेपी का एक बड़ा नेता है। वहीं, इस मामले में सोशल मीडिया के जरिए बीजेपी के नेता दुष्यंत गौतम की छवि खराब करने के आरोप में शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। (एजेंसी इनपुट)

> अंकिता भंडारी हत्याकांड में दावा है कि इसमें BJP का बड़ा नेता शामिल है।

# शिमला में मरीज़ से मारपीट में डॉक्टर नौकरी से बाहर

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC) में मरीज के साथ हाथापाई के आरोपी डॉक्टर की सेवा बुधवार को समाप्त कर दी। अशोभनीय आचरण में लिप्त पाए जाने के बाद डॉक्टर के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

यह घटना सोमवार को हुई थी, जिसकी जांच के लिए गठित एक समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में दोनों पक्षों शिमला में एक निजी अकादमी में पढ़ाने वाले मरीज अर्जुन सिंह और वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर राघव नरूला को दोषी पाया गया। चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशक द्वारा बुधवार शाम जारी आदेश में कहा गया है कि मरीज और वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर दोनों इस घटना के लिए जिम्मेदार थे, जो कदाचार, दुर्व्यवहार, एक लोक सेवक के लिए अशोभनीय कार्य और रेजिडेंट डॉक्टर नीति-2025 का उल्लंघन है। आदेश में कहा गया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर, डॉ. राघव नरूला की सेवाएं रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी-2025 के खंड 9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

> शिमला के अस्पताल की घटना का विडियो हुआ था वायरल।


आरोपी डॉ. राघव नरूला

**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई-आक्शन सूचना

सं0– सी/54/डब्लयूवीएम/ई-आक्शन — दिनांक 24.12.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से वाटर वेंडिंग मशीन ठेकों के आवंटन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है–

| श्रेणी | कैटलॉग सं0 | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| डब्लयू वी एम | C-54-WVM-25-08 | 07.01.26/12:00:00 | 07.01.26/13:20:00 |

| क्रम सं0 | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | लोकेशन(प्लेटफार्म सं0) दोनों छोर की ओर | वाटर वेंडिंग मशीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पीलीभीत | PBE | B | 02/03 | 02 |
| 02 | रूद्रपुर सिटी | RUPC | B | 01 | 02 |
| 03 | हल्द्वानी | HDW | B | 01 | 02 |
| 04 | बरेली सिटी | BC | B | 02/03 | 02 |
| 05 | लालकुआँ | LKU | B | 04/05 | 02 |
| 06 | काशीपुर | KPV | B | 02/03 | 02 |

1. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 2. उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। 5. सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाहि/वाणिज्य–211 — सहायक वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


### 10वीं मंज़िल से गिरे, 8वीं पर एक घंटे लटके रहे

■ भाषा, सूरत : गुजरात के सूरत में गुरुवार को एक व्यक्ति 10वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट में खिड़की के पास सो रहे थे, तभी नीचे गिर गए। वे आठवीं मंजिल की खिड़की के बाहर लगी मेटल की ग्रिल में फंस गए, जिसके बाद उन्हें बचा लिया गया।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नितिन आदिया (57) एक घंटे तक दर्द से कराहते हुए उल्टा लटके रहे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घटना के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

> सूरत की घटना, बुजुर्ग को बचा लिया गया।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA08 User: cci Time: 12-25-2025 22:33 Color:



2025



## पिकलबॉल बना नया 'गोल्ड रश'

*दिल्ली में पिकलबॉल अब एक नया 'गोल्ड रश' बन चुका है, जहां छतें, स्कूल के मैदान और फार्महाउस पिकलबॉल कोर्ट में बदल रहे हैं। कोर्ट चलाने वाले बताते हैं कि प्रति घंटे रेट लगभग ₹600–₹1,100 है, और उपकरण सहार पर प्रति घंटे लगभग ₹50 में भी किराए पर मिल जाते हैं।*



## ट्रैविस स्कॉट बना गए रेकॉर्ड

*हाल ही में आपका इंस्टाग्राम फीड भी दिल्ली में हुए Travis Scott के कॉन्सर्ट टिकटों की सेलेब पोस्ट से भरा रहा होगा। JLN स्टेडियम में हुए उनके दो कॉन्सर्ट्स ने राजधानी में किसी एक कलाकार के सबसे ज्यादा दर्शकों का रिकॉर्ड बनाया। यहां 1.25 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे।*

## परिवार के साथ स्टेडियम का मजा

*दिल्ली NCR में प्राइवेट खेल मैदानों की संख्या काफी बढ़ रही है क्योंकि लोग अब खुद को खेलने और फिटनेस के लिए बेहतर सुविधाएं तलाश रहे हैं। अब रूफटॉप, खाली प्लॉट और फार्मलैंड पर प्लेग्राउंड बन गए हैं। लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल खेलने के लिए इन्हें बुक कर रहे हैं।*


GOODBYE 2025 • WELCOME 2026 • GOODBYE 2025 • WELCOME 2026 • GOODBYE 2025 • WELCOME 2026 • GOODBYE 2025 • WELCOME 2026

**कॉन्सर्ट, खेल और फिटनेस**

*इस साल दिल्लीवालों ने वीकेंड पर 'स्क्रीन' को छोड़कर 'Real life' को चुना। कई फेमस कलाकारों के कॉन्सर्ट्स, ओपन माइक कल्चर, पिकलबॉल और फूड फेस्टिवल्स जैसी फन एक्टिविटीज के अलावा दिल्लीवालों ने और किस तरह मनाया अपना वीकेंड? जानने के लिए पढ़िए सुनील डोगरा और अभिषेक गौतम की यह रिपोर्ट...*

# 2025 में दिल्ली का नया वीकेंड कल्चर...

कभी वीकेंड का मतलब मोबाइल स्क्रॉल करना, ओटीटी बिंज-वॉचिंग और घर के भीतर सीमित रहना था। लेकिन 2025 में दिल्ली ने इस आदत को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया। राजधानी के लोगों ने इस साल एक साफ संदेश दिया। महामारी के बाद लंबे समय तक लोग घरों के भीतर सीमित रहे। लेकिन 2025 में तस्वीर पूरी तरह बदली। दिल्ली वाले अब मनोरंजन को केवल देखने या सुनने की चीज नहीं मानते, बल्कि इसे खुद अनुभव करने की दिशा में आगे बढ़ते दिखाई दिए। आलम यह है कि लोग अब खेल के मैदान में जाकर वीकेंड इंजॉय करते हैं। इसके अलावा लोगों का दावा है कि इस साल दिल्ली में 30 से अधिक बड़े सांस्कृतिक, संगीत और खेल आयोजन हुए, जिनमें लाखों लोगों ने भाग लिया। यही वजह है कि दिल्ली अब धीरे-धीरे भारत की क्रिएटिव और स्पोर्ट्स कैपिटल बनकर उभर रही है।




## पूरे साल दिल्ली ने कॉन्सर्ट्स का लिया मजा

■ 2025 में दिल्ली का म्यूजिक सीन अपने चरम पर पहुंचा। लाइव कॉन्सर्ट्स को लेकर लोगों का उत्साह कमाल रहा। इंटरनैशनल कलाकारों से लेकर इंडियन सितारों तक। हर बड़े शो में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ देखने को मिली। हालांकि, इस दौरान लोगों को सड़क पर जाम से भी जूझना पड़ा। बड़े टिकट वाले कॉन्सर्ट्स के साथ-साथ फ्री और ओपन-एयर म्यूजिक इवेंट्स भी दिल्ली में खूब देखने को मिले।

**60** *हजार से ज्यादा दर्शकों की क्षमता वाले JLN स्टेडियम में हुए कई मेगा-कॉन्सर्ट्स।*

## CP, मजनू का टीला में बढ़ा ओपन माइक का कॉन्सेप्ट

■ 2025 में दिल्ली के मनोरंजन की दुनिया में सिर्फ बड़े कॉन्सर्ट ही नहीं छाए रहे, बल्कि छोटे स्तर के कार्यक्रमों और लोकल टैलेंट को भी भरपूर मंच मिला। स्टैंडअप कॉमेडी, ओपन माइक, कविता पाठ और संगीत प्रस्तुतियों ने कैफे, सामुदायिक केंद्रों और छोटे ऑडिटोरियम में नई जान फूंकी। इस ट्रेंड की खास बात यह रही कि दर्शक और कलाकार के बीच दूरी लगभग खत्म हो गई। कनॉट प्लेस, हौज खास, ग्रीन पार्क, मजनू का टीला समेत कई ऐसी जगह हैं, जहां क्लब और पब में ओपन माइक का कॉन्सेप्ट तेजी से बढ़ गया है।

**30** *से अधिक सालाना मेगा-इवेंट्स से दिल्ली 'क्रिएटिव कैपिटल' और एक्टिव 'कम्युनिटी हैंगआउट जोन' में हुई ट्रांसफॉर्म।*

## अब दोस्तों के साथ थिएटर ही नहीं, स्टेडियम भी बुक करते हैं

■ 2025 में दिल्ली में फिटनेस का अर्थ पूरी तरह बदल गया। अब फिटनेस सिर्फ जिम या पर्सनल एक्सरसाइज तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक सामूहिक और सोशल एक्टिविटी बन गई। सुबह-सुबह पार्कों में रनिंग क्लब, वॉकिंग ग्रुप और साइकलिंग ग्रुप्स आम बन गए। पंचशील एंक्लेव के रहने वाले नितिन भाटिया बताते हैं कि फिटनेस को लेकर खुद उनके घर में बड़ा बदलाव देखने को मिला। वह बताते हैं कि पहले वह वीकेंड पर घर ही रहते थे या फिर फिल्में देखकर इंजॉय करते थे, लेकिन अब उनके कुछ दोस्त मिलकर हर वीकेंड पर नोएडा में एक स्टेडियम बुक करते हैं, जहां मैच खेलने के साथ ही दोस्तों के साथ मस्ती भी करते हैं। कई बार मैच दिन में भी होता है तो कई बार रात में।

## इंडिया गेट पर सुबह-सुबह दिखते साइकलिंग ग्रुप्स

■ 2025 में आउटडोर एक्टिविटीज की तरफ भी दिल्लीवासियों का रुझान बढ़ा। साइकलिंग ग्रुप सुबह-सुबह शहर की प्रमुख सड़कों और आसपास के मार्गों पर एक्टिव दिखाई दिए। यह एक्टिविटी फिटनेस, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक अनुभव—तीनों को जोड़ती है। अगर आपको साइकलिंग देखनी है तो आप सुबह छह बजे इंडिया गेट के आसपास का नजारा देखिए, ग्रुप में लोग साइकलिंग करते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा, वीकेंड पर छोटी ट्रेकिंग यात्राएं और नेचर ट्रिप्स भी लोकप्रिय हुईं। कई आउटडोर ग्रुप नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहे, जिससे शहर के लोगों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर मिला।

## यंगस्टर्स के फेवरेट बने ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग

**50** *करोड़ भारतीय गेमर्स के बढ़ते आधार के बीच ई-स्पोर्ट्स एक 'प्रोफेशनल करियर विकल्प' के रूप में चमका।*

■ 2025 में ई-स्पोर्ट्स दिल्ली के युवाओं की सबसे तेजी से बढ़ती रुचियों में शामिल रहा। ऑनलाइन गेमिंग अब सिर्फ समय बिताने का जरिया नहीं रही, बल्कि अब यह एक करियर विकल्प है। BGMI जैसे खेलों पर आधारित टूर्नामेंट्स में दिल्ली की भागीदारी उल्लेखनीय रही। गेमिंग कैफे और वीआर जोन 2025 में लगभग हर वीकेंड भरे रहे।

## 'नाइट फुटबॉल' और पिकलबॉल का दिखा क्रेज

■ 2025 में दिल्ली में कुछ नए और आसान खेल तेजी से लोकप्रिय हुए। इनमें पिकलबॉल जैसे रैकेट खेल प्रमुख रहे। दिल्ली के कई खेल परिसरों और पार्कों में पिकलबॉल कोर्ट्स तेजी से बढ़े। सफदरजंग एन्क्लेव के रहने वाले लक्ष्य रेधाया बताते हैं कि रात में फुटबॉल खेलने का कॉन्सेप्ट मुंबई में ज्यादा है। लेकिन इस साल दिल्ली में यह तेजी से बढ़ता दिखा।

**200%** *की दर से लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहे पिकलबॉल जैसे खेल।*

## फूड फेस्टिवल में सिर्फ खाना नहीं, एंटरटेनमेंट भी

■ 2025 में दिल्ली का फूड सीन भी बदला। स्ट्रीट फूड और फूड फेस्टिवल अब सिर्फ खाने की जगह नहीं रहे, बल्कि पूरे परिवार और दोस्तों के लिए वीकेंड हैंगआउट स्पेस बन गए। खाने के साथ संगीत, लाइव कुकिंग और छोटी परफॉर्मेंस ने इन आयोजनों को मनोरंजन का रूप दे दिया। लोग यहां सिर्फ स्वाद के लिए नहीं, बल्कि माहौल और अनुभव के लिए आने लगे। खासकर लोग पुरानी दिल्ली के मशहूर व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए दूर दराज से आते हैं। साथ ही अब दिल्ली में कई तरह के फूड फेस्टिवल के आयोजन से लोगों में उत्साह बढ़ रहा है। लोग वहां पहुंचकर हर राज्य के व्यंजनों का स्वाद चखते हैं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
तकनीकी
मुद्रण

कंप्यूटर / प्रिंट डिज़ाइनिंग का काम सीखें और साथ में 10 से 12000 तक कमाएं फ्रेशर, 10वीं पास अप्लाई कर सकते हैं जो इंटरेस्टेड हैं फोन # 8294782179 करकरडूमा कोर्ट मेट्रो के पास दिल्ली

रिक्त पद

चाट ठाकुर और फूल ठाकुर काम के लिए कुछ लोगों की जरूरत है। दिल्ली वाले संपर्क करें : 9814612220

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज
(सार्वजनिक उद्यमों का एक शीर्ष निकाय)
स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
फोन: 011-24368208
"ई-निविदा सूचना"
स्कोप कॉम्प्लैक्स के घटकों की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए एसआईटी में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र प्रतिष्ठित, विशेषज्ञ ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
F&A डिवीजन का रेनोवेशन।
आउटर फायर हाइड्रेंट रिंग मेन और वॉटर सप्लाई लाइन को बदलना।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया SCOPE की वेबसाइट www.scopeonline.in और https://scope.ewizard.in पर जाएं या ऊपर बताए गए पते पर संपर्क करें। ई-टेंडरिंग सहायता के लिए:- 9355030607, 9355030630.
सभी इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि आगे किसी भी नवीनतम जानकारी जैसे तिथियों में संशोधन (यदि कोई हो) आदि के लिए नियमित आधार पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
समूह महाप्रबंधक
(टैक. एवं एफआर)

TENDER FOR SITC OF AIO DESKTOP AND WORKSTATION AT INDIA HABITAT CENTRE
Sealed bids are invited for SITC of AiO Desktops & Workstations at India Habitat Centre. Details are available on our website. https://indiahabitat.org/Tenders

इंडिया एक्ज़िम बैंक
प्रस्ताव हेतु अनुरोध
भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा परामर्शदाताओं की सेवाएं लेने के लिए पात्र भारतीय संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित हैं।
प्रयोजन: खरीद प्रबंधन सहायता सेवाओं हेतु
विवरण: https://gem.gov.in पर उपलब्ध है।
बिड संख्या: GEM/2025/B/7041091
आगामी सभी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जेम पोर्टल पर सूचित किए जाएंगे।

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, MANOJ KUMAR SHARMA / MANOJ SHARMA SHARMA S/O Late Sh. Deen Dayal Sharma R/o Plot No. 6/21, 3rd Floor, Ocean Views, Sec-2 Block -6, Rajender Nagar Sahibabad, Ghaziabad,U.P-201005 have changed my name from MANOJ KUMAR SHARMA / MANOJ SHARMA SHARMA to MANOJ SHARMA henceforth I would be known by the name of MANOJ SHARMA for all future purposes.

BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

I, Jyoti Rani Singh W/o Randheer Kumar Singh R/o 876, Tower Ferrera, Mahagun Moderne, Sector-78, Noida, Gautam Buddha Nagar, UP-201301 Have Changed my name To Jyoti Rani

I, Sandeep Kumar S/o Bishan chand R/o WZ-646/2/3, Fateh nagar village, janakpuri, Del-58 have changed the name of my son Parth Kumar to Parth chaudhary for all purposes.

I, Priyanka Rakesh Mate W/o Rakesh Mate R/o B-66, First Floor, Triveni Apartment, SFS Flats, Sheikh Sarai, Phase-1, New Delhi-110017, have changed my name from Priyanka Hemraj Gaurkar to Priyanka Rakesh Mate for all future purposes.

I, Atharav Singh S/o Randheer Kumar Singh R/o 876, Tower Ferrera, Mahagun Moderne, Sector-78, Noida, Gautam Buddha Nagar, UP-201301 Have Changed my name To Atharva Singh

मैं, राकेश रंजन, पता - ए-80, गली नंबर 9, चंदर विहार, मंडावली फाजलपुर, दिल्ली-92 ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम ईशान्वी से बदलकर ईशान्वी रंजन कर दिया है।

TO BOOK YOUR EDUCATION ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

GALLERIA TIMES interact

GEM MINES®
98108-00550
Book Now - Free Horoscope Free Consultation
Yellow Sapphire पुखराज | Emerald पन्ना | Ruby माणिक | Blue Sapphire नीलम
Coral मूंगा | Pearl मोती | Hessonite गोमेद | CVD, Zircon & Diamonds
Rudraksha रुद्राक्ष | Rudraksha Mala रुद्राक्ष माला | Bracelet ब्रेसलेट | Crystals क्रिस्टल
Acharya Ji Available From: 12 to 6PM
Only in Office (By Prior Appointment)
0% EMI
KAROL BAGH (Monday Closed) 2547/7, 2nd Floor, Beadonpura (Gurudwara Road) Karol Bagh, Delhi-5. 98108-00550
GURGAON (Wednesday Closed) UGF- 25, JMD Regent Arcade Mall, Sector 28, Gurugram, Haryana. 93555-04878
For Free Consultation Call For Appointment
करोल बाग : 98108-00550 (Tue, Fri, Sat & Sun)
गुड़गांव : 93555-04878 (Sun & Mon)

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | RECRUITMENT, EDUCATION | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹123000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

SEX PROBLEMS
•HORMONAL IMBALANCE •EARLY DISCHARGE •ERECTILE-DYSFUNCTION •SPERMS PROBLEM •UROGENITAL INFECTIONS •WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
Helpline: 9810119422

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज (अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन खयाला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद? मिलें-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
मेट्रो पोल नं.671, उत्तमनगर, दिल्ली-59
9810-272-172

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुंडकावाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

11 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली।
शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

# NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कान थकान में दे आराम!**
मुस्कुराने से आपकी सहनशक्ति बढ़ती है। वर्कआउट या दौड़ते समय मुस्कुराने से थकान कम महसूस होती है और स्टेमिना बढ़ता है।

## विचार


महान कार्य करने का एकमात्र तरीका यह है कि आप जो करते है उससे प्यार करें। जब जुनून मेहनत से मिलता है, तब साधारण प्रयास भी असाधारण सफलता में बदल जाते है।

– स्टीव जॉब्स (Steve Jobs)

## ज़रा हंस लें

डॉक्टर ने मरीज को अच्छी सेहत के लिए रोजाना 10 किलोमीटर चलने को कहा...
1 साल बाद मरीज का फोन आया, 'हैलो डॉ. साहब अफगानिस्तान चला गया हूं... अब यहीं पर रुक जाऊं या आगे रूस चला जाऊं'

## कविता




### उम्मीद की धूप

जब थक जाएं कदम
और रास्ते चुप हो जाएं,
तब अपने भीतर झांकना
वहीं उजाले मिल जाएं।
हर रात के बाद सवेरा
ये नियम पुराना है,
टूटे सपनों से ही अक्सर
नया आसमान बनाना है।
हार नहीं, ये ठहराव है
खुद को समझने का मौका,
जो गिरकर फिर उठता है
वही लिखता है अपना धोखा।
मुस्कान रख हथेली पर
डर को दूर भगा देना,
खुद पर विश्वास रख कर
किस्मत को भी झुका देना।
तू कमजोर नहीं है
बस याद दिलाना था,
तेरे भीतर जो आग है
उसे फिर से जलाना था।

– संदीप कुमार, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## दुनिया की बड़ी कंपनियों में भारतीय मूल के CFO

# 'तिजोरियां' भारतीयों के भरोसे

Asmita Dey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** Unilever, Levi's और टेस्ला जैसी बड़ी कंपनियों में एक चीज सामान्य है – इनके चीफ फाइनेंशल ऑफिसर (CFO) भारतीय मूल के हैं। स्टैंटन चेज की एक स्टडी में सामने आया कि ऐपल, क्वालकॉम, एचएसबीसी और मास्टरकार्ड सहित एक दर्जन से ज्यादा बड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में भारतीय CFO काम कर रहे हैं।

2013 से 2025 के बीच 20 CFO नियुक्तियों का विश्लेषण किया गया। इनमें से सात CFO संगठन के अंदर से प्रमोशन पाकर इस पद तक पहुंचे। यह दिखाता है कि भारतीय प्रोफेशनल्स को लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की सख्त शिक्षा प्रणाली और जटिल बाजार का अनुभव भारतीय CFO को ग्लोबल भूमिका के लिए सक्षम बनाता है।

अब CFO की जिम्मेदारी सिर्फ रिपोर्टिंग या संपत्ति सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि रणनीतिक फैसले लेना भी शामिल है। एचएसबीसी की CFO पाम कौर पंजाब यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं। टेस्ला के वैभव तनेजा और नेटईज एयरोस्पेस के राहुल घई ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की, जबकि मास्टरकार्ड के सचिन मेहरा ने मुंबई यूनिवर्सिटी से बीकॉम किया है।



### वैभव तनेजा
**TESLA**
भारतीय मूल के वैभव तनेजा 2023 से टेस्ला के सीएफओ (CFO) हैं और एलन मस्क की टीम के बेहद अहम सदस्य माने जाते हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है।



### हरमीत सिंह
**LEVI STRAUSS & CO.**
हरमीत सिंह दुनिया की मशहूर जींस निर्माता कंपनी लेवीज स्ट्रॉस एंड कंपनी (LEVI'S) के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। उन्होंने कंपनी के ग्लोबल विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### केवन पारेख
**APPLE**
पारेख जनवरी 2025 से ऐपल के सीएफओ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐपल में फाइनेंशियल प्लानिंग में अपनी काबिलियत साबित करने के बाद उन्हें यह बड़ा पद सौंपा गया है।



### पाम कौर
**HSBC**
पाम कौर ने इतिहास रचते हुए बैंकिंग दिग्गज एचएसबीसी (HSBC) की पहली महिला ग्रुप सीएफओ बनने का गौरव हासिल किया है। वे पंजाब यूनिवर्सिटी की छात्रा रही हैं।



### श्रीनिवास फाटक
**UNILEVER**
फाटक इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। एफएमसीजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी यूनिलीवर में अहम वित्तीय जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



### सचिन मेहरा
**MASTERCARD**
सचिन मेहरा पेमेंट सॉल्यूशंस कंपनी मास्टरकार्ड के सीएफओ हैं और कंपनी की ग्लोबल फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी को लीड करते हैं। डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को बढ़ाने में उनका बड़ा योगदान है।


**भारतीय बाजार में फाइनेंस लीडर्स सिर्फ नियमों का पालन नहीं करते, बल्कि उतार-चढ़ाव, अलग-अलग नियमों और कीमत को लेकर संवेदनशील ग्राहकों के बीच काम करते हैं। इससे सीमित संसाधनों में भी तेज विकास हासिल करने की क्षमता विकसित होती है।** – *नरेश वैंकट, CFO, Randstad India*

**भारतीय मूल के CFO अनुशासन, विनम्रता और निर्णायक सोच के बीच संतुलन बना पाते हैं। यही वजह है कि वे अलग-अलग देशों के बोर्डरूम में प्रभावी साबित होते हैं।** – *मालव धावला, एमडी (इंडिया और सिंगापुर), Stanton Chase*

स्टडी में शामिल 17 कंपनियों के ज्यादातर मौजूदा CFO ने अपनी उच्च शिक्षा भारत से ही ली है।

## महिला गार्ड्स का ड्यूटी संग पढ़ाई का जुनून, टाइगर रिज़र्व में मिला घर सा सुकून

■ राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अलवर



फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी RAS एग्जाम की तैयारी कर रही हैं


सरिस्का टाइगर रिजर्व की फॉरेस्ट आउटपोस्ट में तैनात सरोज कुमारी खोरवाल अर्थशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने RAS-2022 की मुख्य परीक्षा दी थी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गई। उनके पिता की 2021 में कोरोना से मौत हो गई थी। परिवार में 5 बहनें और 2 छोटे भाई हैं, और उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी अब सरोज पर ही है। सरोज का कहना है कि अगर वह RAS अधिकारी बनती हैं तो इस जिम्मेदारी को और बेहतर निभा सकेंगी।




दूसरी महिला कर्मचारी रवीना मीणा के पास एमए और बीएड की डिग्री है। उनका सपना दिल्ली में टीचर बनने का है। इसके लिए वह दिन-रात एग्जाम की तैयारी में जुटी हैं। सरोज और रवीना दोनों की पोस्टिंग 2023 में सरिस्का में हुई थी। शुरुआत में उन्हें चौकियों में रहने में काफी मुश्किल हुई। छतों से पानी टपकता था, बाथरूम की हालत खराब थी और जंगल में रहना डराने वाला अनुभव था। समय के साथ बाघों से डर पर काबू पाया और निगरानी करना सीख लिया, पर खराब हालात से जूझना जारी रहा। अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।

चौकियों की मरम्मत के बाद उन्हें घर जैसा माहौल मिला है। छतें ठीक की गई हैं, कमरों में टाइल्स लगी हैं, चारदीवारी की गई है। सोलर लाइट से बिजली, नल का पानी और किचन की सुविधा उपलब्ध है। अलग बाथरूम और टॉयलेट भी बनाए गए हैं।

सरिस्का प्रशासन ने पिछले साल 22 और इस साल 37 चौकियों की मरम्मत की है। सभी चौकियों में 24 घंटे पानी और सोलर बिजली की सुविधा है। 59 चौकियों की मरम्मत से वनकर्मी अब आरामदायक माहौल में ड्यूटी कर सकते हैं। DFO अभिमन्यु सहारण ने बताया कि इसके लिए सरकार ने विशेष फंड मंजूर किया था।



## कुदरत और साइंस का संगम बेमिसाल

वाराणसी के BHU में पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर फूलों की प्रदर्शनी में सजा यह 'रॉकेट' देश की ऊंची उड़ान का जश्न मना रहा है। हजारों फूलों की महक और ISRO के गर्व को समेटे यह एग्जिबिशन हर किसी को सेल्फी लेने के लिए खींच रहा है।

# गुरु के लिए शिष्यों का महादान, ब्लड-किताबों से तौल बढ़ाया मान

Sangamesh.Menasinakai
@timesofindia.com

■ **हावेरी:** हावेरी जिले के अक्की आलूर में शनिवार को एक खास और अलग तरह का सम्मान देखने को मिला। यहां 40 साल तक पढ़ाने वाले इंग्लिश टीचर पी.आर. माथ (80) का तुलाभार खून और किताबों से किया गया। आम तौर पर तुलाभार में किसी व्यक्ति को चावल या गुड़ से तौला जाता है। इस मौके पर 108 पूर्व स्टूडेंट्स ने टीचर के वजन के बराबर 108 यूनिट ब्लड डोनेट किया। साथ ही, उनके वजन के बराबर 47 किलो किताबें भी दी गईं।



पी.आर. माथ






पी.आर. माथ ने अक्की आलूर के नर सिंह राव देसाई हाई स्कूल और सिद्धपुर सिद्धय्या पीयू कॉलेज में पढ़ाया है। उन्होंने आध्यात्मिक और कल्चरल एक्टिविटीज के लिए कई क्लब भी बनाए थे। 80 साल पूरे होने पर माथ ने अपने छात्रों से कहा था कि वे उन्हें कोई तोहफा न दें। इसके बाद छात्रों ने सोचा कि वे उनके वजन के बराबर किताबें डोनेट करेंगे। इसी दौरान 'स्नेह मैत्री ब्लड आर्मी'-जिसने अक्की आलूर को ब्लड डोनर्स का गांव बना दिया है, ने सम्मान के तौर पर ब्लड डोनेशन का आइडिया दिया। यह जानकारी श्री दुंढी बसवेश्वर जनमद कला संघ ने दी। इस प्रोग्राम में 2,000 से ज्यादा पुराने स्टूडेंट्स शामिल हुए। डिस्ट्रिक्ट ब्लड बैंक और डॉ. बसवराज तलावर ने कहा कि किसी टीचर के सम्मान में ऐसा कैंप इस इलाके में पहली बार हुआ है।

### ब्लड डोनेशन का लिया संकल्प

मोटिवेशनल स्पीकर महेश मसाल ने कहा कि यह प्रोग्राम दिल को छू लेने वाला था। 1977 बैच के स्टूडेंट्स और रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. आई.वाई. मालोडे ने बताया कि माथ ने गांव के स्टूडेंट्स को अंग्रेजी जैसे मुश्किल सब्जेक्ट को बहुत आसान तरीके से पढ़ाया। इस मौके पर कई लोगों ने आगे भी नियमित तौर पर ब्लड डोनेट करने का संकल्प लिया।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 12-25-2025 22:02 Color:


# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025


> जहां नैतिकता न हो उस राजनीति का कोई अर्थ नहीं है।
>
> – महात्मा गांधी

## यूनुस पर सवाल

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल के स्वनिर्वासन के बाद गुरुवार को देश लौटे, जिन्हें देश का अगला पीएम माना जा रहा है। इस बीच, अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने जिन कट्टरपंथियों को बढ़ावा दिया था, आज वही देश में शांति-सौहार्द के लिए चुनौती बन गए हैं।

**गंभीर आरोप ।** शेख हसीना को पद से हटाने के बाद छात्र नेताओं ने इस उम्मीद के साथ मोहम्मद यूनुस को कमान सौंपी थी कि वह एक बेहतर व्यवस्था की नींव रखने में मदद करेंगे।


तारिक की वापसी

हालांकि कुछ महीनों बाद ही यह उम्मीद टूटने लगी थी और चुनाव को लेकर जिस तरह की खींचतान मची, उससे लगा कि अब लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन नहीं, सत्ता कब्जाने की है। इस कड़ी में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद उनके भाई के लगाए गए आरोप बेहद संगीन हैं।

**कट्टरपंथियों की साजिश ।** हादी के भाई का कहना है कि सरकार से जुड़े लोगों ने हादी को मरवाया, ताकि चुनाव टाला जा सके। सभी दलों को समान अवसर नहीं देने के कारण यह चुनाव पहले ही संदेह के घेरे में है। इस आरोप का मतलब है कि सत्ता में शामिल कुछ तत्व जानबूझकर बांग्लादेश को अस्थिरता की ओर ले जा रहे हैं और वहां भारत विरोधी झूठा नैरेटिव बनाने में भी उन्हीं की साजिश है।

**भारी पड़ेंगे सवाल ।** हादी कट्टर विचारधारा के युवा नेता थे, जो जुलाई क्रांति से उभरे थे। बांग्लादेश के मौजूदा माहौल में उनका कद बहुत बढ़ गया था, ऐसे में उनके परिवार की ओर से उठाए गए सवाल मोहम्मद यूनुस पर भारी पड़ सकते हैं। खराब कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन पर पहले से अंतरराष्ट्रीय मंचों का दबाव है।

**निष्पक्षता पर शक ।** इस बात पर शुरू से संशय था कि शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में हिस्सा लेने दिया जाएगा। अब सरकार का स्पष्टीकरण आ गया है और वह भी उस दिन, जब तारिक रहमान देश लौटे हैं। यह संयोग नहीं हो सकता। विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे तारिक को अंतरिम सरकार में ही राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। उन्हें पीएम पद का दावेदार माना जा रहा है। उनकी पार्टी BNP फिलहाल आगामी आम चुनाव जीतने के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है। लेकिन, क्या अवामी लीग के बगैर होने जा रहे इस चुनाव को बांग्लादेश की जनता का सही मत माना जाएगा।

### तिराहा

## सब्ज़बाग़

कमला को सुधर्मा डांटे जा रही थी। जितनी बार वह सड़क देखती, उनका पारा चढ़ जाता। सुखनंदन ने माजरा समझा तो पता चला, सड़क घर के फर्श से ज्यादा चमक रही थी, लेकिन उसे रगड़े जाने का क्रम जारी था, इधर भीतर कमला थककर बैठ गई थी।


प्रेम शंकर मिश्र

सुखनंदन ने समझाया, 'प्रिये! आज देश के प्रधान आ रहे हैं, इसलिए चमक है। कल से यथावत हो जाएगी। इसके लिए इस बेचारी को मत कोसो।' सुधर्मा तुनक गई, 'आज भी वैसे ही रहने देते, हकीकत तो पता चलती।' सुखनंदन मुस्कुराए, 'पगली, तुम तो व्यवस्था को ही ध्वस्त कर दोगी। तुम्हें सिद्धार्थ की कथा नहीं पता?'

'राजा शुद्धोधन के घर पुत्र का जन्म हुआ तो ज्योतिषियों ने कहा कि यह बड़ा होकर फकीर बनेगा। परेशान राजा ने सिद्धार्थ को सुविधाओं के बंधन से बांध दिया। वह जहां जाते, वहां ऐश्वर्य का सब्जबाग ही दिखता। लेकिन, एक दिन गलती से उनकी नजर एक शवयात्रा पर पड़ गई, मिथक टूट गए, दुःख का भान हुआ। उन्होंने विरक्ति का मार्ग पकड़ लिया।'



'इस कथा का आज से क्या लेना-देना?' सुधर्मा ने जिज्ञासा व्यक्त की। 'प्रिये! शुद्धोधन व्यवस्था यानी तंत्र का प्रतीक है। उसका कार्य है सब्जबाग को बनाए रखना। नेतृत्व बुद्ध हो गया तो तंत्र के दुख को पहचान लेगा। यथार्थ जान उसे उन व्यवस्थापकों से विरक्ति होने लगेगी जो उसके आंख-कान हैं। इसलिए उनका लाभ उसे बुद्ध नहीं, 'बुद्धू' बनाने में है। वैसे भी बापू का रामराज्य हमारा आदर्श है - नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। प्रजा न सही, राजा ही रामराज्य उतरता महसूस कर ले। तंत्र का लक्ष्य पूरा हो जाएगा।' सुखनंदन ने समझाया।

'अरे देश में राजशाही थोड़े है, लोकतंत्र है?' संशय भरा प्रश्न उठा। 'प्रिये! लोकतंत्र में उतना ही 'लोक' है, जितना गुलाब जामुन में गुलाब और जामुन। लोक वह घोड़ा है, जिसे घास दिखा उसकी आंख पर पट्टी बांध दी जाती है। सावन के अंधे की तरह हरे भाव से भरा वह दौड़ता रहता है और तंत्र सवारी का लुत्फ उठाता है।' सुखनंदन ने जवाब दिया।

### एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## सीखने की ललक

**18वीं सदी** के प्रभावशाली और महान चित्रकारों में ब्रिटेन में एक नाम उभरा, सर जोशुआ रेनॉल्ड्स। उन्होंने अपनी चित्रकला से दुनिया को प्रभावित किया। यह उन दिनों की बात है जब वह अपनी कला को निखारने के लिए बेचैन थे। इसी सिलसिले में वह एक बार इटली गए। वहां उन्होंने वेटिकन में राफेल और माइकल एंजेलो की कलाकृतियों का गहन अध्ययन किया। उनकी कृतियों का अध्ययन करते समय वह अपनी सुध-बुध खो बैठते थे। उन दिनों वेटिकन में बहुत अधिक ठंड पड़ रही थी। रेनॉल्ड्स अपने काम में इतने अधिक रमे हुए थे कि उन्हें बिगड़ते मौसम का भी आभास न हुआ और उन्हें गंभीर सर्दी लग गई। वह इतना बीमार हो गए कि उनकी सुनने की क्षमता लगभग खत्म हो गई। उनके मित्र ने कहा, 'यदि आप इटली नहीं जाते तो आपकी सुनने की क्षमता नहीं जाती।' इस पर रेनॉल्ड्स ने कहा, 'यदि कला को निखारने के लिए मुझे सौ बार भी सुनने की क्षमता गंवानी पड़े, आंधी-तूफान और बर्फ का दबाव झेलना पड़े तो स्वीकार है, लेकिन कला के साथ समझौता करना स्वीकार नहीं। वहां जाकर ही मुझे चित्रों में छिपे गूढ़ अर्थ मिले हैं।' कला के प्रति इतने उच्च मापदंडों के कारण ही रेनॉल्ड्स आज भी विश्व के महान कलाकार के रूप में याद किए जाते हैं।

Subrata Dhar



आर्थिक, सामाजिक समेत विभिन्न मानकों पर अब भी महाराष्ट्र और गुजरात अव्वल

# नॉर्थ का प्रदर्शन सुधरा, पर साउथ आगे

वर्ष 2025 में कौन सा राज्य हीरो कहलाने लायक है? इस साल सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच राज्यों में हैं - महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु। एक निजी रिसर्च एजेंसी 'केयर' ने यह रैंकिंग जारी की है। ऐसा पहला सर्वे 2023 में किया गया था। उसमें भी महाराष्ट्र पहले और गुजरात दूसरे नंबर पर था, जबकि तब तीसरे स्थान पर रहा तमिलनाडु इस बार पांचवीं पोजिशन पर फिसल गया है। 2024 में सर्वेक्षण नहीं हुआ था।


गंगाधर ढोबले

**रैंकिंग का आधार ।** सर्वे के लिए कुछ मानक तय किए गए - आर्थिक, राजकोषीय, सामाजिक, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, शासन और पर्यावरण। इन मानकों के और लगभग 50 उपमानक तय किए गए, जैसे राज्यों का सकल GDP, निवेश, उद्योग विकास, बजट, राजस्व, कर्ज, बिजली, सड़क, रेल, जल संसाधन, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि। हर मानक को वेटेज दिया गया है। उनके कुल जोड़ से एक इंडेक्स बनता है, जिससे उस राज्य की रैंकिंग तय होती है।

**समग्र विकास ।** टॉप 5 को छोड़कर अन्य राज्य किसी न किसी मानक में अव्वल जरूर हैं, लेकिन समग्रता में पिछड़ गए। स्थिर विकास लक्ष्य (SDG) पाने में उत्तराखंड और केरल शीर्ष पर हैं। सुशासन में आंध्र प्रदेश अव्वल है। रोजगार और कौशल में उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि और ग्रामीण विकास में उत्तर प्रदेश, पंजाब और बिहार ने अच्छा स्कोर किया है।

iStock



**राज्यों का प्रदर्शन** | कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना हैं टॉप 5 में शामिल | दूसरे राज्यों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर किया | यूपी और एमपी की अर्थव्यवस्था में दिखा सुधार

**महाराष्ट्र आगे ।** आर्थिक क्षेत्र में टॉप 5 राज्यों के विकास मॉडल में मामूली अंतर दिखाई देगा। महाराष्ट्र राज्यों में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहा। देश की GDP में उसका योगदान 20% से अधिक है। मुंबई देश की वित्तीय राजधानी तो है ही, वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रवेश द्वार भी है।

2025 के हीरो

**गुजरात मॉडल ।** गुजरात का आर्थिक मॉडल निर्माण, उद्योग और निर्यात पर आधारित है। वह भारत का सबसे उद्योग अनुकूल राज्य रहा। बंदरगाहों का जाल, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, बेहतर सड़कों और औद्योगिक क्षेत्रों ने इसे निवेशकों की पहली पसंद बनाया। गुजरात का विकास अपेक्षाकृत अधिक समान और अनुशासित दिखाई देता है।

**कर्नाटक का दबदबा ।** कर्नाटक का आर्थिक विकास, शासन और पर्यावरण के क्षेत्रों में अच्छा दबदबा दिखाई देता है। उद्योग और सेवा क्षेत्रों का योगदान अधिक है। नीति क्रियान्वयन और प्रशासनिक क्षमता बेहतर है। स्वच्छ ऊर्जा और वायु गुणवत्ता बेहतर है। लेकिन सामाजिक क्षेत्रों में उसका प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में कुछ कमजोर दिखता है।

**तमिलनाडु की ताकत ।** तेलंगाना उद्योग अनुकूल नीतियां लागू करने में सफल रहा। आईटी, फार्मा, बायोटेक और सेवा क्षेत्र में उसने अच्छा स्कोर किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास में तेजी लाई है। उसने कमजोर वर्गों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। वहीं, तमिलनाडु संतुलित मार्ग अपनाता दिखाई देता है। यहां विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूती है। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है।

**पक्ष बनाम विपक्ष ।** राजनीतिक स्थिरता और शासन की गुणवत्ता में पांचों राज्यों के अनुभव अलग-अलग हैं। गुजरात राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता का अनुपम उदाहरण है। इसके विपरीत महाराष्ट्र राजनीतिक जटिलताओं का राज्य रहा। फिर भी मजबूत नौकरशाही और संस्थागत ढांचे ने राज्य को पटरी से उतरने नहीं दिया। इसी तरह कर्नाटक की सरकार में आंतरिक कलह दिखती है, लेकिन वह भी विकास की गति बनाए रखने में सफल रहा है। तेलंगाना और तमिलनाडु में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है, जिससे विकास को बढ़ावा मिला है। इन टॉप पांच राज्यों में से केवल गुजरात व महाराष्ट्र में ही BJP की सत्ता है। कर्नाटक और तेलंगाना कांग्रेस शासित राज्य हैं, जबकि तमिलनाडु में DMK की सरकार है।

**उत्तर का प्रदर्शन ।** हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं में सुधार दिखा। यूपी में एक्सप्रेस नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक क्लस्टर और निवेश सम्मेलनों के कारण औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि हुई। मध्य प्रदेश ने कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और खनिज आधारित उद्योगों में प्रगति की। राजस्थान में पर्यटन, सौर ऊर्जा और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं दिखाई दीं, लेकिन रोजगार सृजन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। हरियाणा में आर्थिक स्थिति मजबूत रही। कुल मिलाकर हिंदी भाषी राज्यों की अर्थव्यवस्था विकासशील रही, पर गुणात्मक विकास और प्रति व्यक्ति आय के मामले में दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों से पीछे रही।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# क्या उलटा घूम रहा भारतीय खेलों का पहिया

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पिछले दिनों खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की एथलेटिक्स की इवेंट चल रही थी। महिलाओं की 400 मीटर इवेंट में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मनीषा 400 मीटर के ट्रैक पर अकेली दौड़ रही थी क्योंकि इस इवेंट में भाग लेने वाले पांच एथलीटों में से चार ने आखिरी क्षणों में अपना नाम वापस ले लिया था। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचित मोर भी अकेले ही दौड़े। कुश्ती में तीन इवेंट्स में दो और एक इवेंट में तीन ही प्रतियोगी थे।


मनोज जोशी

**खतरे की घंटी ।** यह नजारा उन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का था, जिस पर सरकार अपने हर सालाना बजट में करोड़ों रुपयों का इजाफा करती है। वैसे खिलाड़ियों को एक बड़े स्तर पर मौका देने की सोच बुरी नहीं है लेकिन उनकी दिलचस्पी न होने के कारणों का पता लगाने की जरूरत है। इसे खतरे की घंटी के तौर पर लेना होगा।

**नाडा की दहशत ।** ऐसे में 2036 के ओलिंपिक की दावेदारी भी सवालों के घेरे में है। ऐसा लगने लगा है कि भारतीय खेलों का पहिया उलटी दिशा में चल रहा है। भारतीय खेलों में डोपिंग के मामले इतने घुल-मिल गए हैं कि खिलाड़ियों को एंटी डोपिंग एजेंसी नाडा के नाम से ही दहशत होने लगती है। वह जानते हैं कि मेडल जीतने पर वह डोपिंग में फंसेंगे और उनका करियर तबाह हो जाएगा। इसी वजह से या तो वे कॉम्पिटिशन के पहले अपना नाम वापस ले लेते हैं या फिर अपने राइवल को वॉकओवर देकर अपना पिंड छुड़ा लेते हैं।

**कॉमन रूम**

AI Image



**खेल एक, फेडरेशन अनेक ।** बॉक्सिंग को ही लें तो वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दुबई गई भारतीय टीम के 13 में से 11 खिलाड़ी पहले ही राउंड में बाहर हो गए। कारण टीम में टॉप बॉक्सर नहीं थे। टॉप बॉक्सर बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पास थे और इन बॉक्सरों को भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन लेकर गया था।

**मुकदमों से नुकसान ।** खेलों पर खर्च की जाने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा कोर्ट-कचहरियों में चल रहे मामलों पर खर्च हो रहा है। पिछले दस वर्षों में खेलों से जुड़े 770 मामले कोर्ट में दर्ज हुए। इनमें 462 केस हाई कोर्ट में और 22 सुप्रीम कोर्ट में आए।

**पैसों की कमी ।** इन सब मामलों में खेल फेडरेशनों का इतना नुकसान हो चुका है कि कई फेडरेशनों के पास तो किसी प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए तकनीकी अधिकारियों को देने के पैसे तक नहीं हैं। जाहिर है, फेडरेशनों को अपनी आय के सोर्स बढ़ाने की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार और टीवी कॉमेंटेटर हैं)*

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

## कमज़ोर और वंचित के लिए आशा का संदेश है क्रिसमस

जनीना गोम्स

**जीवन की** यात्रा में हमें अनेक पड़ाव पार करने होते हैं। क्रिसमस को जब तक हम याद रखेंगे, जीवन में प्रेम और करुणा का अंत नहीं होगा। जीवन अनिश्चित है और हम नहीं जानते कि कल क्या होगा। यीशु के जन्म का संदेश हमें यह आश्वासन देता है कि चाहे कितनी त्रासदियां और कठिनाइयां क्यों न आएं, ईश्वर हमें कभी नहीं छोड़ेगा - वह हमेशा हमारे साथ है।

क्रिसमस ईश्वर के मनुष्य बनने के उपहार का उत्सव है। यह जितना सामुदायिक है, उतना ही पारिवारिक भी, क्योंकि इसमें हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ बांटते हैं। यह आनंद केवल किसी विशेष या संपन्न वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सद्भावना रखने वाले सभी लोगों के लिए है। हमारा उद्धार करने के लिए यीशु मनुष्य का रूप और स्वभाव धारण करके आए। वह सब कुछ समझते थे। उन्होंने बीमार और असहाय लोगों को चंगा किया। उन्होंने उस विधवा के दुख को समझा, जिसने अपना इकलौता बेटा खो दिया था। उन्होंने भीड़ की भूख और प्यास को महसूस किया। वह हमेशा करुणा और प्रेम के साथ दूसरों की ओर बढ़े।

AI Image




आज बहुत से लोग यह भूल गए हैं कि वास्तव में मनुष्य होना क्या है। वह उन लोगों की पुकार सुनते हैं जो क्रूरता के शिकार हैं और जिनके लिए जीवन एक निरंतर संघर्ष बन गया है। वह धरती माता की कराह भी सुनते हैं, जिसे प्रकृति के प्रति हमारी लापरवाह उपेक्षा ने उजाड़ दिया है। कमजोर केवल वे नहीं हैं जो शारीरिक, मानसिक या सामाजिक कारणों से वंचित हैं, बल्कि वे भी हैं जो युद्धों, उत्पीड़न, जलवायु संकट और अन्य खतरों से बचने के लिए अपना देश छोड़ने को मजबूर हैं।

आइए! इस क्रिसमस पर हम प्रेम का परिधान धारण करें। ऐसा प्रेम जो समस्त मानवता को अपने आलिंगन में ले। ईश्वर के मनुष्य बनने के रूप में प्रकट यह दिव्य प्रेम हमें आमंत्रण देता है कि हम 'दूसरे' के प्रति घृणा त्याग कर सबको ईश्वर की दृष्टि से देखें, क्योंकि दिव्यता किसी के साथ पक्षपात नहीं करती।

### कांटे की बात

> अरावली पर सरकार की नई परिभाषा के मुताबिक, 90% से अधिक पहाड़ियों को सुरक्षा नहीं मिलेगी। उन्हें माइनिंग, रियल एस्टेट और दूसरी गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है, जिससे इकोसिस्टम को और नुकसान होगा।


जयराम रमेश, पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री

### सप्ताह की शख्सियत

## दीपिका ने अपने गांव को शहर से जोड़ दिया

*भारतीय टीम ने पिछले महीने विमिंस ब्लाइंड T20 विश्व कप जीता था। महिला टीम की कप्तान टीसी दीपिका की जब आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण से मुलाकात हुई, तो इनाम की जगह उन्होंने एक ही इच्छा जाहिर की - उनके गांव में सड़क बन जाए।*

**बचपन में हादसा**

**दीपिका के** गांव का नाम है ताम्बालाहट्टी, आंध्र और कर्नाटक की सीमा पर मौजूद - विकास से कोसों दूर। इस पूरे इलाके के लिए ही दीपिका नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। वह केवल 5 महीने की थीं, जब अपनी ही अंगुली आंखों पर मार ली। आसपास अस्पताल नहीं था। मजदूर मां-बाप ने बेटी का इलाज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन दीपिका की रोशनी वापस नहीं आई।



AI Image

**क्रिकेट बना सहारा**

**कुणिगल और** मैसूर के स्पेशल स्कूल में दीपिका ने पढ़ाई की। स्कूल-हॉस्टल फ्री थे, लेकिन पैसों की ऐसी तंगी थी कि पिता को बेटी से मिलने जाना होता, तो किराये के लिए कर्ज लेना पड़ता था। इस संघर्ष में क्रिकेट ने उन्हें राह दिखाई। 2019 में उन्हें सिलेक्शन ट्रायल की पहली कॉल आई थी। तब से दीपिका का सफर जारी है और उन्हें भरोसा है कि अब उनका गांव भी बदलेगा।


### जनता जंक्शन

इरफ़ान




# अटलजी के लिए देश हमेशा दल से ऊपर रहा

**कहते हैं,** राजनीति में विरोधी भी सामान पर धूल की तरह ही जमा हो जाते हैं। मगर हमारे पास एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने इसे झूठा साबित किया। वह ऐसे इंसान थे, जिनके प्रतिद्वंद्वी तो थे, पर कोई दुश्मन नहीं। दुनिया के लिए वह भारत को नया रूप देने वाले प्रधानमंत्री थे, मेरे और लखनऊ वालों के लिए बस अटल।



डॉ. दिनेश शर्मा

### पश्चिम के आगे अडिग रहे

यह लिखते-लिखते मैं अमीनाबाद की तंग गलियों और मेरे घर में उनके आने की यादों में खो गया हूं। पहली बार वह जब मेरे यहां आए, तो मैंने उन्हें खीर परोसा। घबराहट में मुझसे थोड़ी खीर उनके कपड़ों पर गिर गई। इस पर नाराज होने की बजाय वह हंस पड़े। अटल बिहारी वाजपेयी देश के पीएम ही नहीं, बल्कि एक अभिभावक थे। उन पर लिखना 'गागर में सागर' भरने जैसा है।

उन्हें विरासत में सत्ता नहीं मिली थी। इसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व वाले भारतीय जनसंघ से उन्होंने राजनीति शुरू की। 1957 में पहली बार लोकसभा पहुंचे और उनकी प्रतिभा देख पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तब कहा था कि 'यह लड़का किसी दिन भारत का प्रधानमंत्री बनेगा।' 1980 में जब जनता पार्टी का प्रयोग विफल हुआ और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा, तब अटलजी ने BJP का गठन किया। उनका यह कहना कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं की जुबां पर है। उन्होंने BJP को आक्रामकता की नींव पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के स्तंभ पर खड़ा किया।

आज सच्चे राजनेता के तौर पर अटलजी की विरासत एक मिसाल है। उन्होंने साबित किया कि गैर-कांग्रेसी सरकारें भी कार्यकाल पूरा कर सकती हैं। 20 से अधिक दलों को साथ लेकर NDA का गठन किया। हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करने वाले अटल जानते थे कि भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र की ताकत उसका लचीलापन है। लखनऊ में मैंने कई बार देखा कि वह सुबह किसी आलोचक के साथ हंसी-मजाक करते और शाम तक वह शख्स सरकार के विधेयक का समर्थन कर देता। उनके लिए विपक्ष दुश्मन नहीं रहा और देश हमेशा पार्टी से ऊपर। पीवी नरसिम्हा राव ने उन्हें कश्मीर पर पक्ष रखने के लिए जिनेवा भी भेजा।



पीएम बनने के बाद उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर उन्होंने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। तब पश्चिम ने हमें डराने की पूरी कोशिश की, मगर वह अटल रहे। अर्थव्यवस्था में जान डालने के लिए उन्होंने कई काम किए। दिल्ली, मुंबई, चेन्नै, कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की शुरुआत की। शहर को गांव से जोड़ने के लिए PMGSY उन्हीं की सोच थी। आज हर हाथ में मोबाइल उन्हीं की टेलिकॉम क्रांति की वजह से है। अंधाधुंध सरकारी खर्च पर रोक लगाने के लिए वह FRBM अधिनियम लेकर आए।

पाकिस्तान के साथ शांति के लिए तत्पर रहे। 1999 में बस से लाहौर गए। मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया। नवाज शरीफ को गले लगाया, मगर पाकिस्तान ने करगिल में घुसकर हमारी पीठ में छुरा घोंप दिया। इससे नाराज होकर उन्होंने सेना को पूरी छूट दी और पाकिस्तान से युद्ध में हमें जीत मिली।

### हम नहीं झुकेंगे

अटलजी उम्दा कवि थे। परमाणु परीक्षण के बाद जब दुनिया ने भारत को अलग-थलग करने की कोशिश की तो उन्होंने प्रेस बयान जारी किए और एक लाइन लिखकर दुनिया को बता दिया कि 'हम नहीं झुकेंगे, हम नहीं रुकेंगे।' उनका न होना एक भारीपन का अहसास कराता है। भाषण के बराबर ही उनका मौन अहम माना जाता था। उनके भाषण को सत्ता पक्ष के साथ-साथ पूरा विपक्ष भी सुनता था। आपातकाल में उन्हें जेल भेजा गया, मगर अटलजी ने कभी इसका बदला नहीं लिया। मैं जब उनके जीवन को देखता हूं तो लगता है कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि नीति या इमारत नहीं, बल्कि वह विश्वास था जो उन्होंने कमाया।

लखनऊ वालों के लिए अटलजी गए नहीं हैं। वह हजरतगंज की हवाओं में हैं, पुराने कॉफी हाउस की चर्चाओं में हैं और शहरी तौर-तरीके व तहजीब में हैं। मैं बस यही कहूंगा कि अटलजी आपके करोड़ों शिष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस दीये को जलाकर रखे हुए हैं। आपकी भविष्यवाणी की तरह ही कमल खिल चुका है और सूरज चमक रहा है।

*(लेखक राज्यसभा सांसद हैं और UP के उप-मुख्यमंत्री रहे हैं)*

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 12-25-2025 23:26 Color:



## फटाफट खबरें

### पनडुब्बी से किया K-4 का सफल टेस्ट

■ NBT रिपोर्ट: भारत ने मंगलवार को बंगाल की खाड़ी में परमाणु शक्ति से लैस पनडुब्बी INS अरिघात से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण विशाखापत्तनम तट के पास किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया, लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की कि यह दो-चरणीय, ठोस ईंधन वाली K-4 मिसाइल थी, जो करीब दो टन का परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है।

### खरगे से मिले डी. के. शिवकुमार



■ पीटीआई, बेंगलुरु: कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक को राज्य में मुख्यमंत्री पद के लिए चल रहे सत्ता संघर्ष से जोड़ कर देखा जा रहा है। शिवकुमार ने हालांकि बैठक के बाद कहा, 'कांग्रेस वर्किंग कमिटी की 27 दिसंबर को होने वाली बैठक पर चर्चा की।

### पंजाब में पेड़ों की कटाई पर रोक

■ आईएएनएस, चंडीगढ़: पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने पूरे पंजाब में अदालत की पूर्व अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। कोर्ट ने साफ कहा कि अगली सुनवाई या विशेष अनुमति के बिना राज्य में कहीं भी पेड़ नहीं काटे जाएंगे।

### भारत से मतभेद कराने की कोशिश: चीन

■ भाषा, पेइचिंग: चीन ने अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि चीन ने भारत-अमेरिका संबंधों को कमजोर करने और पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंध मजबूत बनाने के लिए भारत से लगी सीमा पर तनाव कम किया। चीन ने कहा कि पेंटागन की रिपोर्ट झूठे विमर्शों के जरिए मतभेद पैदा करने की कोशिश है।

लखनऊ में मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की शुरुआत की, कहा- 370 हटाने पर गर्व

# परिवारवादी लकीर छोटी करते हैं: PM

■ पीटीआई, लखनऊ

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना की। लखनऊ में उन्होंने कहा कि BJP को राजनीतिक रूप से हमेशा अछूत बनाए रखने वाली कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिश की। सरदार वल्लभभाई पटेल के कद को कमतर करने की भी कोशिश।

पीएम ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की शुरुआत करने के बाद एक कार्यक्रम में कहा कि परिवारवाद की राजनीति असुरक्षा से भरी हुई होती है। परिवारवादियों के लिए दूसरों की लकीर छोटी करना मजबूरी हो जाती है। उन्होंने कांग्रेस और गांधी-नेहरू परिवार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, 'किताबें हों, सरकारी योजनाएं हों, सरकारी संस्थान हों, गली, सड़क, चौराहे हों, सब जगह एक ही परिवार का गौरव गान किया गया। एक ही परिवार के नाम, उनकी ही मूर्तियां, यही सब चला। मोदी ने कहा कि BJP को गर्व है कि उसकी सरकार को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल-370 को समाप्त करने का अवसर मिला।

'आंबेडकर की विरासत मिटाने की कोशिश हुई'

**सुनाया किस्सा:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वाजपेयी की पाकिस्तान यात्रा का किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक महिला पत्रकार ने मजाकिया अंदाज में उनसे शादी का प्रस्ताव रखते हुए कश्मीर मांगा था, जिस पर अटल ने मुस्कराते हुए जवाब दिया था कि वे तैयार हैं, लेकिन बदले में पाकिस्तान चाहिए।

**65** फुट ऊंची प्रतिमाएं अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हैं राष्ट्र प्रेरणा स्थल में


**230** करोड़ की लागत से इसे बनाया गया है


**98,000** वर्ग फुट में फैला एक म्यूजियम भी यहां है

**65** एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला है यह परिसर

म्यूजियम कमल के आकार का है, जिसमें इन नेताओं के योगदान के बारे में जानकारी मिलेगी

लखनऊ में हरदोई रोड पर गोमती नदी के किनारे राष्ट्र प्रेरणा स्थल है





पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर मोदी ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। उन्होंने गुरुवार को यहां स्थापित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

Sandeep Rastogi

# उन्नाव रेप केस: CBI ले रही सलाह, अर्जी जल्द

File Photo



कुलदीप सिंह सेंगर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**उन्नाव रेप** मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने और जमानत देने के फैसले को सीबीआई जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को जमानत दी है।

सीबीआई का कहना है कि उसने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेशों की स्टडी की है। इस मामले में टॉप लीगल एक्सपर्ट की ओपिनियन ली जा रही है। जल्द ही वह हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कानूनी सलाह लेते हुए काम जोरशोर से किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसी महीने में सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी जाएगी। इसके लिए हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर करने की तरफ काम किया जा रहा है।

### 'समझ आने वाली भाषा में न्याय हो'

**पीटीआई, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (SP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि न्याय तभी सार्थक हो सकता है जब वह न्याय चाहने वालों को समझ में आने वाली भाषा में दिया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषाई समावेश भी न्याय के लिए निर्णायक बिंदु है। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद को निलंबित करने से उन्नाव रेप पीड़िता को एक डरावना मेसेज गया है।



# नए साल में लैंड करेंगे दो ऐसे नए एयरक्राफ्ट, जो किसी कंपनी के पास नहीं

| देश में पहली बार नए एयरक्राफ्ट A350-1000 और A321-XLR आएंगे | दोनों ही प्लेन बेहद एडवांस, कम फ्यूल खपत करने वाले हैं। शोर भी कम होगा | इंडिगो के बेड़े में शामिल होगा A321-XLR, एयर इंडिया ला रहा A350-1000 |
|---|---|---|



Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** नया साल 2026 भारत की एविएशन मार्केट के लिए कुछ खास होगा। वह इसलिए, क्योंकि नए साल में भारत की सरजमीं पर पहली बार भारतीय एयरलाइंस के दो नए एयरक्राफ्ट A350-1000 और A321-XLR लैंड करेंगे। दोनों ही प्लेन बेहद एडवांस, कम फ्यूल खपत करने और करीब 50 फीसदी कम शोर करने वाले हैं। इनमें उड़ान भरना भारतीय यात्रियों के लिए एक शानदार अनुभव रहेगा। भारत की किसी भी एयरलाइंस के पास अभी तक इन दोनों मॉडल वाले एयरक्राफ्ट नहीं हैं।

A321-XLR जनवरी के पहले हफ्ते में आएगा

इनमें से इंडिगो के बेड़े में शामिल होने वाला A321-XLR तो अगले महीने जनवरी के पहले सप्ताह में ही फ्रांस के टूलूज से दिल्ली में लैंड करने की उम्मीद है। इसे इंडिगो भारत की भारतीय एयरलाइंस में पहली बार भारत को डायरेक्ट फ्लाइट के साथ यूनान की राजधानी एथेंस से जोड़ेगी। इसमें बिजनेस (इंडिगोस्ट्रेच) और इकोनॉमी दो क्लास होंगी। इसे इंडिगो भारत में दिल्ली और मुंबई से एथेंस के बीच डायरेक्ट फ्लाइट के रूप में कनेक्ट करेगी। दूसरी तरफ, एयर इंडिया भी अपने यात्रियों के लिए गेम चेंजर करने का काम कर रहा है। वह भी अगले साल अपने बेड़े में भारत का पहला A350-1000 प्लेन शामिल कर रहा है। अभी तक भारतीय एयरलाइंस के पास A350-900 प्लेन तो हैं। लेकिन किसी के पास भी A350-1000 प्लेन नहीं है। भारत में यह पहला प्लेन होगा। जो अगले साल एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हो जाएगा। इस वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट को दिल्ली से न्यूयार्क, नेवार्क और लंदन रूट पर चलेगी।

### दो साल बाद मिलेगा AI को नया प्लेन

एयर इंडिया के बेड़े में ही जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में बोइंग का B787-9 भी शामिल हो रहा है। एयर इंडिया के लिए यह प्लेन इसलिए खास है, क्योंकि 2023 में दिए गए उसके 570 हवाई जहाजों के ऑर्डर में यह पहला प्लेन होगा। जो उसे उसके हिसाब से डिजाइन किया हुआ मिलेगा। वरना, अभी तक एयर इंडिया को छह और एयर इंडिया एक्सप्रेस को 50 प्लेन मिले हैं। वह रूस की एयरलाइंस एयरोफ्लोट और एक दूसरी एयरलाइंस के लिए बनाए गए थे। उसमें रूस-यूक्रेन युद्ध होने की वजह से एयरोफ्लोट ने अपने लिए बनवाए छह ए-350 नहीं लिए।

# अरावली पर Gen Z के प्रदर्शन के बीच कांग्रेस के आरोप

केंद्रीय मंत्री बोले- झूठ फैलाया जा रहा, विपक्षी पार्टी खनन पर बैन लगाने से बौखला गई है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** अरावली पर्वतमाला से जुड़े मुद्दे को लेकर आरोप लगाया कि पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं पर पीएम नरेन्द्र मोदी की वैश्विक स्तर की कथनी और उनकी स्थानीय स्तर की करनी के बीच कोई तालमेल नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि अरावली का 90% से अधिक हिस्सा नई परिभाषा के तहत संरक्षित नहीं किया जाएगा और इसे खनन, रियल एस्टेट और दूसरी गतिविधियों के लिए खोला जा सकता है। यह पहले से ही तबाह पारिस्थितिकी तंत्र को और नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को कांग्रेस द्वारा लगाए गए उन आरोपों को खारिज कर दिया।

PTI





जयपुर में अरावली को बचाने के लिए बुधवार को Gen Z ने प्रदर्शन किया।

मंत्री ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी घबराई हुई है क्योंकि सरकार ने अरावली में खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की एक पोस्ट का जवाब देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा की गई किसी भी स्टडी में आपकी कही गई बातों का कोई प्रमाण नहीं है। खंडन जारी करने के बावजूद आप ये झूठ क्यों फैला रहे हैं।'

### पूरे एरिया का तुलनात्मक डेटा मांगा गया

अरावली की नई परिभाषा के बाद नागरिक संगठनों की चिंताएं भी सामने आई हैं। अरावली विरासत जनअभियान की नीलम अहलूवालिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (FSI) के 3 डिग्री ढलान आधारित पैमाने की जगह पर्यावरण मंत्रालय की 100 मीटर ऊंचाई वाली परिभाषा को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, जनअभियान ने सरकार से सीधे सवाल करते हुए पारदर्शिता की मांग की है। अरावली के कुल क्षेत्रफल का तुलनात्मक डेटा तुरंत सार्वजनिक किया जाए।

### अरावली को लेकर जयपुर में प्रदर्शन

**पीटीआई, जयपुर:** अरावली की नई परिभाषा के मुद्दे पर जयपुर के सेंट्रल पार्क में गुरुवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मौन प्रदर्शन किया। 'भारत सेवा संस्थान' के सचिव और राज्य के पूर्व महाधिवक्ता जी. एस. बापना ने इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हाथों में तख्तियां लिए लोगों ने इस बात पर चिंता जताई कि नई परिभाषा से अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा कानूनी संरक्षण से बाहर हो जाएगा। पार्क में घूमने आए लोग भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। बापना ने कहा कि Gen-Z और आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

### नहीं रहे सीनियर पत्रकार डॉ. हर्षदेव

■ **NBT न्यूज, आगरा:** वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हर्षदेव का गुरुवार सुबह आगरा में निधन हो गया। उन्होंने आगरा के करगिल हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। वह मूल रूप से आगरा के ही रहने वाले थे।



डॉ. हर्षदेव

उन्होंने शहर के कई क्षेत्रीय अखबारों में काम किया। बाद के दिनों में उन्होंने नवभारत टाइम्स नई दिल्ली में भी काम किया। उन्होंने जयपुर में भी काम किया था। पत्रकारिता और जनसंचार विषय पर डॉ. हर्षदेव ने कई अहम किताबें लिखीं। आगरा के विभिन्न पत्रकार संगठनों, वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की शाम शाहगंज में मौजूद विद्युत शवदाह गृह में कर दिया गया।

पत्रकारिता और जनसंचार पर कई किताबें लिखीं

# चीफ सेक्रेट्री सम्मेलन में विकसित भारत पर बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी दिल्ली में चीफ सेक्रेट्री के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। 26-28 दिसंबर तक होने वाले इस सम्मेलन में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं पर चर्चा होगी।

यह सम्मेलन केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य जिला कलेक्टर और मैजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारियों के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्रालयों के भी सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। शिक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय समेत कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मौके पर केंद्र सरकार की कई बड़ी योजनाओं को लेकर प्रेजेंटेशन भी होगा। प्रधानमंत्री इससे पहले भी राज्यों के मुख्य सचिवों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करते हैं और आम लोगों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं।

सम्मेलन आज से, पीएम करेंगे अध्यक्षता

इस बार के सम्मेलन की थीम- विकसित भारत के लिए मानव पूंजी (Human Capital for Viksit Bharat) है। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के लोगों के ज्ञान, कौशल, स्वास्थ्य और क्षमताओं में निवेश करना ताकि वे देश की उत्पादकता और समृद्धि में योगदान कर सकें। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास पर फोकस किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि सम्मेलन में उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने पर भी चर्चा होगी। शहरों को आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए मानव संसाधन विकास पर जोर दिया जाना चाहिए। इससे पहले हुए सम्मेलन के दौरान भी इस बात पर चर्चा की गई थी कि खासकर छोटे शहरों में भारत के सेवा क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

### पोप लियो ने गाज़ा के पीड़ितों को किया याद

अपने पहले क्रिसमस के मौके पर पोप लियो-14वें ने गुरुवार को गाजा के लोगों को याद किया, जो हफ्तों तक खुले में बारिश, हवा और ठंड का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के संघर्षों का समाधान बातचीत के जरिए किया जा सकता है और शांति स्थापित की जा सकती है।



# क्रिसमस पर रायपुर के मॉल में तोड़फोड़

■ NBT रिपोर्ट

**छत्तीसगढ़ बंद** के दौरान बुधवार को डंडों से लैस एक दक्षिणपंथी संगठन के सदस्यों ने रायपुर के एक मॉल में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान क्रिसमस की सजावट को निशाना बनाया गया और मॉल में लगाए गए क्रिसमस ट्री और सांता क्लॉज की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मॉल प्रबंधन ने बताया कि बंद के समर्थन में मॉल आधिकारिक तौर पर बंद था, इसके बावजूद यह घटना हुई। हिंसक घटना में उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मॉल प्रबंधन के अनुसार, 40-50 लोगों का एक समूह बेहद आक्रामक और हिंसक था। वे डंडे और हॉकी स्टिक लेकर मॉल में दौड़ते हुए कर्मचारियों और अंदर मौजूद अन्य लोगों से पूछ रहे थे, तुम हिंदू हो या ईसाई? तुम्हारी जाति क्या है? वे लोगों के पहचान पत्र और बैग भी जांच रहे थे। कैपिटल पुलिस ने शिकायत के आधार पर 25-30 दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

रिजल्ट पर नजर | शिक्षा मंत्रालय ने देश के करीब 66 शिक्षा बोर्ड्स के 2024-25 के नतीजों का विश्लेषण किया, हाई स्कोर में हर साल बढ़ रही हैं लड़कियां


# बोर्ड में 60%+ स्कोर में भी बहुत आगे हैं लड़कियां: रिपोर्ट

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने देश के करीब 66 शिक्षा बोर्ड्स के 2024-25 के नतीजों का विश्लेषण किया है। सभी शिक्षा बोर्ड्स के नतीजों को देखें तो 12वीं में 80 लाख स्टूडेंट्स ने 60 प्रतिशत या इससे ज्यादा नंबर हासिल किए हैं, जिसमें लड़कियों की संख्या 42.8 लाख है और 37.2 लाख लड़कों ने यह कामयाबी पाई है। 10वीं में कुल 92 लाख स्टूडेंट्स ने 60 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर किया, जिसमें 48 लाख लड़कियां और 44 लाख लड़के हैं।

पिछले कुछ वर्षों के नतीजों को देखें तो हाई स्कोर करने के मामले में लड़कियों का प्रतिशत हर साल बढ़ता जा रहा है। 90 प्रतिशत या 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर पाने वालों में भी लड़कियां ज्यादा हैं। यही नहीं देश के दो सबसे टफ एग्जाम यूपीएससी (UPSC) और मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट (NEET) में भी टॉपर्स की लिस्ट में लड़कियों की संख्या ज्यादा रहती है। इस बार के बोर्ड रिजल्ट में साइंस स्ट्रीम पढ़ने वाली लड़कियां ज्यादा पास हुई हैं। 2022 में पास होने वाले कुल गर्ल्स स्टूडेंट्स में से 23.3 लाख साइंस स्ट्रीम की थीं, जो नंबर 2024 में 28.1 लाख हो गया है।

AI Image




स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार का कहना है कि बोर्ड एग्जाम में लड़कियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है, वहीं ड्रॉपआउट छात्रों के नंबर देखें तो लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या कम है। सेकेंडरी लेवल पर 14-18 आयु वर्ग में पढ़ाई बीच में छोड़ने वालों में लड़कों की संख्या ज्यादा है। उच्च शिक्षा में भी STEM (साइंस, टेक्नलजी, इंजिनियरिंग और मैथ्स) कोर्सेज में छात्राओं के लिए ज्यादा सीटों पर भी फोकस किया जा रहा है।

**अब देश के स्कूलों में करीब 55 प्रतिशत महिला टीचर्स:** यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (UDISE+) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के स्कूलों में टीचर्स की संख्या अब 101.2 लाख हो गई है, जिसमें से 54.8 लाख महिला टीचर्स हैं। कुछ वर्षों पहले तक स्कूलों में महिला टीचर्स की संख्या 50 प्रतिशत से कम थी लेकिन अब यह उनकी संख्या पुरुष शिक्षकों से ज्यादा हो गई है। स्कूलों में टीचर्स की संख्या एक करोड़ से ज्यादा होने का सकारात्मक असर हुआ है।

### CBSE का ग्लोबल करिकुलम तैयार

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद CBSE ने ग्लोबल करिकुलम तैयार किया है। यह करिकुलम अप्रैल 2026 से लागू होगा। फाउंडेशनल स्टेज (3-8 साल) से लेकर सेकेंडरी (14-18) के लिए ग्लोबल करिकुलम तैयार किया गया है। ग्लोबल करिकुलम को लेकर गल्फ देशों यानी खाड़ी देशों में भी सीबीएसई अधिकारियों व विशेषज्ञों के बीच चर्चा हुई। सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), कतर, बहरीन और ओमान में बैठकें हुईं और करिकुलम को अंतिम रूप दिया गया।

### अयोध्या में 12 फुट ऊंची रानी हो की चमचमाती प्रतिमा



■ **वीएन दास, अयोध्या:** अयोध्या के सरयू तट पर स्थित कोरियाई रानी हो पार्क में रानी हो की 12फुट ऊंची और 1300 किग्रा वजन की प्रतिमा के लोकार्पण के साथ इसका संचालन शुरू हो गया। मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने विशिष्ट कोरियन शैली में निर्मित इस प्रतिमा का अनावरण करने के साथ यहां आयोजित तीन दिवसीय इंडो कोरियन फेस्ट का भी उद्घाटन किया। तीन दिवसीय मेला में बच्चों की विविध प्रतियोगिताएं व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# AMU कैंपस में गोली मारकर टीचर की हत्या

■ भाषा, अलीगढ़

**अलीगढ़ मुस्लिम** विश्वविद्यालय (एएमयू) परिसर में टहल रहे एक स्कूल शिक्षक की अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

एएमयू के प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने बताया कि एएमयू से संबद्ध एबीके यूनियन हाई स्कूल के शिक्षक राव दानिश अली बुधवार रात भोजन के बाद अपने दो सहकर्मियों के साथ कैनेडी सभागार के पास टहल रहे थे, तभी कुछ नकाबपोश लोगों ने उन्हें रोका, उनसे कुछ देर बात की और फिर बेहद करीब से उन पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि दानिश मौके पर ही गिर पड़े और उन्हें जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



प्रॉक्टर ने बताया कि अली के साथ मौजूद लोग हमलावरों की पहचान नहीं कर सके, क्योंकि उनके चेहरे ढके हुए थे, लेकिन उन्होंने पुलिस को बताया कि गोलीबारी से पहले कुछ कहासुनी हुई थी। उन्होंने बताया कि यह घटना रात नौ बजे के बाद की है, जब अली अपनी नियमित दिनचर्या के तहत टहलते हुए एएमयू कैंटीन में चाय पीने गए थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 12-25-2025 22:22 Color:



हर कोई रोहित शर्मा और विराट कोहली को खेलते देखना चाहता है। हालांकि, इन दोनों का शुरुआत से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना तय नहीं था। ऐसे में अचानक इनके मैच का टेलिकास्ट करवाना मुश्किल होता। - रविचंद्रन अश्विन, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर



**1**

नंबर पर हैं ग्रहम गूच ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की लिस्ट में। उनके नाम 22211 रन हैं। दूसरे स्थान पर ग्रीम हिक (22059 रन) और तीसरे पर सचिन तेंडुलकर (21999) हैं

## MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. भारत-श्रीलंका के बीच विमिंस टी20I सीरीज का तीसरा मैच कहां खेला जाएगा?
A) मुंबई B) बेंगलुरु C) विशाखापत्तनम D) तिरुवनंतपुरम

2. SA20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम के हेड कोच कौन है?
A) केशव महाराज B) एबी डिविलियर्स C) सौरव गांगुली D) ब्रेंडन मैकुलम

3. द एशेज 2025/26 सीरीज के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कौन है?
A) स्टीव स्मिथ B) पैट कमिंस C) मिचेल स्टार्क D) मार्नस लाबुशेन

**कल के जवाब**
1. D) सचिन तेंडुलकर
2. A) दोहा

**लकी विनर्स**



1. श्रीनिवास माथी, दयालपुर, दिल्ली
2. संगीता चुरिया, लखनऊ, उ. प्र.
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

**आप अपने जवाब भेजें**
**9319282367**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

## फटाफट खबरें

**अब करप्शन खत्म: PM**
■ नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले खेलों और टीम चयन में जो अनियमितताएं थीं, वे अब समाप्त हो चुकी हैं और आज गरीब परिवारों के बच्चे भी प्रतिभा और मेहनत के दम पर शीर्ष स्तर तक पहुंच रहे हैं। 'सांसद खेल महोत्सव' में उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवा निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मजबूत माध्यम बन रहा है। महोत्सव गांव-शहर से प्रतिभाएं सामने ला रहा है।

**जीव बने चैंपियन**
■ कोलंबो: भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल बाद IGPL इनविटेशनल श्रीलंका गोल्फ टूर्नामेंट जीतकर दमदार वापसी की। 54 वर्षीय जीव ने कुल 15 अंडर स्कोर के साथ आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया।

**HIL का टिकट फ्री**
■ नई दिल्ली: हॉकी इंडिया लीग 2025-26 के चेन्नै चरण के लिए टिकट बिक्री शुरू हो गई है। सभी मैचों के टिकट फ्री रखे गए हैं। मेंस लीग 3 जनवरी से, जबकि विमिंस लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी।

### एशेज सीरीज का चौथा मैच आज से, ऑस्ट्रेलिया 3-0 से ले चुका है अजेय बढ़त

# सम्मान के लिए लड़ेगा इंग्लैंड

■ एजेंसियां, मेलबर्न: क्रिकेट जगत के दो सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वी आज से एक बार फिर आमने-सामने होंगे, लेकिन तस्वीर पूरी तरह बदली हुई होगी। दरअसल, बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम अपने मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे में इस लक्ष्य के साथ आई थी कि वह पंद्रह साल बाद प्रतिष्ठित एशेज सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में शिकस्त देने का कारनामा करेगी। लेकिन, हुआ इसका उल्टा। पहले तीनों टेस्ट में हार के साथ ही 0-3 के स्कोर के साथ इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज पहले ही गंवा चुकी है। इतना ही नहीं, इंग्लैंड के प्लेयर्स पर जमकर शराब पीने के आरोपों के चलते टीम की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है और यह मैसेज गया है कि प्लेयर्स मौज-मस्ती के मूड में अपने मूल कर्तव्य को लेकर गंभीर नहीं हैं। अब इंग्लिश टीम के सामने बचे हुए दो मैचों में सीरीज का समापन सम्मानपूर्ण तरीके से करने की चुनौती है, जो कतई मुश्किल टास्क लग रहा है। साफ है कि बुधवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड को कई मोर्चों पर जूझना होगा।



द एशेज

**मेजबान चोटों से प्रभावित:** इंग्लैंड हालांकि इस बात से थोड़ी राहत की सांस ले सकती है कि अपने कुछ अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल रही होगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के अलावा दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन भी चोटिल होने के कारण नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया है और लियोन की जगह किसी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा।

एडिलेड में तीसरे टेस्ट में लियोन को चोट लगी थी जिनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को बुलाया गया। एमसीजी की पिच पर हालांकि घास को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया ने मर्फी को बाहर रखने का फैसला किया है। लियोन और कमिंस के बाहर होने से जोश इंग्लिस, जाय रिचर्डसन, ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।



पिच का निरीक्षण करने पहुंचे कप्तान स्टीव स्मिथ (बाएं) और मार्नस लाबुशेन

आपको पिच के हिसाब से टीम चुननी होती है और एमसीजी की इस पिच को देखकर लगता है कि यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी।
– स्टीव स्मिथ, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

**90.63**
स्ट्राइक रेट रहा है ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड का सीरीज में। यह एशेज सीरीज के इतिहास में कम से कम सौ रन बनाने वाले किसी ओपनर का सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है

**प्लेइंग XI**
**ऑस्ट्रेलिया (संभावित):** जेक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, जाय रिचर्डसन, स्कॉट बोलैंड
**इंग्लैंड (घोषित):** जैक क्राउली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टंग

**7** रन और चाहिए इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को करियर में 3000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए। दूसरी ओर, इंग्लैंड के ही बेन डकेट को भी अपने 3 हजार रन पूरे के लिए और 31 रन चाहिए

### नए माइलस्टोन के करीब पहुंचे स्टार्क

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मौजूदा सीरीज में शानदार लय में हैं। उन्होंने जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में अकेले दम इंग्लैंड को परेशानी में डाला है और टीम को जीत दिलाने में गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी भूमिका निभाई है। स्टार्क सिडनी में खेले जाने वाले सीरीज के अंतिम टेस्ट तक पैट कमिंस और नाथन लियोन को पीछे छोड़कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। स्टार्क ने 2019 से 2025 के बीच WTC के 52 टेस्ट मैचों में 213 विकेट लिए हैं। अगले 2 टेस्ट में 12 विकेट लेने पर उनके 225 विकेट हो जाएंगे और वह WTC के सबसे सफल गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल वह इस मामले में तीसरे नंबर पर हैं। स्टार्क जिस तरह की फॉर्म में है उनके लिए दो मैचों में 12 विकेट का टारगेट कतई मुश्किल नहीं है।

## दिग्गजों के प्रदर्शन पर आज फिर होंगी निगाहें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिग्गज विराट कोहली और 'हिटमैन' रोहित शर्मा के लिए आज फिर विजय हजारे ट्रॉफी में जलवा बिखेरने का अवसर होगा। दोनों प्लेयर्स की टीमें दूसरे राउंड के मैच के लिए उतरेंगी। विराट ने टूर्नामेंट के पहले राउंड के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जमाया था, जबकि रोहित के बल्ले से जयपुर में सिक्किम के खिलाफ 155 रन निकले थे। फैंस को एक बार फिर उम्मीद होगी कि दोनों भारतीय प्लेयर्स दूसरे राउंड में भी रन बनाना जारी रखें।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

कोहली की टीम दिल्ली बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गुजरात का सामना करेगी। वहीं, मुंबई ओपनर रोहित के साथ जयपुर स्थित सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ उतरेंगे। दिल्ली और मुंबई पहले राउंड के मैच जीतने में सफल रही थी और अब उनकी नजरें लगातार दूसरा मैच जीतने पर होंगी।

**पंत के पास मौका:** दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत भी इस घरेलू टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। पहले मैच में यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्ले से कुछ ज्यादा खास नहीं कर सका था और नौ गेंद पर पांच रन बनाकर आउट हो गया था। पंत भारतीय टेस्ट टीम का तो हिस्सा हैं, लेकिन व्हाइट बॉल क्रिकेट में वह नैशनल टीम से बाहर हैं। वहीं, महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में 2924 रन बनाए हैं और 3 हजारी क्लब में शामिल होने से केवल 76 रन दूर हैं। वह आज सिक्किम के खिलाफ 76 रन बनाकर इस टूर्नामेंट 3000 रन बनाने वाले 17वें बैटर बन सकते हैं।

**19** मुकाबले खेले जाएंगे विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के राउंड-2 में आज। इनमें से 16 मुकाबले एलीट ग्रुप के होंगे, जबकि 3 प्लेट ग्रुप के



दिल्ली के विराट कोहली

**सिर्फ दो मुकाबलों की होगी लाइव स्ट्रीमिंग**
एलीट और प्लेट ग्रुप मिलाकर कुल 19 मुकाबले आज देशभर के अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। हालांकि, राउंड-2 के सिर्फ दो मैच ही स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट होंगे। झारखंड और राजस्थान के बीच अहमदाबाद में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट होगा। असम और जम्मू-कश्मीर के बीच राजकोट में होने वाला मैच जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। अन्य सभी मुकाबले न तो स्ट्रीम होंगे और न ही ब्रॉडकास्ट। पहले राउंड में भी सिर्फ दो मुकाबले स्ट्रीम और ब्रॉडकास्ट करने की वजह से फैंस में नाराजगी थी।

## सीरीज़ जीत पर हरमन सेना की नज़र

**भारत Vs श्रीलंका**
विमिंस टी20I, तीसरा मैच

■ एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम: आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल में जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। विशाखापत्तनम में खेले गए पहले दो मुकाबलों में भारत ने क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। यह भारत की पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत रही, जो टीम की निरंतरता और गहराई को दर्शाती है।

**लय में बल्लेबाजी:** भारतीय बल्लेबाजी क्रम शानदार लय में है और दोनों मुकाबलों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी निभाई। पहले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी संभाली, जबकि दूसरे मुकाबले में शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में जीत की नींव रखी। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में बैटिंग यूनिट संतुलित नजर आ रही है। गेंदबाजी विभाग भी उतना ही प्रभावी रहा है। स्पिनरों ने श्रीलंकाई बैटर्स को जकड़ कर रखा और पहले मैच में छह विकेट पर 121 तथा दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन ही बनाने दिए। युवा गेंदबाज एन श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित लाइन-लेंथ के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



शेफाली वर्मा, कप्तान हरमनप्रीत कौर

**श्रीलंका की बैटिंग कमजोर:** दूसरी ओर, श्रीलंका की बल्लेबाजी शुरुआती दोनों ही मैच में विफल रही है। पहले मैच में श्रीलंका ने छह विकेट पर 121 रन बनाए थे, जबकि दूसरे मैच में टीम 20 ओवर्स में नौ विकेट पर सिर्फ 128 रन ही बना सकी थी।

**संभावित प्लेइंग XI**
**भारत:** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधती रेड्डी, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी
**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणारत्ने, हर्षिता परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षिका सिल्वा, कौशिनी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), कविशा दिलहारी, मल्की मदारा, इनोका रणवीरा, काव्या कविंदी, शशिनी गिम्हानी

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

### EFI से जुड़े क्लबों की अर्जी हुई खारिज

संघ चुनाव विवाद

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय घुड़सवारी महासंघ (EFI) से संबद्ध क्लबों को महासंघ के चुनावी प्रक्रिया में मतदान का कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने चंडीगढ़ स्थित घुड़सवारी क्लब सहित अन्य याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि क्लबों और संस्थागत सदस्यों की भागीदारी राष्ट्रीय खेल संहिता के प्रावधानों के विपरीत है। अदालत ने 23 दिसंबर के आदेश में कहा कि खेल संहिता के खंड 3.9 और 3.10 के अनुसार महासंघ के निर्वाचक मंडल में मतदान का अधिकार संबद्ध राज्य संघों और केंद्र शासित प्रदेश संघों को ही है।

## हेड कोच गांगुली का साथ मिलने से महाराज खुश

क्रिकेट कनेक्ट

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: साउथ अफ्रीका टी20 लीग (SA20) 2025-26 सीजन की शुरुआत से पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के नए कप्तान केशव महाराज ने टीम के हेड कोच सौरव गांगुली के साथ काम करने को लेकर उत्साह जताया है। लीग का चौथा सीजन 26 दिसंबर से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'यह प्रिटोरिया कैपिटल्स के साथ मेरा पहला साल है। टीम के कोचिंग स्टाफ में सौरव गांगुली और शॉन पोलॉक के रूप में दिग्गज क्रिकेटर मौजूद हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'



प्रिटोरिया के कप्तान केशव महाराज

**WPL के लिए टिकट बिक्री आज से**
**मुंबई:** विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के आगामी सीजन के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री 26 दिसंबर 2025 को शाम 6 बजे से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने लीग के चौथे सीजन के लिए 'डिस्ट्रिक्ट' को आधिकारिक टिकटिंग एजेंसी नियुक्त किया है।

## स्पोर्ट्स @2026

**सबसे बड़ा चैलेंज (टेनिस)**



# फिर ताल ठोकेंगे जोकोविच

टेनिस की दुनिया अब एक 'गार्ड चेंज' के दौर से गुजर रही है। 2026 वह साल होगा जहां यह तय हो जाएगा कि क्या एक GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) नोवाक जोकोविच 39 की उम्र में भी युवाओं से लोहा ले सकते हैं, या फिर टेनिस की नई 'बिग टू' (सिनर और अल्काराज) पूरी तरह से खेल पर कब्जा कर लेंगे। फैंस के लिए यह साल भावनाओं, हाई-वोल्टेज मैचों से भरपूर होने वाला है। जोकोविच अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर कुछ नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए ताल ठोकेंगे, तो कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर टेनिस की दुनिया पर अपना पूरा दबदबा कायम करने के लिए तत्पर होंगे।

**सबसे बड़ा सवाल?**
जोकोविच के लिए 2025 का साल मिला-जुला रहा। उन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल तक जगह बनाई, लेकिन सिनर और अल्काराज की 'दीवार' नहीं तोड़ पाए। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह 2028 ओलिंपिक्स तक खेलना चाहते हैं। हालांकि, साल 2026 उनके लिए एक 'लिटमस टेस्ट' होगा। अगर वह इस पूरे साल कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाए तो वह अपने भविष्य पर दोबारा विचार कर सकते हैं।

**सिनर Vs अल्काराज**



मेंस टेनिस में पूरे साल असली टक्कर अल्काराज और सिनर के बीच ही होने की उम्मीद है। साल 2025 में दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से टेनिस को एक अलग गति और शक्ति प्रदान की। 2026 में दोनों के बीच 'करियर ग्रैंडस्लैम' पूरा करने की होड़ दिखेगी।


**91%** मैच जीते 2025 में सिनर ने और इस मामले में टॉप पर रहे। सर्वाधिक 71 मैच 8 सिंगल्स खिताब के साथ हालांकि, अल्काराज सबसे आगे रहे

### 2026 के खास पड़ाव

1. **करियर ग्रैंडस्लैम की रेस:** कार्लोस अल्काराज अगर 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत लेते हैं, तो वह इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे जिन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम जीते हैं।
2. **कॉनर्स, फेडरर और जोकोविच:** जिमी कॉनर्स के नाम 109 सिंगल्स खिताबों का सर्वकालिक रेकॉर्ड है। जोकोविच (101 खिताब) के साथ इस दूसरे नंबर पर कायम रोजर फेडरर (103 खिताब) के करीब हैं।
3. **भारत में तीसरी बार:** 2026 में भारत में चार एटीपी चैलेंजर इवेंट्स होंगे- बेंगलुरु (5 जनवरी), चेन्नै (9 फरवरी), दिल्ली (16 फरवरी) और पुणे (23 फरवरी)। ऐसा लगातार तीसरे सीजन में होगा।
4. **बदला हुआ कैलेंडर:** नए साल में विंबलडन और कैनेडियन ओपन के बीच 3 हफ्ते का अंतर होगा ताकि प्लेयर्स को रेस्ट मिल पाए

### सबालेंका के सामने 'ट्रायंगल'

विमिंस टेनिस में 2025 में आरिना सबालेंका लगातार टॉप पर बनी रहीं। वह नौ फाइनल्स में पहुंचीं, लेकिन सिर्फ यूएस ओपन जीत सकीं। उन्हें इगा स्विातेक, कोको गॉफ और एलेना रिबाकिना से कड़ी चुनौती मिली। नए साल में उन्हें फिर 'इगा-कोको-एलिना' के ट्रायंगल को फेस करना होगा।



**साल-2026 के टेनिस के सबसे बड़े इवेंट्स**

| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू | कोर्ट |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 12 जनवरी-1 फरवरी | मेलबर्न | हार्ड |
| फ्रेंच ओपन | 18 मई-7 जून | पैरिस | क्ले |
| विंबलडन | 29 जून-12 जुलाई | लंदन | ग्रास |
| यूएस ओपन | 31 अगस्त-13 सितंबर | न्यूयॉर्क | हार्ड |
| ATP फाइनल्स | 15-22 नवंबर | ट्यूरिन | इंडोर हार्ड |

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr)
आज का दिन सावधानी बरतने का है। किसी भी नए काम को शुरू करने से पहले उसके कानूनी पहलुओं पर अच्छी तरह से गौर करके चलें। व्यापार के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। इस पल का आनंद उठाएं।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May)
आज दिन की शुरुआत व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है, बशर्ते आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं। प्यार के मामले में आज का दिन ठीक है। घर-परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी और आपको जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun)
आज आप दूसरों की भावनाओं को पहचानकर उनके अनुसार चलेंगे तो आपको काफी आत्मसंतोष होगा। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी भी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल हो जाएंगे। बड़ों का आदर करें।

**CANCER** (22 Jun - 22 July)
आज आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौकों को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है। यह भी सोच लीजिए कि मौके बार-बार दरवाजे पर दस्तक नहीं देते। दिन के उत्तरार्ध में आराम करने के लिए समय मिलेगा। सरकार पक्ष से भी आज की कई मांग को पूरा करने का आसार आपके पास रहेगा।

**LEO** (23 July - 22 Aug)
आज का आपका दिन मिलाजुला रहने वाला होगा। आज आपको दिन के पहले हिस्से में दूसरों की अधिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकल आएगा। किसी अपने से थोड़े समय के लिए दूर जाने की स्थिति आ सकती है।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep)
आज आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा भी निभाएंगे। घर के सभी पुराने कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय के साथ घूमने-फिरने का प्लान बनाया जा सकता है। बिजनेस में किसी तरह का जोखिम उठाने का काम करना फायदेमंद नहीं होगा।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct)
आज आप अपनी पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शॉपिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास खयाल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो फिलहाल आपके काम में आने वाली नहीं हैं। आपके विचार पसंद किए जाएंगे। हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स के आशीर्वाद से आपकी पदोन्नति हो।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov)
आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी कामों को निपटाना जरूरी होगा। कोई पुराना दोस्त आज अचानक आपका मेहमान बनकर आ सकता है। अगर आपसे आज के दिन कोई भी व्यक्ति उधार मांगे, तो आप एक बार अपने सेविंग्स पर जरूर नजर डाल लें।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec)
आज आपको आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि रहेगी। जरूरी सामान की खरीदारी में शाम का समय बीतेगा। घर में बड़े-बुजुर्गों से बहसबाजी में न उलझें तो अच्छा है। उनकी राय भी सुन लें, क्या पता कभी काम पड़ने पर काम आ जाए।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan)
आज सुबह से ही किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर आपके उत्साहित रहेंगे। किसी नए ऑफर को लेकर आज बात बन सकती है। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ने की बात चल रही है। अपनी उम्मीदें पर काबू रखें। एक गलती परेशानी में डाल सकती है।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb)
आज दिन के पहले हिस्से में आपको छोटा-मोटा धन लाभ होगा। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। एक बार अनुभव हो जाए तो सारी दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए। आज कई तरह के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता अधिक रहेगी। बेहतर मौके की तलाश में रहें।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar)
आज आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। आप काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। कार्यक्षेत्र में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। आप अपने व्यवहार के बल पर अपने सोशल सर्कल में मेलजोल बढ़ाने में कामयाब हो जाएंगे।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

शनि एवं सूर्य वर्ष के स्वामी ग्रह हैं। पिता-पुत्र होने पर भी दोनों में परस्पर सद्भाव का अभाव रहता है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 के अंत तक आपके बिजनेस का विस्तार होगा। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत भी बनेंगे और आपका जीवन स्तर भी दूसरों से उच्च उठेगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में अपनी धार्मिक प्रवृत्ति और पाठ पूजा से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इस दौरान पुण्य कार्यों का लाभ भी मिलेगा। अप्रैल माह से लेकर मई-जून के बीच कुछ गुणी लोग आपके कार्य कौशल से प्रभावित होंगे। जुलाई महीने से लेकर अगस्त के महीने तक व्यापारी वर्ग के जातकों को बेहद उन्नति करने का मौका मिलेगा। सितम्बर महीने में दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। अक्टूबर से लेकर नवंबर तक मंगलदायक यात्रा आदि का आयोजन संभव है। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष विशेष लाभकारक सिद्ध होगा, जबकि विद्यार्थी वर्ग को लापरवाही के कारण निराशा का दौर झेलना होगा। इस वर्ष आप जिसमें पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे, उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दिसंबर में पुराने समय से रुका हुआ पैसा भी मिलेगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा तथा पुण्य कार्यों पर व्यय का योग भी है। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(शनिवार, 27 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 6, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, सप्तमी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 13, रज्जब 6, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 27 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। सप्तमी तिथि मध्याह्न 1 बजकर 10 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 9 बजकर 10 मिनट तक उपरांत उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। व्यतिपात योग दोपहर 12 बजकर 21 मिनट तक उपरांत वरीयान योग का आरंभ। वणिज करण मध्याह्न 1 बजकर 30 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - अनुरूपा षष्ठी, वीर बाल दिवस, जोड़ मेला (पंजाब)।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 4 | | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | 1 | | 9 | |
| | | 6 | | | | 3 | | |
| | 7 | 1 | | 5 | | 2 | 8 | |
| | | 5 | 8 | | 4 | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 3 | | 5 | 6 | |
| | | 4 | | | | 1 | | |
| | 2 | | 3 | | 5 | | 7 | |
| | 1 | | | 9 | | | 2 | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 कबतू उबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 कद्दूष बुझकर | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 21:00 धीरा |
| 13:30 भ से भड़े | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 12-25-2025 22:12 Color:



# UPI ऑटो-पे पर कंट्रोल, नहीं कटेंगे धोखे से पैसे

## NPCI ने दी राहत, नए साल से नियम लागू

AI Image




upihelp.npci.org.in पर सभी UPI ऑटोपे की जानकारी एक जगह मिलेगी।

■ NBT रिपोर्ट : यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) पर ऑटोपे सुविधा को ट्रैक करना अब पहले से आसान हो गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने लगातार आने वाले चार्जेस पर नजर रखने के लिए सख्ती की है। TOI के मुताबिक, इसका मकसद बिलिंग के उन तरीकों को रोकना है जो ग्राहकों को साफ तौर पर समझ नहीं आते। इससे ग्राहकों को अपने सब्सक्रिप्शन पर बेहतर कंट्रोल मिल सकेगा।

NPCI ने upihelp.npci.org.in नाम से एक नया सेंट्रल पोर्टल शुरू किया है। इसकी मदद से यूजर्स अपनी सभी 'UPI ऑटोपे' सेटिंग्स को एक ही जगह देख और मैनेज कर सकेंगे। यह कदम खासकर उन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की चालाकी (डार्क पैटर्न्स) को रोकने के लिए उठाया गया है, जो यूजर्स को धोखे से ऐसे ऑटोपेमेंट में फंसा देते हैं जहां हर महीने पैसे तो कटते हैं, लेकिन उन्हें बंद करना या ट्रैक करना बहुत मुश्किल होता है। यह पहल NPCI के 7 अक्टूबर 2025 को जारी किए गए एक सर्कुलर के बाद शुरू की गई है। UPI नेटवर्क से जुड़ी सभी कंपनियों को 31 दिसंबर 2025 तक इन बदलावों को लागू करना होगा। तब तक पुराने नियम पहले की तरह ही काम करते रहेंगे।

नए नियमों के मुताबिक, ग्राहक किसी भी UPI ऐप के मैनेज बैंक अकाउंट या ऑटोपे सेक्शन में जाकर अपने सभी एक्टिव ऑटोपेमेंट देख पाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि अब ऑटोपे को 'पोर्ट' भी किया जा सकेगा। यानी आप अपने ऑटोपे को एक UPI ऐप से दूसरे ऐप पर शिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही, कारोबारी भी अपने पेमेंट प्रोवाइडर को बदल सकते हैं। या अपनी UPI ID अपडेट कर सकते हैं। इससे पुराने पेमेंट नियमों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

NPCI ने इस सुविधा के साथ सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा है। ऑटोपे से जुड़ा कोई भी बदलाव करने के लिए UPI PIN डालना जरूरी होगा। एक ऑटोपे को 90 दिनों में सिर्फ एक ही बार पोर्ट किया जा सकेगा। ऐप्स ग्राहकों को कैशबैक या लालच देकर बार-बार ऐप स्विच करने के लिए मजबूर नहीं कर पाएंगे।

प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए, ऑटोपे के डेटा का इस्तेमाल सिर्फ उसे दिखाने के लिए ही किया जाएगा, किसी और काम के लिए नहीं। NPCI ने 'UPI Help' नाम का एक नया प्लेटफॉर्म भी शुरू किया है, जो बातचीत के जरिए ग्राहकों की मदद करेगा।

# नए साल में बढ़ेगी आर्थिक सुधारों की रफ्तार?


## GST 2.0, I-T ऐक्ट और लेबर कोड जैसे बड़े रिफॉर्म्स का साल रहा 2025

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने साल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस साल एक के बाद एक कई ऐसे कदम उठाए, जिनके दूरगामी असर दिखेंगे। बजट में इनकम टैक्स में राहत की घोषणा के बाद GST 2.0 के रूप में एक बड़ा टैक्स सुधार किया गया, वहीं लेबर कोड के जरिए विशाल वर्कफोर्स को संगठित क्षेत्र में लाने की राह बनाई गई। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस के साथ औद्योगिक क्षेत्र की राह भी आसान की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज ग्रोथ बनाए रखने के लिए नए साल में कुछ और आर्थिक सुधारों की जरूरत है।

अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित रहे साल में केंद्र ने आम बजट में 12 लाख रुपये सालाना आमदनी पर इनकम टैक्स छूट के साथ कंजम्पशन बूस्ट का बड़ा कदम उठाया। इसके बाद 15 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी ने GST 2.0 रिफॉर्म्स का ऐलान किया और सितंबर में GST की घटी दरें लागू की गईं। केवल 5% और 18% के रेट्स रखने का असर 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की दिवाली सेल्स के रूप में दिखा। इन सुधारों ने GST रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय भी घटा।

AI Image




### टैक्स पर नई राह

इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह नए और सरल आयकर कानून 2025 की राह भी बनाई गई, जो अगले साल 1 अप्रैल से लागू होगा। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कस्टम्स से जुड़े नियमों को सरल बनाने का एजेंडा भी सामने रख दिया है, जिस पर अगले साल कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग आसान

केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाने के लिए पर्यावरण से जुड़े नियमों में भी ढील दी और 33% ग्रीन कवर के नियम के बजाय इंडस्ट्री से हो सकने वाले प्रदूषण पर आधारित व्यवस्था बनाई। इंडस्ट्री से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि इससे प्रोजेक्ट कॉस्ट 20% घट सकती है।

### निवेशकों की सुरक्षा पर ज़ोर




स्टॉक मार्केट्स के मोर्चे पर केंद्र ने सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल संसद में पेश कर दिया, जिसे और चर्चा के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया है। इस बिल में नियमों के पालन का बोझ घटाने और शेयर बाजार में टेक्नॉलजी का उपयोग बढ़ाते हुए निवेशकों की सुरक्षा पर जोर है।

### सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट

AI Image



वहीं, 29 श्रम कानूनों की जगह लेने वाले 4 लेबर कोड से डिलीवरी बॉय से लेकर कैब ड्राइवर तक को PF, ESIC और इंश्योरेंस सहित दूसरे सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट की व्यवस्था की गई है। नेशनल लेवल पर मिनिमम वेजेज तय किए जाने से कम आमदनी वाले करीब 18 करोड़ कामगारों को फायदा हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'इन सुधारों से मैनपावर और प्रोडक्शन शटडाउन से जुड़े खर्च घटने से करीब 5000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।'

# डायरेक्ट टैक्स मामले में और सुधारों की ज़रूरत: इंडस्ट्री

AI Image



PHDCCI ने MSME सहित इंडस्ट्री के लिए ज्यादा कदम उठाने पर जोर देते हुए डायरेक्ट टैक्स के मामले में और सुधारों की जरूरत जताई है। उसका कहना है कि डिविडेंड इनकम पर टैक्सेशन में बदलाव करते हुए डिविडेंड पाने वाले पर जो असल रेट लागू होता हो, उसी के मुताबिक टैक्स लगे और यह 20% से ज्यादा न हो। उसने रिसर्च एंड डिवेलपमेंट में निवेश बढ़ाने के लिए टैक्स छूट पर जोर दिया। उसका कहना है कि प्लांट और मशीनरी में होने वाले इनवेस्टमेंट के 15% के बराबर इनवेस्टमेंट अलाउंस दिया जाना चाहिए। CII ने टैक्स चोरी पकड़ने के लिए एडवांस्ड एनालिटिक्स टूल्स के उपयोग पर जोर दिया। सरकार को गैर-रणनीतिक क्षेत्रों के सरकारी उद्यमों के निजीकरण के लिए अगले 3 साल का कार्यक्रम सामने रखना चाहिए और पूरी तरह निजीकरण की राह पर बढ़ना चाहिए। साथ ही, केंद्र से राज्यों को भेजी जाने वाली रकम का बेहतर उपयोग पक्का करने के लिए एक फिस्कल परफॉर्मेंस इंडेक्स बनाया जाना चाहिए।

# 'हर्बल टी के नाम पर गुमराह न करें कंपनियां'

AI Image



**FSSAI की दो टूक: हर ड्रिंक चाय नहीं होती**

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाने-पीने का बिजनेस करने वाली कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। रेगुलेटर ने कहा है कि जड़ी-बूटियों से बने घोल (हर्बल इन्फ्यूजन) और पौधों पर आधारित ड्रिंक्स को चाय (Tea) न कहें, अगर वे असली चाय के पौधे कैमेलिया सिनेंसिस (Camellia sinensis) से नहीं बने हैं। कानून के मुताबिक, ऐसा करना ग्राहकों को गुमराह करना और गलत जानकारी माना जाएगा। बुधवार को जारी किए गए इस निर्देश में रेगुलेटर ने बताया कि कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स को 'रूइबोस टी', 'हर्बल टी' और 'फ्लावर टी' जैसे नामों से बेच रही हैं। जबकि हकीकत यह है कि इनमें से कोई भी असली चाय के पौधे से नहीं तैयार किया जाता। नियामक ने ई-कॉमर्स, सामान बनाने वाली कंपनियों, पैकिंग करने वालों, मार्केटिंग करने वालों और इसे बेचने या बाहर से मंगाने वाले सभी कारोबारियों को नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि किसी भी ऐसे प्रोडक्ट के लिए सीधे या घुमा-फिराकर 'चाय' शब्द का इस्तेमाल न करें, जो असली चाय के पौधे से न बना हो। साथ ही, राज्य के अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों बाजारों में इन नियमों को सख्ती से लागू करवाएं।

# नवंबर में थमी क्रेडिट कार्ड से खर्च की रफ्तार

■ NBT रिपोर्ट : त्योहारी सीजन बीतने के साथ ही क्रेडिट कार्ड से होने वाले खर्च में कमी आई है। नवंबर के महीने में क्रेडिट कार्ड खर्च करीब 11% गिरकर वापस पुराने स्तर पर आ गया है। रिजर्व बैंक (RBI) के आंकड़ों के मुताबिक,



अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से 2.14 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वहीं, नवंबर में यह आंकड़ा घटकर 1.90 लाख करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, पिछले साल के नवंबर से तुलना करें तो इस बार खर्च में करीब 12% की बढ़ोतरी देखी गई है। ET के मुताबिक, भले ही खर्च में कमी आई हो लेकिन बैंकों ने नए कार्ड देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नवंबर में करीब 8 लाख 47 हजार नए क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिससे अब बाजार में कुल कार्ड्स की संख्या बढ़कर 11.48 करोड़ हो गई है।

# भारत में AI से जॉब को खतरा कम, मिलेंगे नए मौके : केंद्र

## साइंस-टेक वालों के लिए वरदान बनेगा AI : IT सचिव

■ पीटीआई, नई दिल्ली : पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से दफ्तर वाली नौकरियों (व्हाइट-कॉलर जॉब्स) पर संकट कम है। इसकी वजह ये है कि भारत में कुल कामकाजी आबादी के मुकाबले व्हाइट-कॉलर लोगों की संख्या काफी कम है। साथ ही, भारत में साइंस और टेक्नॉलजी (STEM) से जुड़ी नौकरियों का बोलबाला है, जो नए अवसर पैदा कर सकता है। आईटी सचिव एस. कृष्णन ने ये बातें कहीं।

**क्या है भारत की ताकत? :** कृष्णन ने बताया कि AI का असली असर तब दिखेगा जब अलग-अलग सेक्टरों के लिए खास ऐप्स और प्रोग्राम बनाए और इस्तेमाल किए जाएंगे। इस काम के लिए बड़ी संख्या में ट्रेंड लोगों की जरूरत होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यहीं से AI के जरिए नौकरियों के नए मौके निकलेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत इस क्षेत्र में दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है।



**भारत की तैयारी? :** कृष्णन के मुताबिक, भारत न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए AI का फायदा उठाने की अच्छी स्थिति में है। इससे देश में नौकरियां और समृद्धि दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का अपना स्वदेशी एप्लीकेशन मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो फरवरी में होने वाले 'AI समिट' से पहले बनकर तैयार हो सकता है।

**क्या है चुनौती? :** एक इंटरव्यू में कृष्णन ने कहा कि AI पहली ऐसी तकनीक है जिससे 'नॉलेज वर्कर्स' और दिमागी मेहनत करने वालों के लिए खतरा पैदा हुआ है। इससे पहले जो भी औद्योगिक क्रांतियां हुईं, उनमें मशीनों ने हाथ से किए जाने वाले काम (मैन्युअल लेबर) की जगह ली थी।

**इंसानी जरूरत कितनी? :** उन्होंने कहा कि AI की गलत या मनगढ़ंत जानकारी देने की समस्याओं की वजह से अभी लंबे समय तक इंसानों की निगरानी और काम को चेक करने की जरूरत बनी रहेगी। उनके मुताबिक, इस पूरी प्रक्रिया में इंसानी दखल हमेशा जरूरी रहेगा। कृष्णन ने बताया कि AI सिस्टम को चलाने के लिए बड़े कंप्यूटर और मॉडल बनाने में बहुत कम लेकिन बेहद हुनरमंद लोगों की टीम चाहिए होती है। इसमें पैसा तो बहुत लगता है, लेकिन इससे बहुत ज्यादा नौकरियां पैदा नहीं होतीं। असली नौकरियां तो तब बढ़ेंगी जब अलग-अलग क्षेत्रों के लिए AI ऐप्स बनाए जाएंगे।

# IAS कोचिंग सेंटर पर 11 लाख रुपये जुर्माना

AI Image




**गुमराह करने वाले विज्ञापन देने का आरोप, CCPA का ऐक्शन**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : UPSC सिविल सर्विसेज परीक्षा के परिणामों के बारे में 'गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने' के लिए विजन IAS (अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने 2022 और 2023 के परीक्षा परिणामों के मामले में उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के तहत यह एक्शन लिया।

कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे की अध्यक्षता वाली CCPA ने जांच में पाया कि विजन IAS ने 'CSE 2023 में टॉप 100 सेलेक्शंस में से 79 और टॉप 10 में से 7' और 'CSE 2022 में टॉप 50 में 39' अभ्यर्थी अपने यहां के होने के दावे किए थे और विज्ञापनों में इनके नाम, फोटो और रैंक प्रमुखता से प्रकाशित किए थे। CCPA ने जांच में पाया कि इंस्टिट्यूट ने 2022 और 2023 की परीक्षाओं में 119 से अधिक सफल अभ्यर्थियों का दावा किया था, लेकिन केवल 3 कैंडिडेट्स ने उसके फाउंडेशन कोर्स में दाखिला लिया था और बाकी 116 ने प्री और मेंस एग्जाम्स के लिए टेस्ट सीरीज, अभ्यास टेस्ट और मॉक इंटरव्यू प्रोग्राम्स चुने थे। CCPA ने कहा कि 'जानबूझकर जानकारी छिपाने' से अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में यह गलत राय गई कि विजन IAS सिविल सेवा परीक्षा के सभी चरणों में इन अभ्यर्थियों की सफलता के लिए जिम्मेदार है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 12-25-2025 22:09 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## आज ही हुई थी रेडियम की खोज

आज ही के दिन 1898 में खोजकर्ता मैरी क्यूरी और उनके पति पियरे क्यूरी ने दुनिया को रेडियम की खोज की जानकारी दी थी। उन्होंने पाया कि पिचब्लेंड नाम के खनिज में एक ऐसा तत्व मौजूद है जो यूरेनियम से भी लाखों गुना अधिक रेडियोएक्टिव है। इसका नाम लैटिन शब्द 'रेडियस' पर रखा गया, जिसका मतलब किरण होता है। इस खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## कैंसर का इलाज होगा और भी सटीक


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेडियम का सबसे आधुनिक रूप रेडियम-223 कैंसर के इलाज को और सटीक बनाएगा। इससे बनी दवाएं शरीर के स्वस्थ हिस्सों को नुकसान पहुंचाए बिना सीधे ट्यूमर पर हमला करेंगी। स्पेस विज्ञान में, रेडियम की मदद से ऐसी परमाणु घड़ियां बनाई जाएंगी जो समय को आज से कहीं अधिक सटीक बना देंगी। इससे लंबी अंतरिक्ष यात्राएं भी आसान होंगी। अपनी लंबी उम्र के कारण, यह भविष्य की कई वैज्ञानिक खोजों का आधार बना रहेगा।



AI Image


SPEED News

### थाइलैंड-कंबोडिया सीमा पर थाई सेना



File

द्वारा भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़े जाने पर भारत ने चिंता जताई थी। अब थाइलैंड ने कहा कि मूर्ति को तोड़ने का उद्देश्य धर्म नहीं।




### उत्तर कोरिया ने 8700 टन की पहली न्यूक्लियर

पावर्ड सबमरीन की तस्वीरें जारी की। नेता किम जोंग उन ने प्लांट का दौरा करते हुए इसे रक्षा नीति में महत्वपूर्ण बताया।

### भारतीय ट्रैवल ब्लॉगर अनंत मित्तल



को अरुणाचल प्रदेश को 'भारत' कहने पर चीन में 15 घंटे हिरासत में रखा गया। पूछताछ के दौरान पासपोर्ट और डिवाइस जांचे गए।



File

### यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने क्रिसमस

पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मौत की कामना की है। उन्होंने कहा कि रूस ने यूक्रेन को बहुत दुख-दर्द दिए हैं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# ढाका में तारिक की वापसी, रोड शो से लोकतंत्र, शांति, एकता का संदेश

## पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक 17 साल बाद देश लौटे, BNP को मिला चेहरा

Photos: AP/AFP

■ आईएएनएस, ढाका

17 साल के लंबे निर्वासन के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह वापसी ऐसे वक्त में हुई है, जब बांग्लादेश हिंसा, राजनीतिक संक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है और फरवरी में आम चुनाव प्रस्तावित हैं। इस पृष्ठभूमि में तारिक रहमान की घर वापसी सिर्फ एक व्यक्ति की वापसी नहीं, बल्कि सत्ता संतुलन बदलने वाला घटनाक्रम मानी जा रही है।

रहमान की वापसी ने राजनीति में हलचल मचा दी

तारिक रहमान ने ढाका पहुंचने के बाद तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया से मुलाकात की। अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को फोन करके धन्यवाद भी किया। बाद में एक रैली को भी संबोधित किया। तारिक रहमान ने कहा कि हम हर मुमकिन तरीके से शांति चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहें तो हम लोगों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं। तारिक रहमान ने कहा कि जैसे देश के लोगों ने 1971 में आजादी हासिल की, वैसे ही एक बार फिर बांग्लादेश की आजादी और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर तरह के लोग एकजुट होंगे। उन्होंने कहा कि आज, बांग्लादेश के लोग अपनी बात कहने का अधिकार वापस पाना चाहते हैं। वे लोकतंत्र का अपना अधिकार वापस पाना चाहते हैं। अब समय आ गया है कि सभी मिलकर देश बनाएं। उन्होंने कहा कि इस देश में पहाड़ी और मैदानी इलाकों के लोग हैं, मुस्लिम, हिंदू, बौद्ध और ईसाई। हम एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं।



ढाका एयरपोर्ट पर नंगे पांव उतरे तारिक ने 13 किमी. लंबा रोड शो किया।

**Q तारिक 17 साल तक देश से बाहर क्यों रहे?**
2008 में तारिक रहमान इलाज के लिए लंदन गए थे। उस समय उनके खिलाफ कई आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले चल रहे थे। राजनीतिक दबाव भी बढ़ा हुआ था। इसी वजह से वह लंबे समय तक ब्रिटेन में रहे।

**Q अब उनकी वापसी कैसे संभव हो पाई?**
एक साल में उच्च अदालतों ने तारिक रहमान को बड़े मामलों में बरी कर दिया, जिनमें 2004 का ग्रेनेड हमला और जिया ऑर्फनेज ट्रस्ट मामला शामिल है। इसके बाद उनकी राजनीतिक वापसी के कानूनी रास्ते साफ हुए।

**Q राजनीतिक हालात क्या हैं?**
2024 में हुए हिंसक जन आंदोलन के बाद शेख हसीना देश से बाहर चली गईं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। हालांकि, कानून-व्यवस्था पर सवाल भी उठ रहे हैं।



NBT EXPLAINER

### कौन हैं तारिक रहमान?

तारिक रहमान (58) बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी BNP के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वह दो बार देश की पीएम रहीं खालिदा जिया के बेटे हैं। पार्टी और समर्थकों में उन्हें खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकारी माना जाता है। तारिक को बांग्लादेश की राजनीति का 'क्राउन प्रिंस' कहा जा रहा है।

**Q तारिक की वापसी क्यों अहम मानी जा रही है?**
तारिक ऐसे समय लौटे हैं, जब BNP को पहली बार लगभग दो दशकों में बिना अवामी लीग के चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। उनकी वापसी से पार्टी को जमीनी नेतृत्व मिला है और विदेश से संचालित राजनीति का दौर खत्म हुआ है। इससे BNP की चुनावी रणनीति और संगठन दोनों मजबूत हुए हैं।

**Q क्या तारिक चुनाव लड़ेंगे?**
तारिक रहमान पहले ही कह चुके हैं कि वह आगामी आम चुनाव लड़ेंगे। BNP नेताओं के मुताबिक, वह मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन की औपचारिकताएं भी पूरी करेंगे, जिससे वह सीधे चुनावी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

**Q प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं?**
राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, BNP अगर बहुमत हासिल करती है तो तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे किया जा सकता है। उनकी मां खालिदा जिया गंभीर रूप से बीमार हैं, इसलिए पार्टी के पास तारिक रहमान सबसे मजबूत चेहरा माने जा रहे हैं।

**Q BNP के सामने क्या-क्या चुनौतियां हैं?**
BNP को सिर्फ सत्ता विरोधी लहर पर निर्भर नहीं रहना होगा। छात्र आंदोलन से निकली नई पार्टियां, बदले हुए राजनीतिक समीकरण और मानवाधिकार व अल्पसंख्यक सुरक्षा जैसे मुद्दे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके अलावा, अंतरिम सरकार के साथ पार्टी के रिश्ते भी पूरी तरह सहज नहीं माने जाते।





## 2025 रील्स, ट्रोल्स और वायरल ट्रेंड्स का साल

*2025 सिर्फ खबरों का नहीं, मीम्स और इंटरनेट कल्चर का साल भी रहा। कभी 'क्रोइसां' बना 'प्रशांत', कभी '6-7' दिमाग पर छा गया। महाकुंभ से लेकर चुनावी रण तक, हर पल मीम में बदला। सोशल मीडिया ने हंसी, तंज और ट्रेंड्स का ऐसा तूफान चलाया कि पूरा साल एक वायरल रील बनकर रह गया।*





**'Prashant' (The Croissant Mistake)**
यह साल का सबसे बड़ा 'Accidental' मीम था। एक फूड व्लॉगर ने 'Croissant' (फ्रेंच पेस्ट्री) को गलती से 'Prashant' बोल दिया। बस फिर क्या था, पूरे देश में पेस्ट्री की दुकानों के बाहर लोगों ने 'भाई, एक प्रशांत देना' कहना शुरू कर दिया।

**'Maha Kumbh ki Mona Lisa'**
जनवरी 2025 के महाकुंभ से एक महिला (मोनालिसा भोसले) की तस्वीर वायरल हुई, जो रुद्राक्ष बेच रही थी। लोगों ने उन्हें 'महाकुंभ की मोनालिसा' का टैग दिया और एडिटिंग विडियो बनाए।





**'Aura Farming'**
2025 में 'Aura' शब्द का क्रेज चरम पर था। जब कोई बिना मेहनत किए कूल दिखता था, तो उसे '+100,000 Aura' पॉइंट्स दिए जाते थे। इंडोनेशिया के एक छोटे बच्चे के नाव पर डांस करने वाले विडियो ने भारत में 'Aura Farming' का जबरदस्त मीम ट्रेंड शुरू किया।



**'6-7' (The Brainrot Slang)**
अगर आप 2025 में सोशल मीडिया पर थे, तो आपने '6-7' (Six-Seven) शब्द जरूर सुना होगा। Dictionary.com ने इसे 'Word of the Year' भी घोषित किया।

**'Vishal Mega Mart: The UPSC of Retail'**
भारत के जॉब मार्केट पर तंज कसते हुए एक मीम वायरल हुआ जिसमें कहा गया कि 'विशाल मेगा मार्ट' में गार्ड की नौकरी पाना UPSC या IIT-JEE से भी ज्यादा मुश्किल है। AI तस्वीरें बनाई जिनमें हरियाणा लाइन में खड़ी दिखी।







**'Husky Dance' (Ichu Ichu Trend)**
एक नन्हे हस्की कुत्ते का भारतीय गानों (खासकर 'इचु इचु') पर एनिमेटेड डांस वीडियो 2025 का सबसे बड़ा 'Serotonin Boost' बना। हर दूसरे रील में वही हस्की कुत्ता झूमता हुआ नजर आता था।

**'First Day as a Spy in Pakistan'**
फिल्म 'धुरंधर' के रिलीज होने के बाद यह ट्रेंड चला। इसमें भारतीय लोग खुद को पाकिस्तान में 'जासूस' (Spy) दिखाते थे, लेकिन अपनी भारतीय आदतों की वजह से पकड़े जाते थे–जैसे कि:
रास्ते में गिरे हुए कागज या किताब को छूकर माथे से लगाना।
दुकानदार को गलती से 'भैया' बोल देना। हर जगह 'भैया, स्कैनर देना' (UPI के लिए) पूछना।



**दिल्ली चुनाव मीम्स: 'और लड़ो आपस में'**
दिल्ली चुनाव के दौरान बीजेपी की जीत और गठबंधन की हार पर महाभारत का सीन 'और लड़ो आपस में' वायरल हुआ। वोटर्स को 'मुन्ना भैया' (मिर्जापुर) के रूप में दिखाया गया।





# अस्पताल में 8 घंटे इंतज़ार, कनाडा में भारतीय की मौत

## कहा- पापा, मैं दर्द सहन नहीं कर पा रहा

■ NBT रिपोर्ट: भारतीय मूल के प्रशांत श्रीकुमार (44) का कनाडा के अस्पताल की इमरजेंसी सेवा में 8 घंटे तक इंतजार करने के बाद हार्ट अटैक से निधन हो गया। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, सीने में तेज दर्द महसूस होने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उनका रजिस्ट्रेशन किया गया और उन्हें इंतजार करने के लिए कहा गया।

8 घंटे के इंतजार के बाद प्रशांत की हार्ट अटैक से हुई मौत

प्रशांत के पिता कुमार श्रीकुमार के अनुसार, "मेरे बेटे ने मुझसे कहा, 'पापा, मैं इस दर्द को सहन नहीं कर सकता।' प्रशांत ने अपने दर्द की गंभीर स्थिति के बारे में अस्पताल कर्मचारियों को बताया। हालांकि, उनके अनुसार, ECG जांच के बाद कहा गया कि कोई गंभीर समस्या नहीं है और उन्हें इंतजार करना होगा। आठ घंटे से अधिक इंतजार के बाद जब प्रशांत को इलाज के लिए बुलाया गया। सीने पर हाथ रखकर गिर पड़े और मौत हो गई।



प्रशांत श्रीकुमार

### मामले की समीक्षा CMEO के पास

ग्रे नन्स अस्पताल मैनेजमेंट ने कहा कि इस मामले को चीफ मेडिकल एग्जामिनेशन ऑफिसर (CMEO) को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम मरीज और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे लिए मरीजों की सुरक्षा और देखभाल सबसे महत्वपूर्ण है।

# भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द मिलेंगे पानी वाले ड्रोन

AI Image

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स को जल्द ही वॉटर बेस्ड ड्रोन यानी पानी वाले ड्रोन मिल सकते हैं। स्पेशल फोर्स ने इसकी प्रक्रिया शुरू की है और जल्द ही इसकी खरीद की मंजूरी मिल सकती है। ये ड्रोन इमरजेंसी खरीद के तहत की जाएगी। इसके अलावा स्पेशल फोर्स अपनी अंडर वॉटर कैपेबिलिटी (क्षमता) को भी अपग्रेड कर रही है और इमरजेंसी खरीद के तहत कई डाइविंग उपकरण लेने की भी योजना है।

प्रक्रिया शुरू हुई, जल्द मिल सकती है खरीद की मंजूरी

ये ड्रोन फोर्स की ताकत कई गुना बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ ब्लैक सी में अपने वॉटर बेस्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसे सी बेबी (Sea Baby) के नाम से जाना जाता है। यूक्रेन का सी बेबी वॉटर बेस्ड ड्रोन है जिसमें विस्फोटक होता है। ये हाई स्पीड यूएवी है। इसे रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है और ये टारगेट के पास पहुंचकर स्यूसाइड बॉमर की तरह फट जाता है।



### 'सिंदूर' के हथियार और खरीदे जाएंगे

भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स अब उन हथियार और उपकरणों की और खरीद कर रही है जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। स्पेशल फोर्स के पास मौजूद लॉइटरिंग एम्युनिशन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। अब स्पेशल फोर्स ज्यादा रेंज के लॉइटरिंग एम्युनिशन इमरजेंसी खरीद के तहत लेने की तैयारी कर रही है।

### फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे

स्पेशल फोर्स को ज्यादा रेंज के ड्रोन भी मिलेंगे। भारतीय सेना के पास पहले से ही स्पाइक मिसाइल थी लेकिन अब स्पेशल फोर्स के पास भी ये मिसाइल होंगी। स्पाइक एक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है, जो फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसके कई वर्जन हैं, छोटे रेंज से लेकर ज्यादा रेंज तक। स्पेशल फोर्स अब ज्यादा रेंज के वेपन पर फोकस कर रही है।

# कैब बुकिंग में नया सेफ्टी फीचर, महिलाएं फीमेल ड्राइवर चुन सकेंगी

AI Image

■ NBT रिपोर्ट

**यात्रियों की** सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कैब एग्रीगेटर्स के लिए नया निर्देश जारी किया है। ET की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने यह अनिवार्य किया है कि कैब बुक करते समय यात्री, उपलब्धता के आधार पर, अपने ही जेंडर के ड्राइवर को चुन सकें। नए नियम के तहत ऐप में ऐसा फीचर शामिल करना होगा, जिससे यात्री समान जेंडर के ड्राइवर का विकल्प चुन सकें। इसमें महिला यात्रियों के लिए महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प भी शामिल है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा 'जहां उपलब्ध हो' के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, इस पर अभी तक प्रमुख कैब कंपनियों जैसे उबर, ओला और रैपिडो की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

उबर, ओला और रैपिडो पर लागू होंगे नए नियम



### देर रात बढ़ सकता है वेटिंग टाइम

इंडस्ट्री से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एग्रीगेटर प्लैटफॉर्म्स पर महिला ड्राइवरों की संख्या कुल ड्राइवरों का 5% से भी कम है। ऐसे में समान जेंडर ड्राइवर का विकल्प देने से खासकर देर रात के समय वेटिंग टाइम काफी बढ़ सकता है, जब इस सुविधा की मांग सबसे ज्यादा होती है और ड्राइवरों की उपलब्धता पहले से ही सीमित रहती है। अधिकारी ने कहा कि यह कदम कैब सेवाओं की 'ऑन-डिमांड' प्रकृति के विपरीत जा सकता है। यात्रियों को सफर पूरा होने के बाद ड्राइवर को स्वैच्छिक टिप देने की अनुमति दी है। हालांकि, यह सुविधा यात्रा शुरू होने से पहले, बुकिंग के समय या यात्रा के दौरान उपलब्ध नहीं होगी।


# जवानों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल की इजाज़त

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारतीय सेना** की सोशल मीडिया पॉलिसी के तहत सैनिक इंस्टाग्राम का इस्तेमाल सिर्फ देखने और निगरानी के लिए कर सकते हैं। इंस्टाग्राम पर कोई कमेंट या राय शेयर नहीं की जा सकती है। स्काइप, वट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे ऐप्स पर सामान्य और गैर-गोपनीय जानकारी साझा करने की इजाजत है। जानकारी सिर्फ जान पहचान के लोगों के साथ ही शेयर की जा सकती है। यूट्यूब, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स सिर्फ जानकारी हासिल करने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। खुद का कंटेंट, मेसेज या पोस्ट करने की इजाजत नहीं है। लिंक्डइन का इस्तेमाल सिर्फ रिज़्यूमे अपलोड करने और संभावित कर्मचारी के बारे में जानकारी लेने के लिए किया जा सकता है।

...लेकिन कोई कमेंट या राय शेयर नहीं कर सकते



### सोशल मीडिया पर सेना की नई नीति

इस बदलाव का मूल कारण यह है कि सूचना युग बदल रहा है और सेना इस जगत से खुद को अलग नहीं रख सकती। पिछले महीने आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि हमने अपने सैनिकों से कहा है कि एक्स का इस्तेमाल बस देखने के लिए करें, अभी जवाब देने के लिए इस्तेमाल ना करें।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. तारिक रहमान किस राजनीतिक दल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं?
A) अवामी लीग B) बीएनपी C) जमात-ए-इस्लामी

2. ओडिशा में मुठभेड़ में मारे गए नक्सली गणेश पर कितने रुपये का इनाम घोषित था?
A) 50 लाख रुपये B) 75 लाख रुपये C) 1.10 करोड़ रुपये

3. महिला ड्राइवरों की कुल संख्या एग्रीगेटर प्लैटफॉर्म्स पर कितनी है?
A) 5% से भी कम B) 10% C) 20%

4. सेना की स्पेशल फोर्स को कौन सा नया उपकरण मिलने वाला है?
A) वॉटर बेस्ड ड्रोन B) एयर स्ट्राइक ड्रोन C) आर्मी रोबोट

5. किस फंड के तहत अटके हुए हाउसिंग प्रोजेक्ट को पूरा करने और घर खरीदारों को राहत दी जाएगी?
A) PMAY-Urban B) SWAMIH-2 C) HUDCO फंड

**कल के जवाब**
A1 B. 5908 Kg A2 A. रसेल ब्रांड A3 A. 2 A4 C. पाकिस्तान A5 A. एयर इंडिया

**लकी विनर्स**



1. अर्चना सक्सेना, लखनऊ
2. मनोज सक्सेना, गाजियाबाद
3. संतोष कौर, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 12-25-2025 22:34 Color:



# एक साल के पीजी में केवल DU स्टूडेंट्स को मिलेगी सीट

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली यूनिवर्सिटी अगले सेशन 2026-27 से एक साल का पोस्टग्रैजुएट कोर्स शुरू करने जा रहा है। एक साल के पीजी कोर्स में सिर्फ उन स्टूडेंट्स को दाखिला मिलेगा, जिन्होंने DU से ही चार साल का अंडरग्रैजुएट कोर्स पूरा किया है। साथ ही, इसके लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट - पोस्टग्रैजुएट (CUET-PG) भी नहीं देना होगा। एक साल के PG में UG के 8 सेमेस्टर के ऐवरेज पर मेरिट बनेगी।

DU में पीजी के 83 कोर्स हैं, इस साल 13500 सीटों पर दाखिले हुए हैं। नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के तहत डीयू में 2022 में चार साल का यूजी कोर्स शुरू हुआ था। इस साल इस पहले बैच के स्टूडेंट्स अपने फोर्थ ईयर में हैं। इन स्टूडेंट्स के पास एक साल का पीजी करने का ऑप्शन है, मगर सभी को नहीं। DU की डीन एडमिशन प्रो हनीत गांधी ने बताया, एक साल का पीजी कोर्स वही स्टूडेंट कर सकता है, जिसने DU से चार का यूजी कोर्स पूरा किया हो। मगर यह भी शर्त है कि चार साल का पीजी मेजर (सब्जेक्ट) या ऑनर्स होना चाहिए।

File Photo



**एक साल का पीजी:** यूजी मेरिट से एक साल के पीजी कोर्स में वही स्टूडेंट्स दाखिला ले पाएंगे, जिन्होंने डीयू से चार साल का यूजी कोर्स किया है, मेजर या ऑनर्स के साथ। एक साल के पीजी की सीटों पर दाखिला स्टूडेंट्स की यूजी के आठ सेमेस्टर के ऐवरेज स्कोर की मेरिट पर होगा।

**दो साल का पीजी:** CUET स्कोर पर डीयू के हर दो साल के PG कोर्स में दाखिले के लिए सीयूईटी पीजी के स्कोर पर दाखिला होगा। CUET PG के लिए NTA ने प्रक्रिया शुरू कर दी है और स्टूडेंट्स 14 जनवरी 2026 तक फॉर्म भर सकते हैं। यह फॉर्म भरने वाले और एंट्रेंस देने वाले ही PG कोर्सों के लिए बाद में अप्लाई कर सकेंगे।

**4 साल के यूजी:** माइनर ऑप्शन वाले स्टूडेंट्स को CUET PG देना जरूरी होगा।

### ऑनलाइन प्रोग्राम में दाखिले का मौका

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में जनवरी 2026 सेशन के लिए ऑनलाइन कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में 300 से ज्यादा कोर्सों के लिए एडमिशन विंडो खोली थी। अब ओडीएल और ऑनलाइन दोनों मोड के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

### NEP 2020 के तहत मिले थे विकल्प

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

NEP 2020 ने देशभर की यूनिवर्सिटीज में चार साल के अंडरग्रैजुएट कोर्स लाने की सिफारिश दी और 2022 में डीयू ने इसे लागू किया। आइडिया था स्टूडेंट्स को ज्यादा से ज्यादा पढ़ने के ऑप्शन देना, पढ़ाई को इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच देना। चार साल के यूजी में हर साल कोर्स छोड़ने का मौका भी दिया गया। पहले साल सर्टिफिकेट के साथ, दूसरे साल डिप्लोमा के साथ, तीसरे साल ऑनर्स के साथ। चार साल के यूजी में ऑनर्स विद रिसर्च/मेजर/माइनर का ऑप्शन दिया गया। डीयू में 60% से ज्यादा स्टूडेंट्स ने फोर्थ ईयर में दाखिला भी लिया। ऑनर्स या मेजर के साथ स्टूडेंट्स यूजी स्तर पर ही सब्जेक्ट की गहराई या रिसर्च की ओर जाएंगे, ऐसे में इनके लिए NEP ने एक साल के पीजी का ऑप्शन दिया।

## 10वीं मंज़िल से कूद कारोबारी ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, सुभाष प्लेस: नेताजी सुभाष प्लेस स्थित प्लाजा की दसवीं मंजिल से कूदकर एक कारोबारी ने जान दे दी। मृतक की पहचान 43 वर्षीय अभिषेक बंसल के रूप में हुई है, जो गुरुग्राम के DLF क्रेस्ट सोसाइटी में रहते थे। उन्हें BSA अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने भाई के साथ कपड़े का कारोबार करते थे। अभी आत्महत्या के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। नेताजी सुभाष प्लेस थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे**

पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि अभिषेक पिछले कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान चल रहे थे। नेताजी सुभाष प्लेस स्थित एक इमारत में दसवीं मंजिल पर उनका ऑफिस है। दोपहर में उन्होंने कथित तौर पर ऑफिस से नीचे कूदकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और शव पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंसल के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस को फिलहाल मौके से किसी तरह का स्यूसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस उनके ऑफिस में उनकी डायरी और अन्य कागजातों की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस ने उनका मोबाइल फोन जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। पुलिस परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ कर खुदकुशी के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन



गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से शुरू होकर हरि नगर में संपन्न हुआ यह भव्य नगर कीर्तन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साहिब**-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन गुरुवार सुबह किया गया। यह नगर कीर्तन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के नेतृत्व में निकाला गया। नगर कीर्तन अरदास के बाद पांच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से शुरू हुआ और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एल-ब्लॉक, आनंद विहार, हरी नगर में संपन्न हुआ।

पांच प्यारों की अगुवाई में निकले इस नगर कीर्तन में सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब सुशोभित थे। नगर कीर्तन में गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के स्टूडेंट्स, दल पंथ के विभिन्न प्रतिनिधियों, निहंग सिंह जत्थेबंदियों सहित कीर्तन करने वाले जत्थे और टीमें शामिल रहीं। गुरुद्वारा कमिटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दसवें पातशाह ने 1699 की बैसाखी को खालसा की साजना कर दुनिया को एक मार्शल कौम दी। उन्होंने कहा कि खालसा अकाल पुरुष की फौज है, जो न केवल अपनी कौम के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए काम करती है और गुरु द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमेशा सर्वत्र भले की अरदास करती है।

## धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप, AAP के नेताओं पर FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image




**कनॉट प्लेस** थाने में आम आदमी पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं पर ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में FIR दर्ज की गई है। यह FIR पूर्व विधायक सौरभ भारद्वाज, बुराड़ी से विधायक संजीव झा और आप के विधायक प्रत्याशी आदिल अहमद खान के खिलाफ दर्ज की गई है। उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 299 (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत करने के उद्देश्य से किया गया कृत्य), धारा 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्दों का प्रयोग) और धारा 3(5) (सामूहिक दायित्व) के तहत 25 दिसंबर को मामला दर्ज किया है।

**सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल अहमद खान पर दर्ज हुआ मामला**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह शिकायत अधिवक्ता खुशबू जॉर्ज द्वारा दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तीनों नेताओं ने 17 और 18 दिसंबर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर विडियो अपलोड किए, जिनमें कनॉट प्लेस पर सार्वजनिक रूप से किए गए एक राजनीतिक स्किट को दिखाया गया है। शिकायत के मुताबिक, इन विडियोज में सांता क्लॉज की वेशभूषा में लोगों को सड़क पर बेहोश होकर गिरते हुए दिखाया गया है और उन्हें राजनीतिक संदेश देने के लिए प्रतीक (प्रॉप) के रूप में इस्तेमाल किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि सांता क्लॉज, जिन्हें दुनिया भर के ईसाइयों के लिए एक पूजनीय धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है।


### ...तब भावनाएं क्यों आहत नहीं हुईं: सौरभ

**नई दिल्ली:** AAP के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रदूषण को लेकर सांता क्लॉज की स्किट ने BJP की सरकार को एक्सपोज किया, तो BJP ने हमारे खिलाफ केस करा दिया। उन्होंने दावा किया कि शिकायत देने वाले भी BJP के ही कार्यकर्ता हैं। धार्मिक भावनाएं भड़काने की FIR तो उस दिन होनी चाहिए थी जब लाजपत नगर में सांता क्लॉज की टोपियां खींची गईं। विधायक संजीव झा ने कहा कि सांता तो प्रोत्साहन और संदेश देने वाले प्रतीक हैं। यह मामला धार्मिक भावनाओं का नहीं, बल्कि BJP की राजनीतिक भावनाओं का है। पार्टी नेता आदिल खान ने कहा कि BJP चाहे जितनी FIR करवा ले, AAP जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी।

## शादी के लिए कराई थी FD, ठगों ने उड़ाए 80 हज़ार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शादी के लिए बैंक में एफडी कराने वाली एक युवती साइबर ठगों का शिकार हो गई। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर ओटीपी हासिल किया और उसके खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि त्रिलोकपुरी निवासी शमीम बानो ने अपनी शादी के लिए एक लाख रुपये की एफडी कराई थी। एफडी के साथ उन्हें एक क्रेडिट कार्ड भी मिला था, जिसकी लिमिट 40 हजार रुपये थी। उन्होंने एक बार कार्ड से 30 हजार रुपये खर्च किए थे, लेकिन समय पर भुगतान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने कार्ड का इस्तेमाल बंद कर दिया। कुछ समय बाद बैंक ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर एक हजार रुपये काट लिए। इस पर शमीम बानो कार्ड बंद कराने बैंक पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनका कार्ड खो चुका है।

AI Image



## सब्सिडी आधी होने के बावजूद पूरे देश में बिकीं 11.3 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियां

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत में इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी अब नए दौर में पहुंच गई है। पहले के मुकाबले सब्सिडी आधी होने के बावजूद देशभर में 11.3 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री हुई है। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना ने अपने पहले साल में फेम-2 योजना की तुलना में हर गाड़ी पर सब्सिडी आधी होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में EV बिक्री में मदद की है। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (CEEW) के ग्रीन फाइनेंस सेंटर की ओर से जारी रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ई-ड्राइव में मिलने वाली सब्सिडी के तहत EV की बिक्री फेम-2 की तुलना में सालाना 3.4 गुना रही है। यह साफ संकेत है कि EV सेक्टर लोगों की पसंद बन चुका है और ऑटो सेक्टर में बड़ा बदलाव आ रहा है।



- पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत दी जाती है इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर सब्सिडी
- EV की बिक्री साल 2024-25 में कुल 19.6 लाख यूनिट तक पहुंच गई है

### कुल बिक्री में EV अब 7.5%

रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2014-15 में देश में करीब 2,000 इलेक्ट्रिक गाड़ियां बिकती थीं। यह संख्या 2019-20 के बाद तेजी से बढ़ी और 2024-25 में कुल 19.6 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। कुल गाड़ियों की बिक्री में EV का हिस्सा अब 7.49% हो गया है।

### 11.5 लाख EV टूवीलर बिके

CEEW-ग्रीन फाइनेंस सेंटर के मुताबिक, शुरुआती दौर में ई-रिक्शा की हिस्सेदारी ज्यादा थी लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 2024-25 तक कुल 11.5 लाख+ EV टू-वीलर गाड़ियां बिक चुकी हैं।

### पीएम ई-ड्राइव है बड़ा बदलाव

कमर्शल इलेक्ट्रिक 4 पहिया गाड़ियों की बिक्री में भी 2024-25 तक साफ बढ़ोतरी देखी गई है। EV कारों की संख्या अभी कम है लेकिन इसमें भी धीरे-धीरे बढ़त हो रही है। CEEW के फेलो और डायरेक्टर कार्तिक गणेशन ने कहा कि फेम-2 से पीएम ई-ड्राइव की तरफ जाना भारत की EV नीति में बड़ा बदलाव है। कम प्रोत्साहन के बावजूद 11.3 लाख EV की बिक्री बताती है कि बाजार के कई हिस्से अब अपने दम पर आगे बढ़ने लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि दिल्ली, गोवा और कर्नाटक जैसे ज्यादा आय वाले राज्यों में EV तेजी से अपनाया जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-25-2025 22:53 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 > पौष 5, शक 1947, पौष शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 307 > पेज 22 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी मे विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



‘आलिया से ज्यादा फीस लेती हैं श्रद्धा’

DelhiTimes



भारत Vs श्रीलंका

तीसरा T20 आज

7:00 pm से, तिरुवनंतपुरम
प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

p14







इयरएंडर सीरीज में आज जानिए 2025 में दिल्ली के बदलते 'वीकेंड कल्चर' के बारे में। कैसे दिल्लीवालों ने मोबाइल और OTT की 'वर्चुअल दुनिया' को छोड़कर खेल के मैदानों और कॉन्सर्ट्स की 'रियल दुनिया' को चुना। क्यों छुट्टी का मतलब घर पर सुस्ताना नहीं, पसीना बहाकर एंजॉय करना है।

देखें पेज 10

### मौसम

अधिकतम तापमान 22.6°

6.5° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 5:32 शुक्रवार | सूर्योदय 7:12 शनिवार

अगले 7 दिन कोहरा अधिक परेशान नहीं करेगा। ठिठुरन बढ़ेगी।

*18+4

DelhiTimes

# ओडिशा में ₹1.10 करोड़ के इनामी समेत 6 नक्सली ढेर

## शाह ने कहा- राज्य नक्सल-मुक्त होने के कगार पर

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को गुरुवार सुबह ओडिशा से बड़ी सफलता हाथ लगी। नक्सलियों के टॉप-10 कमांडरों में शामिल गणेश उइके (69) कंधमाल में पांच अन्य साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। करीब 30 वर्षों से नक्सली हिंसा में शामिल गणेश के ऊपर 1.10 करोड़ रुपये का इनाम था। इससे पहले 21 मई को छत्तीसगढ़ में टॉप नक्सली कमांडर बसवराजू उर्फ नंबाला केसव राव और 18 नवंबर को माडवी हिडमा को ढेर किया गया था। अब रेडार पर नक्सलियों के टॉप कमांडर देवजी उर्फ थिप्परी तिरुपति, अनल दा उर्फ तूफान और मल्लाराजी रेड्डी उर्फ सतन्ना बचे हैं।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के IG सुंदरराज. पी ने एनबीटी को बताया कि गणेश उइके के खिलाफ अकेले छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों में ही 16 आपराधिक केस थे। इनमें सबसे गंभीर 2014 में सुकमा में पुलिस टीम पर किया गया हमला शामिल है, जिसमें 15 पुलिस जवान मारे गए थे।




69 साल का गणेश उइके कंधमाल में मारा गया, मूलरूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का था।

16 केस थे, इनमें 2014 में सुकमा में पुलिस टीम पर हमला भी शामिल, जिसमें 15 जवान शहीद हुए थे।

गणेश रूपा, राजेश तिवारी उर्फ पक्का, हनुमंतु उर्फ सोमारू जैसे उपनामों से जाना जाता था।

### गृह मंत्री ने दोहराया- 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करेंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके और पांच अन्य नक्सलियों के मारे जाने को अगले साल 31 मार्च तक नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में मील का महत्वपूर्ण पत्थर बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच X पर लिखा कि कंधमाल के अभियान के साथ ही ओडिशा नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त होने के कगार पर है। पेज 9

# उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी

IANS



Merry Christmas... दुनियाभर में क्रिसमस की धूम के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह दिल्ली के गिरिजाघर 'कथीड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन' पहुंचे और वहां विशेष प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कैरल (गीत) और भजन भी सुने और कुछ को गाया भी। पेज 3

- प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आशा है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लेकर आएगी।
- बीते कुछ वर्षों में मोदी नियमित रूप से ईसाई समुदाय के कार्यक्रमों में हिस्सा लेते रहे हैं, 2023 में वह 'सेक्रेड हार्ट कथीड्रल' में पहुंचे थे।
- साल 2023 में क्रिसमस पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली स्थित अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर विशेष कार्यक्रम की मेजबानी भी की थी।
- 2024 में 'कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' के कार्यक्रम में पहुंचे थे। इसी साल वह कैबिनेट मंत्री जॉर्ज कुरियन के डिनर में भी गए।





हरियाणा सरकार
साहिबजादा ज़ोरावर सिंह जी व
साहिबजादा फ़तेह सिंह जी
के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें
देशवासियों का श्रद्धापूर्वक नमन
वीर बाल दिवस
26 दिसम्बर, 2025
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
26 दिसम्बर, 2025 | दोपहर 12 बजे | सिरसा
"वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कभी न हार मानने वाले मनोभाव का प्रतीक है।
यह दिन हमें स्मरण दिलाता है कि जब वीरता की पराकाष्ठा की बात आती है तो उम्र कोई मायने नहीं रखती है।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


DIP/Shabdarth/Display/0105/25-26
दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालय
आमंत्रण
वीर बाल दिवस 2025
श्री गुरु गोबिंद सिंह जी
के चारों साहिबज़ादों के अद्वितीय साहस, बलिदान और अटूट आस्था को समर्पित
राष्ट्रीय स्मरण समारोह
26 दिसंबर 2025
दोपहर 02:00 बजे से
त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली
मुख्य अतिथि
श्रीमती रेखा गुप्ता जी
माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार
विशिष्ट अतिथि
श्री आशीष सूद जी
माननीय शिक्षा मंत्री, दिल्ली सरकार
सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा जी
माननीय उद्योग मंत्री, दिल्ली सरकार
आइए, वीर बाल दिवस की अमर विरासत को नमन करें और भावी
पीढ़ियों को शाश्वत मूल्यों से प्रेरित करें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 12-26-2025 00:00 Color:



# क्रिसमस पर चर्च पहुंचे PM मोदी, प्रेयर में हुए शामिल



### कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन में पहुंचकर सामान्य लोगों की तरह प्रार्थना में शामिल हुए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिसमस पर** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन पहुंचे। यहां वह करीब आधे घंटे तक रुके। उन्होंने वहां आए सभी लोगों के साथ प्रार्थना में हिस्सा लिया। उनके लिए चर्च में कोई वीआईपी इंतजाम नहीं किए गए थे। उन्होंने भी चर्च में सामान्य प्रेयर की।

गुरुद्वारा रकाब गंज के पास स्थित यह चर्च दिल्ली के सबसे पुराने और बड़े चर्च में शामिल है। यहां प्रार्थना सभा में प्रेयर, कैरोल और बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। पीएम ने वहां लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। चर्च के बिशप पॉल स्वरूप ने बताया कि पीएम के लिए चर्च में कोई विशेष इंतजाम नहीं थे। वह सामान्य लोगों के साथ ही बैठे। इसके बाद उन्होंने कैरल्स भी गाई। जिस समय पीएम मौजूद थे उस समय दो कैरल्स हिंदी में गाए गए। इन्हें पीएम ने भी गाया।


**पीएम के आने से लोगों में दिखी खुशी :** पीएम के जाने के बाद हिंदी कैरल टीम में शामिल सारा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरी प्रार्थना में हिस्सा लिया। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि वह हमारे साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन में शामिल हुए। एक अन्य सिंगर आकांक्षा ने कहा कि हमारी क्रिसमस और भी खुशनुमा हो गई क्योंकि प्रधानमंत्री यहां आए और हमने उनके सामने गीत गाए।

Photos : PTI





**पीएम संग क्रिसमस:** चर्च में बिशप पॉल स्वरूप की तरफ से पीएम के लिए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था।





### पीएम ने फोटो भी किया शेयर

बाद में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर चर्च की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना में शामिल हुआ। इस प्रार्थना में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका है। उम्मीद है कि क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाएगी।

### अलग-अलग चर्च में भी रही सुबह से भीड़



वहीं, राजधानी के तमाम गिरजाघरों में क्रिसमस पर मास प्रेयर की गई। सुबह भी गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। लोगों की भीड़ सुबह से ही चर्चों में दिखने लगी थी। शाम पांच बजे तक चर्चों के बाहर लाइनें लगी थीं। लोग अंदर जाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। हर धर्म के लोग यहां प्रेयर के लिए पहुंच रहे थे। रोमन कैथोलिक आर्कडायसिस चर्च, गोल मार्केट स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च, मंदिर मार्ग के सेंट थॉमस चर्च, संसद मार्ग के फ्री चर्च, दिल्ली कैंट के सेंट मार्टिन चर्च, वसंत कुंज के सेंट मैरी चर्च में भी लोगों की काफी भीड़ रही।

एक दशक बाद क्रिसमस के मौके पर दिल्ली का AQI इतना कम रहा, 234 एक्यूआई हुआ दर्ज

## दिल्ली को क्रिसमस गिफ्ट

# 10 साल बाद मिली इतनी 'साफ' हवा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एक दशक** बाद राजधानी के लोगों ने इतनी साफ हवा में क्रिसमस का जश्न मनाया है। बीते बुधवार से चल रही तेज हवाओं की वजह से गुरुवार को दिल्ली की हवा में काफी सुधार दिखा और यहां का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) बेहद गंभीर कैटिगरी से खराब कैटिगरी में आ गया। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के बुलेटिन के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली का ओवरऑल एक्यूआई 234 दर्ज किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार आज भी प्रदूषण का स्तर खराब कैटिगरी में ही रह सकता है। इसके बाद शनिवार से यह 300 के ऊपर पहुंच सकता है।

**पूर्वानुमान के अनुसार आज भी AQI 300 से नीचे रह सकता है**

सीपीसीबी के अनुसार, गुरुवार को एनसीआर के शहरों की भी स्थिति पहले से बेहतर रही। फरीदाबाद का एक्यूआई 215, गाजियाबाद का 280, ग्रेटर नोएडा का 268, गुरुग्राम का 239 और नोएडा का एक्यूआई 256 रहा। दिल्ली में महज दो जगहों पर एक्यूआई 300 से ऊपर रहा। इनमें बवाना का 308 और आनंद विहार का 320 एक्यूआई रहा। सबसे साफ हवा लोदी रोड की रही। यहां का एक्यूआई महज 120 रहा।

### ■ 2021 में बना था रिकॉर्ड

क्रिसमस पर राजधानी का एक्यूआई एक दशक में सबसे कम रहा। एक्यूआई सिस्टम 2015 में बना था। 2015 में क्रिसमस के दिन दिल्ली का एक्यूआई 166 था। इसके बाद 2024 तक यह लगातार 300 से 450 की रेंज में ही रहा। 2021 में क्रिसमस वाले दिन सबसे प्रदूषित हवा का रिकॉर्ड बना था, उस वक्त एक्यूआई 431 दर्ज किया गया था। इस बार ठंडी और बर्फीली हवाओं की वजह से एक्यूआई महज 234 रहा।

### ■ कैसा रहेगा आगे का हाल


पूर्वानुमान के अनुसार 26 दिसंबर को भी हवा कम प्रदूषित रहेगी। प्रदूषण का स्तर खराब बना रहेगा। 27 व 28 दिसंबर को इसका स्तर बेहद खराब रहेगा। यानी एक्यूआई 300 के ऊपर पहुंच जाएगा। इसके बाद भी अगले छह दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब बना रहेगा। गुरुवार को हवाओं की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। शुक्रवार को यह 5 किलोमीटर प्रति घंटे, शनिवार को 10 किलोमीटर प्रति घंटे और रविवार को 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

PTI



पल्यूशन से थोड़ी राहत मिली तो दिल्ली में सुबह सड़कों पर 'साइकलिस्ट सेंटा' की टोली निकल पड़ी।

### सुबह-शाम सर्दी बढ़ेगी, दोपहर में धूप देगी राहत



गुरुवार सुबह ठंडी हवाएं चलती रहीं, बाद में मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुबह-शाम अब ठंड महसूस होगी। तापमान 5 से 6 डिग्री तक रहेगा। दोपहर के समय धूप खिलेगी। इसकी वजह से ठंड का प्रभाव बहुत अधिक नहीं रहेगा। अगले छह से सात दिनों तक कोहरा भी बहुत अधिक परेशान नहीं करेगा। गुरुवार सुबह ठंडी हवाएं चलती रहीं। अधिकतम तापमान बुधवार की तुलना में 3.7 डिग्री तक कम रहा। बड़ी गिरावट की वजह से सुबह में ठिठुरन भरी सर्दी महसूस हुई। न्यूनतम तापमान महज 6.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री कम था। अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.9 डिग्री तक कम रहा। 27 से 30 दिसंबर तक आसमान साफ रहेगा। पूर्वानुमान के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक रह सकता है।

बुधवार को ग्रैप 4 हटाकर ग्रैप-3 लगाया गया था

## पल्यूशन में सुधार, क्लास 6 से लेकर आगे की क्लासों के लिए स्कूल खुले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**पल्यूशन में** सुधार के बाद अब दिल्ली के सभी स्कूल क्लास 6 से लेकर आगे की क्लासों के लिए खुल जाएंगे। हालांकि, नर्सरी से क्लास 5 के लिए हाइब्रिड मोड रहेगा, यानी स्टूडेंट्स को स्कूल ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों का ऑप्शन देंगे। बुधवार को ग्रैप 4 हटाकर ग्रैप 3 लगा दिया गया है, जिसके साथ ये बदलाव किए गए हैं।

**नर्सरी से 5वीं क्लास तक के लिए हाइब्रिड मोड में चलेंगी क्लासें**

बुधवार को ग्रैप 4 हटने के साथ दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वो क्लास 6 से लेकर क्लास 9 और क्लास 11 के लिए स्कूल फिजिकल मोड में खोल दें। बोर्ड क्लासें - 10वीं और 12वीं दोनों के लिए स्कूल पहले से ही खुले हैं। इसके अलावा, नर्सरी से क्लास 5, जिनके लिए ग्रैप 4 के दौरान स्कूल बंद कर दिए गए थे और उनकी ऑनलाइन क्लासें रखी गई थीं, उनके लिए अब हाइब्रिड मोड शुरू हो गया है। निदेशालय ने यह भी कहा है कि जहां ऑनलाइन मोड मुमकिन हो, वहां हाइब्रिड मोड लागू हो।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, NDMC स्कूल, MCD स्कूल, दिल्ली कैंट बोर्ड स्कूलों को कहा है कि वो पैरेंट्स और स्टूडेंट्स को इसकी जानकारी दें। प्रदूषण की वजह से पढ़ाई में ब्रेक लगा है। कुछ एग्जाम पोस्टपोन हुए हैं, इधर विंटर वेकेशन की शुरुआत होने वाली है। ज्यादातर स्कूल अब जनवरी में एग्जाम रखेंगे। ऐसे में विंटर वेकेशन पर असर भी पड़ेगा। दो महीने से प्रदूषण से बच्चों को सेहत से जुड़ी दिक्कतों से जूझना पड़ा है।



नीले गगन के तले...: गुरुवार को दिल्ली में कई दिनों बाद लोगों को नीला आसमान देखने को मिला

### CAQM के निरीक्षण का दिखा असर

**प्रदूषण** के इस दौर में कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट की निरीक्षण टीमों का असर दिखने लगा है। DDA की सड़कों के निरीक्षण में अब इन टीमों को किसी भी सड़क पर अत्यधिक धूल नहीं मिली। इससे पूर्व दो निरीक्षण में DDA की कई सड़कों पर काफी धूल मिली थी। सबसे पहले 12 दिसंबर और फिर 24 दिसंबर को CAQM की टीमों ने विभिन्न एजेंसियों की सड़कों की सफाई का निरीक्षण किया था।

### सड़कों के गड्ढों की 78% शिकायतें पेंडिंग

**अक्टूबर और** नवंबर में दिल्ली की सड़कों पर बने गड्ढों की कुल 241 नई शिकायतें आई हैं। इसमें से 189 शिकायतें पेंडिंग हैं। दो महीने में गड्ढों से जुड़ी शिकायतों में से सिर्फ 52 का ही समाधान हो पाया है। पीडब्ल्यूडी अफसरों का कहना है कि सभी शिकायतों का समाधान तुरंत किया जाता है लेकिन कुछ शिकायतें अड़चन आने पर पेंडिंग रह जाती हैं। पेंडिंग शिकायतों को नियमित कैटिगरी में रखा गया है।

## गुड़गांव : गिग वर्कर्स की हड़ताल, लोग हुए परेशान

लोगों को डिलिवरी के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार



दुकानदारों ने बताया, कई तैयार ऑर्डर डिलिवरी बॉय न मिलने से लास्ट में हुए कैंसल

**NBT न्यूज, गुड़गांव :** क्रिसमस के जश्न के बीच गुड़गांव में गिग वर्कर्स की हड़ताल का असर साफ नजर आया। ऑनलाइन फूड और अन्य सामान ऑर्डर करने वाले हजारों लोगों को समय पर खाना, केक और पार्टी से जुड़ा सामान नहीं मिल सका। खासकर उन परिवारों और कैफल्स को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी, जिन्होंने घर पर पार्टी या फैमिली डिनर की योजना बनाई थी। बता दें कि गिग वर्कर्स वे होते हैं जो Zepto, Blinkit और Swiggy जैसे ऐप के लिए डिलिवरी करते हैं।

शहर के कई इलाकों में लोगों ने बताया कि ऐप पर ऑर्डर बुक करने पर या तो डिलिवरी उपलब्ध नहीं का ऑप्शन दिखा या फिर कुछ देर बाद ऑर्डर कैंसल कर दिया गया। दुकानदारों का भी कहना है कि क्रिसमस जैसे बड़े मौके पर उनके कई ऑनलाइन ऑर्डर अचानक कैंसल हुए। सेक्टर-51 की निवासी आयुषी ने बताया कि उन्होंने ऑफिस से लौटने के बाद परिवार के साथ घर पर डिनर की योजना बनाई थी। घर पहुंचकर जब ऑनलाइन ऑर्डर की कोशिश की तो कहीं भी होम डिलिवरी का ऑप्शन नहीं दिखा।

### पार्टी की प्लानिंग पर पड़ा असर

क्रिसमस के मौके पर ज्यादा अधिकांश लोगों ने घरों में छोटी पार्टियां रखी थीं और बच्चों के लिए केक व खास डिशेज मंगाने की तैयारी थी, वहीं डिलिवरी ठप होने से कई प्लान बिगड़ गए। कुछ लोग आखिरी वक्त पर बाहर जाने को मजबूर हुए तो कई परिवारों ने सादा खाना या घर में उपलब्ध चीजों से ही काम चलाया। वहीं, रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि 31 दिसंबर उनके लिए साल का सबसे व्यस्त दिन होता है। अगर उस दिन भी डिलिवरी सेवाएं प्रभावित रहीं, तो घरों में पार्टी करने वाले लोगों के साथ-साथ फूड बिजनेस पर भी बड़ा असर पड़ सकता है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 12-25-2025 23:26 Color:





# मेट्रो से पहुंचीं लाजपत नगर, CM ने पैसेंजर्स से की बातचीत



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वायलेट लाइन के दिल्ली गेट स्टेशन से मेट्रो ली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को लाजपत नगर में अटल कैंटीन का उद्घाटन करने मेट्रो में सफर करके पहुंचीं। उन्होंने वायलेट लाइन के दिल्ली गेट स्टेशन से मेट्रो ली। मेट्रो में यात्रा के दौरान उन्होंने महिला और युवा मुसाफिरों से बातचीत की। उन्होंने दिल्ली मेट्रो के पहले पैसेंजर और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। यात्रियों को सरकार की नीतियों के बारे में भी बताया। सीएम ने सोशल मीडिया पर मेट्रो यात्रा का विडियो शेयर करते हुए लिखा कि दिल्ली गेट से लाजपत नगर तक मेट्रो की यात्रा के दौरान यात्रियों और युवाओं से संवाद का अवसर मिला। उनकी सुरक्षा, सुविधा, समय की बचत और मेट्रो के अनुभव पर खुलकर बातचीत हुई। उन्होंने मेट्रो में सफाई, समय पर चलने वाली सेवाएं और सुरक्षित माहौल के लिए डीएमआरसी की सराहना की। सीएम ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुरक्षित व मजबूत बने। महिला कोच में सफर कर रहीं महिलाओं से भी बातचीत की। शिक्षा व फीस लेकर बातचीत उठी तो उन्होंने बताया कि सरकार पहली बार निजी स्कूलों में फीस रेगुलेशन को लेकर नया कानून लेकर आई है।

सोशल मीडिया पर मेट्रो यात्रा का विडियो शेयर किया

# ₹5 का सिक्का, स्वाद पक्का: दिल्ली में 45 जगहों पर शुरू हुई अटल कैंटीन

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, जल्द ही 55 और अटल कैंटीन खोली जाएगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर गुरुवार को अटल कैंटीन की शुरुआत की। दिल्ली में कुल 100 अटल कैंटीन खोली जानी हैं, जिसमें से गुरुवार को 45 अटल कैंटीन की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के लाजपत नगर स्थित नेहरू नगर कैंप में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने पांच रुपये का टोकन खरीदकर भोजन भी किया। इसी तरह आरके पुरम में प्रवेश वर्मा ने, विकासपुरी में पंकज सिंह ने अटल कैंटीन का उद्घाटन किया।

सीएम ने कहा कि 45 अटल कैंटीन खोलकर हमने अटल जी के उस सपने को पूरा करने की कोशिश की है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। जल्द ही 55 और अटल कैंटीन खोली जाएंगी। कैंटीन बनाने के पीछे यही मकसद है कि दोपहर और रात का भोजन उपलब्ध होगा। सरकार प्रत्येक थाली पर 25 रुपये की सब्सिडी देगी, जिससे पहले लोगों को महज पांच रुपये में खाना मिलेगा। खाने की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह सेवा भाव से शुरू की गई है, ताकि हर व्यक्ति को सस्ते दरों पर भोजन मिल सके।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि सरकार को बधाई दी जानी चाहिए, जो पांच रुपये में भोजन उपलब्ध करा रही है। अटल जी का मानना था कि कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोना चाहिए। उनके जन्मदिन पर ऐसा कार्य सराहनीय है। खट्टर खुद पांच रुपये का भुगतान कर जंगपुरा की अटल कैंटीन के टोकन लेने वाले पहले ग्राहक बने। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ स्वयं टोकन खरीदकर खाना परोसा और उसका आनंद लिया। उनके साथ दिल्ली के दो मंत्री फूड कमिश्नर ने भी भोजन किया और इस पहल को सराहा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में CM ने किया उद्घाटन

Photos: PTI Surender Kumar



पांच रुपये का टोकन खरीदकर सीएम ने कैंटीन में भोजन भी किया

### रोजाना 2 बार मिलेगा खाना

डूसिब के अधिकारियों के अनुसार कैंटीन में रोजाना दो बार भोजन मिलेगा। दोपहर में साढ़े ग्यारह बजे से दो बजे तक और रात में साढ़े छह बजे से नौ बजे तक भोजन उपलब्ध होगा। फिलहाल दोनों समय रोटी, दाल, चावल और सब्जी दी जाएगी। उद्घाटन के दौरान भी यही भोजन परोसा गया। खाना लेने से पहले पांच रुपये का टोकन खरीदना होगा, जिसका भुगतान नकद और ऑनलाइन किया जा सकेगा।

कैंटीन खुलने का समय
दोपहर: 11:30 बजे से 2 बजे तक
शाम: 6:30 बजे से रात 9 बजे तक


**45** अटल कैंटीन की शुरुआत गुरुवार को हुई, कुल 100 खोले जाएंगे

**25** रुपये की सब्सिडी हर प्लेट पर दिल्ली सरकार देगी

**500** लोगों को अधिकतम एक कैंटीन में रोजाना मिलेगा खाना

# दूसरे राज्यों में भी कम दाम में मिलती है थाली

Sudama.Yadav@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: दिल्ली से पहले भी देश के दूसरे राज्यों में गरीबों को कम दाम में भोजन उपलब्ध कराने के लिए थाली योजना चल रही हैं, लेकिन दिल्ली की थाली सबसे किफायती है। राजस्थान सरकार गरीबों को भरपेट भोजन के लिए अन्नपूर्णा/इंदिरा रसोई थाली योजना चला रही है, जिसकी कीमत 8 रुपये/प्लेट है। मध्य प्रदेश सरकार की दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत मिलने वाली थाली 10 रुपये की है। आंध्र प्रदेश सरकार अन्ना कैंटीन और तमिलनाडु सरकार अम्मा उणगम (अम्मा कैंटीन) योजना चला रही हैं। आंध्रप्रदेश की थाली योजना की कीमत भी दिल्ली के थाली के बराबर है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड (डूसिब) के एक सीनियर अफसर के अनुसार अटल कैंटीन योजना यहां लागू करने से पहले सरकार ने दूसरे राज्यों में चल रही थाली योजना की व्यापक स्टडी कराया था। सभी राज्यों की थाली योजना और उनके रेट का तुलनात्मक आकलन के बाद दिल्ली में थाली योजना लागू की गई है। तमिलनाडु सरकार ने सबसे पहले गरीबों को एक नॉमिनल चार्ज पर भरपेट भोजन कराने के लिए थाली योजना शुरू की थी।

### इन राज्यों में चल रही यह योजना

| राज्य | योजना का नाम | थाली की कीमत |
| --- | --- | --- |
| आंध्र प्रदेश | अन्ना कैंटीन | 5 रुपये |
| राजस्थान | अन्नपूर्णा/इंदिरा रसोई | 8 रुपये |
| मध्यप्रदेश | दीनदयाल अंत्योदय रसोई | 10 रुपये |
| तमिलनाडु | अम्मा उणग | 10 रुपये |

■ अटल कैंटीन की थाली की वास्तविक कीमत 30 रुपये है।

# कल से विंटर कार्निवल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्लीवाले बढ़ती सर्दी के साथ विंटर कार्निवल का 27 दिसंबर से आनंद ले सकते हैं। दिल्ली टूरिज्म का 'विंटर कार्निवल' 27 और 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक दिल्ली हाट जनकपुरी में होगा। एंट्री टिकट 20 रुपये है। इस दौरान आर्टिफिशल स्नो फॉल का मजा भी लिया जा सकता है। इसके अलावा सांस्कृतिक रंगों से भी माहौल जमेगा। सुर-लय से सजी महफिल के साथ क्राफ्ट्स की खरीदारी का मजा भी ले पाएंगे। विंटर कार्निवल में खाने-पीने के स्टॉल, कपड़े, ज्वेलरी, हैंडिक्राफ्ट, हैंडलूम प्रोडक्ट के स्टॉल भी नजर आएंगे। साथ ही, उर्दू अकादमी, साहित्य कला परिषद और पंजाबी अकादमी के सहयोग से सुरीले कार्यक्रम भी होंगे।

# अटल कैंटीन पहुंचे लोगों ने कहा, घर जैसा है इस खाने का स्वाद

*पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर गुरुवार को 45 जगहों पर अटल कैंटीन की शुरुआत हुई। इस योजना को लेकर पहले ही दिन लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला और कैंटीन के बाहर लंबी-लंबी लाइन देखी गई। NBT संवाददाता राहुल आनंद, सुदामा यादव, राजेश सरोहा और बृजेश सिंह ने कुछ कैंटीन में जाकर जायजा लिया। पेश है रिपोर्ट...*



**महावीर एनक्लेव-250 लोगों को मिला खाना:** द्वारका फ्लाईओवर के पास महावीर एनक्लेव में खुले अटल कैंटीन में पहले दिन सुबह का खाना 250 लोगों को वितरित किया गया। कैंटीन के अंदर टेबल और कुर्सी भी लगाई गई है। खाना लेने आए गणेश ने कहा कि दो रोटी, दाल और अचार मिला है। पालम के रहने वाले ओमप्रकाश ने कहा कि 5 रुपये में इतना अच्छा खाना और कहां मिलेगा। सीसीटीवी कैमरे भी है।



**विकासपुरी-खाना खाने वालों की लगी लाइन:** विकासपुरी के इंदिरा कैंप-3 में स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह ने कैंटीन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारी विधानसभा में अभी 3 कैंटीन खोलने की योजना है, एक को आज शुरू किया गया है। उन्होंने 70 साल की बुजुर्ग महिला को खुद थाली भेंट की और फिर अपनी थाली लेकर महिला के बगल में बैठकर खाना भी खाया।



**लाजपत नगर-खाना खत्म, बाहर से मंगाया लंगर:** लाजपत नगर में अटल कैंटीन के उद्घाटन के बाद जैसे ही मुख्यमंत्री वहां से निकलीं, भोजन करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी अधिक हो गई कि कैंटीन का खाना खत्म होने लगा। इसे देखते हुए स्थानीय विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने तुरंत बड़े बर्तन में वेज बिरयानी मंगवाई। बताया गया कि यह किसी लंगर से मंगाई गई थी।



**नंद नगरी-पहले दिन सभी को मिला मुफ्त भोजन:** नंद नगरी सी ब्लॉक और उससे सटी झुग्गी बस्ती के बिल्कुल बीचोंबीच डूसिब की जगह पर इलाके के विधायक जितेंद्र महाजन ने अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। पहले दिन दोपहर के लंच के साथ साथ रात का भोजन भी बिल्कुल मुफ्त मिला। खाना खाने वालों को कूपन तो जारी किया गया, लेकिन उनसे पांच रुपये नहीं लिए गए।

**रोज रिपीट नहीं होगा मेन्यू...** *विकासपुरी के इंदिरा कैंप-3 में स्त्री शक्ति NGO की इंद्रजीत कौर ने बताया कि वेस्ट जिले की सभी अटल कैंटीन में खाना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उन्हें मिली है। यहां पर केवल खाना सर्व किया जाएगा। खाना हमारे सेंट्रलाइज्ड किचन में बनाया जाएगा। किचन रनहौला गांव में है। उन्होंने बताया कि इस कैंटीन के जरिए हम महिलाओं को रोजगार भी दे रहे हैं। अभी 100 महिलाएं इस कैंटीन से जुड़ी हैं। मेन्यू में अभी रोटी, चावल, दाल और सब्जी है। हालांकि आज हलवा भी दिया जा रहा है, लेकिन यह रोज नहीं होगा। मेन्यू रोज रिपीट नहीं होगा।*

# एकजुट होकर करें मानवता की सेवा: जेपी नड्डा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने क्रिसमस के अवसर पर दिल्ली में बसे उत्तर पूर्व भारत के ईसाई समुदाय के साथ क्रिसमस समारोह में भाग लिया। यह समारोह मार नगा क्रिश्चियन फेलोशिप ने राजपुर रोड, सिविल लाइंस की चर्च में आयोजित किया था। इस अवसर पर नड्डा के साथ बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने चर्च में मौजूद लोगों के साथ क्रिसमस की खुशियां साझा की और देश में शांति, सद्भाव व विकास की कामना की।

नड्डा ने केक काटकर क्रिसमस मनाया और सफल आयोजन के लिए चर्च कमिटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम सभी मिलकर क्रिसमस मना रहे हैं, उसी तरह मानवता की सेवा के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इससे देश का समग्र विकास होगा और समाज का हर वर्ग उसका सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में स्वास्थ्य, सड़क, एयर और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही है।

उन्होंने नगालैंड में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे इलाके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। नड्डा ने आखिर में सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्रिसमस समारोह में भाग लिया

## अटल स्मृति सम्मेलन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली बीजेपी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर गुरुवार को आंध्र असोसिएशन भवन में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया।

सम्मेलन में बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। नितिन नवीन ने कहा कि अटल जैसा आत्मविश्वास आज राजनीति में बहुत कम लोगों में दिखाई देता है। आज की युवा पीढ़ी और नेताओं को उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए।

## सांसद खेल महोत्सव संपन्न हुआ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का गुरुवार को आनंद विहार स्थित संत विवेकानंद स्कूल में समापन हुआ।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संदेश प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं की खेल प्रतिभा और भारत के उज्ज्वल खेल भविष्य पर जोर दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव अब जन आंदोलन बन चुका है, जो युवाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली निविदा नोटिस का द्वितीय संशोधन

खुली निविदा सूचना सं. EPC/PSI/BSB-PRYJ_NER दिनांक 19.11.2025, कार्य का नाम ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के वाराणसी–प्रयागराज खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये है– क्र.सं. :– 1, मापदंड:– पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज में परिवर्तन के संबंध, पहले प्रकाशित:– , संशोधित:– पैरा 1.4 पेज सं० 150 के ईपीसी दस्तावेज में परिवर्तन के संबंध, अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)
पूजाधि/विद्युत–227 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

शुद्धिपत्र

निविदा सं. 70/25/0029 दिनांक: 20/12/2025। "डब्ल्यूएजी–9एच श्रेणी के फ्रेट इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इंटीग्रेटेड लोकोमोटिव किट" के क्रय हेतु टी/केस सं. 70/25/0029 के लिए निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, अर्थात निविदा खुलने की तिथि (टीओडी से) (मौजूदा) का पुनर्निर्धारण : 24/12/2025। अब पढ़ी जाएगी: 24/01/2026।

PR8/279 एसएस/मुख्यालय–8/विक्रय/चिरेका
हमें यहां देखें: www.facebook.com/clwrailways

**पश्चिम मध्य रेल**

ई निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इन टेण्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। **निविदा सूचना एवं क्रमांक** : बीपीएलएसएनटीर्ल 2025–26 सिगनल 13, **कार्य का नाम** : सिग्नलिंग एंड टेलीकॉम वर्क इन्वॉल्विंग EI अल्टरेशन एंड अदर मिसलेनियस वर्क्स इन कनेक्शन विथ ROB/रिमॉडलिंग ऑफ भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत** : 1,15,40,707.54, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशी** : 2,07,700.00, **कार्य समापन की अवधी** : 06 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय** : दिनांक 14/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 14/01/2026 को 15.30 बजे, **निविदा सूचना एवं क्रमांक** : बीपीएलएसएनटीर्ल 2025–26 सिगनल 14, **कार्य का नाम** : BPL Div: प्रोविजन ऑफ फायर अलार्म सिस्टम एट वेरियस लोकेशन i.e. स्टेशन/LC/IBH/RH अलोंग विथ CAMC अक्रॉस भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत** : 6,14,32,296.16, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशी** : 4,57,200.00, **कार्य समापन की अवधी** : 12 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय** : दिनांक 16/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 16/01/2026 को 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते है। ई–टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** पुत्र कंवल सिंह **निवास:** बीपीओ, पाई सोनीपत, हरियाणा-131001, ने **CC No. 5897/19 U/s 138 NI Act. थाना: प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **देवेन्द्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **देवेन्द्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 5897/19 U/s 138 NI Act. थाना: प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
जेएमएफसी-14, कमरा नं. 14
(उत्तर) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15837/RD/2025
(Court Notice)



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात पता अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 50 वर्ष, **कद:** 5'2", **रंग:** गहरा, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** गोल, जिसने काले रंग का स्वेटर, लाल रंग की कमीज और ग्रे रंग की पैंट पहनी है। जो कि 05.12.2025 को शाम 6:34 बजे जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन गेट नं. 1, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला और उसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृत शरीर को 72 घंटों के लिए एमएएमसी शवगृह में पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.51A and DD No.96A दिनांक: 05.12.2025 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** थाना जामा मस्जिद, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना: जामा मस्जिद, दिल्ली
फोन नं. 011-23269777, 23261625
मो.: 8750870422

DP/17169/CD/2025



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ / पीलीभीत वृत, लो०नि०वि०, बरेली**

पत्रांक: 9447/7निविदा (सी०डी०-2) (ई०टे०)-8/25-26 दिनांक:19.12.2025

निविदा शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के ऑन लाइन ई०-टेण्डर नोटिस संख्या-9061 /7 निविदा(पी०डी०) (ई०टे०)-8/25-26 दिनांक 08.12.25 के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बदायूँ के कार्यक्षेत्र में जनपद बदायूँ में वर्ष 2024-25 में राज्य योजना के अंतर्गत पुवायां तिलहर दातागंज बदायूँ मार्ग (राज्य मार्ग सं.-126) के किमी० 95.230 से 122.43 तक (लम्बाई 27.20 किमी०) 02 लेन विद पेव्ड शोल्डर कार्य हेतु ई०-निविदायें पोर्टल पर आमंत्रित की गयी हैं।

आमंत्रित निविदायें दिनांक 23.12.2025 से दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑन-लाइन सबमिट (BID SUBMISSION END DATE) 0778) कर दिनांक 15.01.26 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना निर्धारित है।

अपरिहार्य कारणों से अब उक्त कार्य हेतु निविदायें दिनांक 16.01.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑन-लाइन सबमिट (BID SUBMISSION END DATE) की जा सकेगी एवं दिनांक 16.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे पूर्व निर्धारित स्थान पर ऑन-लाइन खोली जायेगी।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

(नरेश कुमार) (के०के०सिंह)
अधिशासी अभियन्ता अधीक्षण अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बदायूँ बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो०नि०वि०, बरेली
UPID-243049 DT 24.12.2025
www.upgov.nic.in



**TIMES TRIBUTE**
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL


To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माताजी
स्वर्गीय श्रीमती रीता गुप्ता
(धर्मपत्नी – श्री हरि ओम गुप्ता, कानपुर)
का दिनांक 25 दिसंबर 2025 को स्वर्गवास हो गया
उनकी श्रद्धांजलि / प्रार्थना सभा निम्नलिखित विवरणानुसार आयोजित की जाएगी:
दिनांक: 26 दिसंबर 2025,
समय: अपराह्न 3:00 बजे से 4:00 बजे तक
स्थान: ... 140, ... नई दिल्ली
शोकाकुल परिवार: ...
संपर्क: 9582571219, 9582572884

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 & PANKAJ : 81306 04727

**REMEMBRANCE**
SHARING MEMORIES



LATE SMT. KAILASH WATI JAIN
(W/O LATE LALA ARAH DAS JAIN)
(1907 - 26.12.1986)
Your memories & love showered on us will always remind your presence in our heart. May your soul rest in peace.Pushpa Jain (Daughter-in-law), Prabodh Jain, Subodh Jain, Dinesh Jain, Nirmal Jain, Arun Jain, Arvind Jain, (Grandsons), Tushar, Rohit, Anuj, Ankur, Prakhar, Varun (Great grandsons)

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay | SPACE FOR PHOTO |
| --- | --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 | |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 | |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 | |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

# नए साल से महिलाओं को मिलेगा पिंक सहेली कार्ड, दो पेमेंट बैंक हुए फाइनल

## पिंक कार्ड सिर्फ दिल्ली की 12 साल या इससे ज्यादा उम्र की पैसेंजर्स को मिलेगा

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Brijesh.Singh
@timesofindia.com



इस समय बसों में सभी महिलाओं को पिंक टिकट दिया जाता है

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मुफ्त यात्रा करने वाली महिलाओं को नए साल से पिंक सहेली कार्ड मिलना शुरू हो जाएगा। दिल्ली परिवहन विभाग ने लंबी प्रक्रिया के बाद स्मार्ट कार्ड जारी करने के लिए दो पेमेंट बैंकों एयरटेल और मफिन पेमेंट बैंक को फाइनल कर दिया है। सरकार नए साल से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पिंक सहेली कार्ड बनवाने के लिए काउंटर खोलेगी। इन काउंटरों पर महिलाएं दिल्ली का आधार कार्ड बतौर पहचान पत्र दिखाकर पिंक सहेली कार्ड बनवा सकेंगी।

डीटीसी अधिकारियों के अनुसार, चयनित बैंक बस यात्रियों के लिए तीन तरह के स्मार्ट कार्ड जारी करेंगे। पहला पिंक सहेली कार्ड होगा, जो केवल दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा। यह कार्ड 12 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र की लड़कियों और महिलाओं के लिए अनिवार्य होगा। कार्ड मिलने के बाद महिलाएं बस कंडक्टर के पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ETM) में कार्ड टैप कर मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। वर्तमान में दिल्ली में हर माह लगभग 2 करोड़ महिलाएं बसों में सफर कर रही हैं।

दूसरा कार्ड विभिन्न श्रेणियों के बस पास धारकों के लिए होगा। इनमें दिव्यांग, बुजुर्ग, खिलाड़ी, वृद्ध विधवाएं, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समेत 12 से अधिक श्रेणियां शामिल हैं। तीसरा सामान्य स्मार्ट कार्ड होगा, जिसे कोई भी बस यात्री बनवा सकेगा। यह मेट्रो कार्ड की तरह काम करेगा और फुल केवाईसी के तहत इसमें यात्री का नाम और फोटो दर्ज होगा। सूत्रों के अनुसार, इसके लिए न्यूनतम 120 रुपये का भुगतान करना होगा, जिसके बाद रिचार्ज कर यात्रा की जा सकेगी। इस कार्ड को मेट्रो में यूज किया जा सकेगा।


परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि पिंक सहेली कार्ड के लिए बैंकों का चयन कर लिया गया है। बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे डीएम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, बस डिपो और सीएससी (जन सुविधा केंद्र) पर काउंटर खोलें, ताकि महिलाओं को कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। काउंटर खोलने की पूरी जिम्मेदारी बैंकों की होगी। नए साल से यह काम शुरू कर दिया जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो 14 जनवरी के बाद इसे कभी भी लॉन्च किया जा सकेगा।

### 2 करोड़ महिलाएं कर रही हैं सफर

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की बसों में हर महीने लगभग 2 करोड़ महिलाएं यात्रा कर रही हैं। राजधानी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च से अगस्त तक 12 करोड़ से अधिक महिलाएं बसों में सफर कर चुकी हैं।

अक्टूबर 2019 में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना शुरू होने के बाद वर्ष 2023 में एक साल में रिकॉर्ड 13.3 करोड़ महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार ने इस योजना के लिए 340 करोड़ रुपये का बजट रखा था, जबकि इस वर्ष 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।




## एयरपोर्ट पर मारपीट, CISF कर्मियों के बयान दर्ज

■ **NBT न्यूज, एयरपोर्ट:** आईजीआई एयरपोर्ट पर एक यात्री से कथित मारपीट के मामले में पुलिस ने घटना के दौरान मौके पर मौजूद CISF कर्मियों के बयान दर्ज कर लिए हैं। पुलिस वहां का सीसीटीवी फुटेज भी ले चुकी है। पीड़ित हवाई यात्री अंकित दीवान की ओर से लिखित शिकायत के बाद उसकी मेडिकल जांच रिपोर्ट भी मिल चुकी है।

## महानगर में आज



**नृत्य परंपरा**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'गुरु देव प्रसाद नृत्य परंपरा', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। रमली इब्राहिम और ग्रुप का ओडिसी और वाई थेवा देवी और ग्रुप का मणिपुरी और शोभना नारायण के कथक नृत्य का आनंद लय प्रेमी ले सकेंगे।

**कटिंग एज**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'कटिंग एज', विजुअल आर्ट एग्जिबिशन, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस पेंटिंग और स्कल्पचर एग्जिबिशन में कलाकार बीनू भाटिया, गौरी दास, इंदिरा हलदर, अरुण कुमार, दिब्येंदु भद्र, रामकृष्ण पॉल, सुजात कुमार पटनायक, अमित सरकार, सुजीत दास, शिशिर कुमार दास, अजॉय भौमिक आदि के आर्टवर्क देखे जा सकते हैं।

**छोटी छोटी खुशियां**



त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'छोटी छोटी खुशियां', मंडी हाउस, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। कलाकार शीला धमड़िया ने अपनी इस एग्जिबिशन के साथ अपने भाव स्कल्पचर में उतारे हैं।

**द बिग पिक्चर**
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में फोटोग्राफी एग्जिबिशन 'द बिग पिक्चर 2025', मेन आर्ट गैलरी, लोदी एस्टेट, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। ऑल इंडिया वर्किंग न्यूज कैमरामेंस असोसिएशन और IIC की ओर से 69 फोटो जर्नलिस्ट की यह एग्जिबिशन 30 तक निहारी जा सकती है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें
t.me/NBTDilli

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग रेट में हुआ बदलाव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



यात्रियों से कैब ड्राइवर पार्किंग शुल्क लेते थे। इसलिए यह बदलाव किया गया है। साथ ही पहले की अपेक्षा नए टेंडर में कुछ पार्किंग रेट भी घटाया गया है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी। - CPRO, नॉर्दन रेलवे

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ अब पार्किंग का दायरा बढ़ा दिया गया है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी। दरअसल, पहाड़गंज साइड की तरफ रीडिवेलपमेंट को लेकर पार्किंग बंद कर दी गई है।

इसके बाद अजमेरी गेट की तरफ पार्किंग की नई टेंडर किया है। इस बार खास यह है कि पार्किंग शुल्क में काफी बदलाव किया गया है। 0-8 मिनट तक फ्री पिक एंड ड्रॉप की सुविधा है। इसके अलावा 8-15 मिनट तक 50, 15 से 30 मिनट तक 150 और 30 से 60 मिनट तक 200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पहले आधे घंटे से ज्यादा समय होने पर 500 रुपये शुल्क था। इसे घटाकर 200 कर दिया गया है।

इसके अलावा इस बार पार्किंग एरिया में इजाफा करते हुए एक के बजाए दो प्रीमियम पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहां अलग-अलग शुल्क निर्धारित किए गए हैं। दावा है कि यहां करीब 300 गाड़ियां खड़ी हो सकती है। पहले यहां प्रीमियम पार्किंग केवल एक थी, लेकिन नए टेंडर में अब दो प्रीमियम पार्किंग की सुविधा हो गई है। साथ ही एक जनरल पार्किंग भी है। इसके अलावा पिक एंड ड्रॉप की लेन पर ऑटो की एंट्री बैन कर दी गई, जिससे यहां जाम नहीं लग रहा है और यात्री आसानी से स्टेशन परिसर में पहुंच रहे हैं।

जाम ना लगे, इसके लिए 20 मार्शल की भी तैनाती की गई है, जो स्टेशन परिसर में आने वाली गाड़ियों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही लोगों को ज्यादा देर तक गाड़ियां खड़ी नहीं करने दे रहे हैं, जिससे जाम से मुक्ति मिल गई है।

- पिक एंड ड्रॉप लेन पर ऑटो की एंट्री बैन, कैब ड्राइवर्स को देना होगा शुल्क
- अब आधे घंटे से ज्यादा समय के लिए 500 के बजाय 200 रुपये लगेंगे




# मुठभेड़ में बदमाशों को लगी गोली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



वॉन्टेड बदमाश हथियार के साथ बाइक पर नरेला इलाके में निकले थे

**आरोपियों से दो पिस्टल, दो मोबाइल और बाइक बरामद**

**नरेला इलाके** में आधी रात को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद इलाके के बीसी समेत दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोलियां लगी है। डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक, दोनों बदमाशों पर काबू पाने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज कराया गया। आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय अफजल उर्फ इमरान और 31 वर्षीय चंदन उर्फ काकू के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, दो मोबाइल, बाइक और मौके से पांच खाली कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी चंदन पर हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट, लूट और चोरी समेत कई मामले दर्ज हैं। वहीं अफजल पर सरकारी कर्मचारी पर हमला, लूट, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़, पॉक्सो और चोरी समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि नरेला थाने की क्रैक टीम को खास जानकारी मिली कि आर्म्स एक्ट केस में वॉन्टेड बदमाश हथियार के साथ बाइक पर सवार होकर नरेला इलाके में निकले हैं। अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। टीम ने एमआईटी रोड नरेला में पिकेट लगाकर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान टीम ने बाइक पर सवार दो लोगों को जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो उन्होंने तीन राउंड गोलियां चला दीं। सेल्फ डिफेंस में पुलिस टीम ने भी तीन राउंड फायर किए। जिनमें से एक-एक गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी। दोनों बदमाशों के सड़क पर गिरते ही पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। आरोपी अफजल उर्फ इमरान और इसका सहयोगी चंदन उर्फ काकू सेक्टर- ए-6, नरेला के रहने वाले हैं। चंदन नरेला थाने का बीसी भी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिए हैं।

## ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT न्यूज, पुष्पांजलि:** बाहरी जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने इंटरस्टेट ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 7 गाड़ियां बरामद की है। इनमें स्कूटर, बाइक और एक मिनी ट्रक शामिल है। इस कार्रवाई से नांगलोई, साउथ रोहिणी, नॉर्थ रोहिणी, सुल्तानपुरी और वेलकम थानों के 6 मामलों का खुलासा हुआ है।

**गाड़ियां चुराकर मेवात में करते थे डिस्मेंटल**

डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि आरोपी दिल्ली-NCR से चोरी के बाद इनको मेवात में डिस्मेंटल किया जाता था। एसीपी ऑपरेशन नवप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर राजपाल, सब इंस्पेक्टर विनीत और मुकेश की टीम ने इस केस का खुलासा किया है।

## नाबालिग से गैंगरेप, दो आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली:** समयपुर बादली में 13 साल की लड़की से गैंगरेप के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान बैंक कर्मचारी ऋषभ और एक लोकल सैलून मालिक नरोत्तम के रूप में हुई है। डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक 20 दिसंबर की शाम एक PCR कॉल मिली थी। इसमें बताया गया कि नाबालिग लड़की को शराब पीने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस टीम तुरंत राजा विहार में उस जगह पर पहुंची। हालांकि पीड़िता के पिता ने शुरू में शराब पीने की बात कही थी, लेकिन और जांच में गंभीर अपराध का पता चला। पूछताछ में उसने बताया कि उसे राजा विहार में एक खाली घर में बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। आरोपी नरोत्तम ने अपने साथी ऋषभ से मिलवाया। 20 दिसंबर को दोनों नाबालिग को नरोत्तम के खाली घर ले गए। वहां उन्होंने कथित तौर पर उसे शराब पीने के लिए मजबूर किया और फिर गैंगरेप किया।

**खाली घर में बहला-फुसलाकर ले गए थे आरोपी**

# गाड़ियों में चोरी के पार्ट्स लगाकर बेचते थे आरोपी

■ नवीन निश्चल, चिंदापुर

**पूछताछ में गाड़ी चोरी के नए तरीकों का खुलासा**

**चिंदापुर थाना** की पुलिस टीम ने वर्कशॉप में रिपेयरिंग के लिए आने वाली गाड़ियों में GPS डिवाइस लगाकर बाद में चोरी करने वाले दो पार्टनर सरवर अली और आमिर को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों को दो दिन की रिमांड पर भी लिया था। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस को कई और अहम जानकारियां मिली है। आरोपियों से पुलिस को पता चला कि वे सिर्फ GPS डिवाइस लगाकर ही गाड़ियां चोरी नहीं करते थे, बल्कि एक्सिडेंट में लॉस हुई गाड़ियों को स्क्रैप में खरीदते थे और उनमें चोरी की गई गाड़ियों के पार्ट्स लगाकर ठीक करते थे। इसके बाद इन गाड़ियों को दूसरे लोगों को बेच देते थे।

जिन लोगों को ये गाड़ियां बेची जाती थी, उन्हें यह भी पता नहीं चलता था कि सेकंड हैंड में खरीदी गई गाड़ी पहले एक्सिडेंट का शिकार रह चुकी है। आरोपियों की ट्यूनिंग इतनी बेहतर थी कि वे टोटल लॉस गाड़ियों के डॉक्यूमेंट भी तैयार करवा लेते थे। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के निर्देश पर ACP डाबड़ी राजकुमार की देखरेख में SHO नरेश सांगवान, हेड कॉन्स्टेबल नीरज और कॉन्स्टेबल राजेश यादव व आशीष की टीम ने गाड़ी चोरी के इस नए तरीके का खुलासा किया है।


### कर्नाटक बाढ़ में शुरू किया धंधा

पुलिस पूछताछ में सामने आया जब कर्नाटक में भीषण बाढ़ आई थी और बड़ी संख्या में गाड़ियां बह गई थी, तब उन्होंने उन गाड़ियों को स्क्रैप में खरीदकर आगे बेचने का काम शुरू किया था। हालांकि इसमें उन्हें काफी नुकसान हुआ। इसके बाद उनके दिमाग में वर्कशॉप खोलने और गाड़ियों में GPS डिवाइस लगाकर उन्हें ट्रैक करने का आइडिया आया।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA6 User: vivek.kumar4 Time: 12-25-2025 21:16 Color:

# उत्तर प्रदेश: बदलाव और सशक्तिकरण की यात्रा


निरंतर प्रगति से नए मानक स्थापित कर रही है काशी

PICS: DIPR, GOVT. OF UTTAR PRADESH



**आज का उत्तर प्रदेश इस बात का साक्षी है कि कैसे दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तम शासन प्रणाली मिलकर विशाल संसाधनों को शक्ति में और संभावनाओं को प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जिससे राज्य देश की प्रगति में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप :**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल शासकीय नीतियों के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश पिछले पौने नौ वर्षों में विकास और सुधार के एक परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बना है। रणनीतिक नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में एक अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। उत्तर प्रदेश ने सुधारों और सक्रिय हितधारक-जुड़ाव के माध्यम से एमएसएमई विकास, औद्योगीकरण, निवेश प्रोत्साहन और कृषि आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और संतुलित क्षेत्रीय विकास हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में निवेश ने पहुंच का विस्तार किया है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, जबकि बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन स्थलों के विकास के माध्यम से पर्यटन एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में उभरा है।


कुल मिलाकर, ये प्रयास पारदर्शिता, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास पर आधारित शासन मॉडल को दर्शाते हैं, जो उत्तर प्रदेश को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में मजबूती से स्थापित करते हैं और राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

## शिक्षा



- स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम (हर दिन स्कूल आएं) के माध्यम से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन हुआ है और ड्रॉपआउट दर (स्कूल छोड़ने की दर) में भारी गिरावट आई है।
- शारदा कार्यक्रम के तहत, वर्ष 2024-25 में अब तक 7.77 लाख बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है।
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का संतृप्तीकरण (पूर्ण उपलब्धता) सुनिश्चित किया गया है।
- 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 880 ब्लॉक संसाधन केंद्रों और 5817 स्कूलों में आईसीटी लैब तथा शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं।
- सभी 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को अपग्रेड किया गया है, जो कमजोर वर्ग की लड़कियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।
- राज्य के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू हो गया है।
- पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने और उन्हें 'ग्रीन स्कूल' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।
- प्री-प्राइमरी और कक्षा 1 से 8 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है।
- प्रत्येक जिले में 2 स्कूलों के लक्ष्य के साथ 150 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 1500 छात्रों की क्षमता के साथ प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।


## युवा कल्याण



- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA):** शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है।
- वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA) के अंतर्गत 1.70 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।
- 1.75 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।
- PLFS सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 44.6% थी, 12.3% की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 में 56.9% हो गई है।
- राज्य में बेरोजगारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 6.2% थी, वह वर्तमान में 2.1% रह गई है।









## महिला सशक्तिकरण

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लगभग 26.78 लाख लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- लगभग 40 हजार बीसी सखियों ने कार्य किया और ₹31,626 करोड़ मूल्य के लेनदेन संसाधित किए। बीसी सखियों ने लाभांश के रूप में ₹85.81 करोड़ कमाए।
- लखपति महिला योजना के तहत 31 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है। इनमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति' श्रेणी में आ चुकी हैं।
- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत, 8,73,534 समूहों, 57,482 ग्राम संगठनों और 3,137 क्लस्टर स्तरीय संघों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों की 95 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया।
- 189 नगर निकायों में महिलाओं के लिए 1100 पिंक टॉयलेट्स का निर्माण किया गया।

## औद्योगीकरण और निवेश

- 2018 में किया 'यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट' का सफल आयोजन
- 2023 में किया 'यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का भव्य आयोजन
- निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए लगभग ₹45 लाख करोड़
- ₹15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं
- 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां मिलीं और करोड़ों अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए इन निवेशों के माध्यम से।
- फरवरी 2024 में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से ₹10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया।

## पर्यटन एवं संस्कृति

- **पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि :** पर्यटकों के आगमन की संख्या वर्ष 2016 के 21.5 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024 में 64.9 करोड़ हो गई है।
- **महाकुंभ - 2025 :** महाकुंभ - 2025 के दौरान, 66.20 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पावन डुबकी लगाई।
- **सांस्कृतिक पुनरुद्धार :** श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव-दीपावली, नैमिष तीर्थ और शुक्र तीर्थ का पुनरुद्धार, 100 वर्षों के बाद मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की पुनर्स्थापना और सोरों-सूकर क्षेत्र के विकास जैसे कार्यों ने उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड :** अयोध्या के दीपोत्सव में 25,12,585 से अधिक दीप प्रज्वलित कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया।
- **मुख्यमंत्री पर्यटन फैलोशिप योजना :** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी और शोध को बढ़ावा देने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- **हेलीपोर्ट सेवा :** आगरा और मथुरा जिलों में हेलीपोर्ट संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में भी हेलीपोर्ट सेवाएं उपलब्ध होंगी।
- **पर्यटन पुलिस:** पर्यटकों की सुविधा, सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'पर्यटन पुलिस' की तैनाती की गई है।



महाकुंभ 2025



ब्रह्मोस का निर्माण रक्षा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की रणनीतिक पकड़ को मजबूत करता है

## विकास के प्रमुख क्षेत्र

- गेहूं उत्पादन: उत्तर प्रदेश गेहूं उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है।
- चावल उत्पादन: चावल उत्पादन के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- एथेनॉल उत्पादन: एथेनॉल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।
- उत्पादकता में वृद्धि: राज्य की अधिकांश प्रमुख फसलों की उत्पादकता में वर्ष 2001-02 से वर्ष 2016-17 की अवधि के दौरान औसतन 8.7% की वृद्धि हुई थी, जबकि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 की अवधि में औसतन 42.8% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।



| फसल/ उत्पाद | वर्ष | उत्पादन | हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2024-25 | 414.39 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग 35.3% का योगदान |
| चावल | 2024-25 | 219.2 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल चावल उत्पादन में लगभग 14.7% का योगदान |
| गन्ना | 2024-25 | 2453.5 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गन्ना उत्पादन में लगभग 54.5% का योगदान |
| फल एवं सब्जियां | वार्षिक | 400 लाख टन | देश में अग्रणी |
| एथेनॉल | 2024-25 | बढ़कर 182 करोड़ लीटर हुआ | देश में प्रथम |


## उत्तर प्रदेश के किसानों को मिल रहा विकास का लाभ

- **पीएम किसान सम्मान निधि:** इस योजना के माध्यम से 3.12 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹94,000+ करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर (डीबीटी) की गई है।
- **पीएम कुसुम योजना:** सिंचाई को सुगम बनाने के लिए किसानों को 93,062 से अधिक सोलर पंप आवंटित किए गए हैं।
- **चीनी उद्योग में क्रांति:** मार्च 2017 से अब तक 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गई हैं, 6 पुरानी मिलें पुनर्संचालित की गई हैं और 42 चीनी मिलों की क्षमता का विस्तार किया गया है। इन प्रयासों से लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।
- **मुफ्त सिंचाई सुविधा:** राज्य के 14 लाख से अधिक किसान सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा से लाभान्वित हुए हैं।
- **मुख्यमंत्री सहभागिता योजना:** इस योजना के तहत 2,46,426 गोवंश को इच्छुक किसान और पशुपालक परिवारों को सौंपा गया है।
- **गो-आश्रय स्थलों के लिए डीबीटी:** राज्य के इतिहास में पहली बार, गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित प्रत्येक गाय के भरण-पोषण के लिए ₹50 प्रति दिन की दर से धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।
- **किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन):** मार्च 2025 तक, पशुपालन क्षेत्र के तहत 6.68 लाख से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।


सरकार की सहायक नीतियों से किसानों की आय में वृद्धि हुई है







निर्माण पूरा होने पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- **सकल राज्य घरेलू उत्पाद में रिकॉर्ड वृद्धि:** वर्ष 2016-17 और वर्ष 2024-25 के बीच, उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹13.3 लाख करोड़ से बढ़कर ₹29.8 लाख करोड़ हो गया है। यह 2.2 गुना की वृद्धि को दर्शाता है, जो पिछले दशकों की तुलना में काफी अधिक है और राज्य की मजबूत राजकोषीय क्षमता एवं आर्थिक गतिशीलता का प्रमाण है।
- **प्रति व्यक्ति आय:** उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2016-17 में ₹54,564 थी, वह वर्ष 2024-25 में दोगुनी होकर ₹1.20 लाख हो गई है।
- **राष्ट्रीय औसत में हिस्सेदारी:** वर्ष 2024-25 के लिए, भारत की प्रति व्यक्ति आय में उत्तर प्रदेश का प्रतिशत 52.90% है।
- **निर्यात में उछाल:** वर्ष 2017 के बाद राज्य के निर्यात में तीव्र वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2024-25 तक ₹1,86,060 करोड़ पर पहुंच गया।
- **बजट का अभूतपूर्व विस्तार:** उत्तर प्रदेश के कुल बजट में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 (आठ वर्षों) के दौरान बजट में ₹4.87 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले पिछले समान आठ वर्षों (वर्ष 2008-09 से वर्ष 2016-17) में यह वृद्धि केवल ₹ 2.28 लाख करोड़ थी।
- **नीति आयोग की रैंकिंग:** राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को 'अग्रणी' राज्य की श्रेणी में रखा गया है।
- **राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक:** रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान राज्य के समेकित 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक' में 8.9 अंकों की वृद्धि हुई है।
- **डीबीटी में देश का नेतृत्व:** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे धनराशि हस्तांतरित करने में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।
- **योजनाओं का कवरेज:** वर्तमान में 31 विभागों द्वारा 191 योजनाओं को (105 केंद्र पोषित तथा 86 राज्य पोषित) की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने के लिए चिन्हित की गई हैं।


देश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश है उत्तर प्रदेश

## विकास का विस्तार

हवाई, सड़क और रेलवे नेटवर्क में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख विकास केंद्र के रूप में तेजी से बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। मल्टी-मोडल इंफ्रास्ट्रक्चर (बहु-आयामी बुनियादी ढांचा) में किए गए रणनीतिक निवेश ने गतिशीलता को बढ़ाया है, यात्रा के समय को कम किया है और पूरे राज्य में नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोले हैं।

- एक्सप्रेस-वे की कुल संख्या: 22
- राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई किलोमीटर में 12,292
- कुल हवाई अड्डे : 24
  संचालित : 12 घरेलू तथा 4 अंतरराष्ट्रीय
  नोएडा एयरपोर्ट : उद्घाटन जल्द
  7 हवाई अड्डे निर्माणाधीन

तेज और सुरक्षित सड़क नेटवर्क ने ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी बाजारों से सफलतापूर्वक जोड़ा है।

बेहतर एयर कनेक्टिविटी ने व्यावसायिक यात्राओं को सुगम बनाया है, पर्यटन को बढ़ावा दिया है और आतिथ्य, लॉजिस्टिक्स और सेवा जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया है।

## प्रधानमंत्री मित्र पार्क एवं औद्योगिक क्लस्टर

- **पीएम मित्र योजना :** लखनऊ-हरदोई में 'मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क' की स्थापना का कार्य गतिमान।
- **मेगा लेदर क्लस्टर :** हरदोई और कानपुर में 'मेगा लेदर क्लस्टर' का विकास।
- **विशिष्ट उत्पाद पार्क :** गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क और कन्नौज में परफ्यूम (इत्र) पार्क की स्थापना।
- **केमिकल और फार्मा पार्क :** गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में 'केमिकल और फार्मा पार्क्स' का निर्माण।



## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का हब है यूपी




- **देश में प्रथम :** उत्तर प्रदेश 96 लाख से अधिक एमएसएमई के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- **एमएसएमई नीति- 2022 :** इस क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए 'एमएसएमई नीति-2022' लागू की गई है।
- **प्लेज पार्कों की मंजूरी :** 11 निजी औद्योगिक पार्कों (प्लेज पार्क) को मंजूरी दी गई है, जो उन्नाव, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर, अलीगढ़, कानपुर देहात, हापुड़, संभल, झांसी और मथुरा में स्थापित होंगे।
- **टेक्सटाइल और लेदर पार्क :** 10 जिलों में संत कबीर के नाम पर टेक्सटाइल पार्क बनाने की योजना है, साथ ही दो जिलों में संत रविदास के नाम पर लेदर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है।
- **प्रोत्साहन नीति-2023:** 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' और 'फॉर्च्यून इंडिया 500' कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए 'इंसेंटिव पॉलिसी-2023' घोषित की गई है।
- **ओडीओपी और जीआई टैग :** 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत कई उत्पादों को जीआई टैग मिला है।
- भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में उत्तर प्रदेश नौवें स्थान पर है। देश के कुल एफडीआई में उत्तर प्रदेश का योगदान 1.97% है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA6 User: vivek.kumar4 Time: 12-25-2025 21:16 Color:

# उत्तर प्रदेश: बदलाव और सशक्तिकरण की यात्रा


निरंतर प्रगति से नए मानक स्थापित कर रही है काशी

PICS: DIPR, GOVT. OF UTTAR PRADESH



**आज का उत्तर प्रदेश इस बात का साक्षी है कि कैसे दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तम शासन प्रणाली मिलकर विशाल संसाधनों को शक्ति में और संभावनाओं को प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जिससे राज्य देश की प्रगति में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप :**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल शासकीय नीतियों के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश पिछले पौने नौ वर्षों में विकास और सुधार के एक परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बना है। रणनीतिक नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में एक अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। उत्तर प्रदेश ने सुधारों और सक्रिय हितधारक-जुड़ाव के माध्यम से एमएसएमई विकास, औद्योगीकरण, निवेश प्रोत्साहन और कृषि आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और संतुलित क्षेत्रीय विकास हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में निवेश ने पहुंच का विस्तार किया है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, जबकि बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन स्थलों के विकास के माध्यम से पर्यटन एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में उभरा है।

कुल मिलाकर, ये प्रयास पारदर्शिता, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास पर आधारित शासन मॉडल को दर्शाते हैं, जो उत्तर प्रदेश को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में मजबूती से स्थापित करते हैं और राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

## विकास के प्रमुख क्षेत्र

- गेहूं उत्पादन: उत्तर प्रदेश गेहूं उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है।
- चावल उत्पादन: चावल उत्पादन के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- एथेनॉल उत्पादन: एथेनॉल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।
- उत्पादकता में वृद्धि: राज्य की अधिकांश प्रमुख फसलों की उत्पादकता में वर्ष 2001-02 से वर्ष 2016-17 की अवधि के दौरान औसतन 8.7% की वृद्धि हुई थी, जबकि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 की अवधि में औसतन 42.8% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।




| फसल/ उत्पाद | वर्ष | उत्पादन | हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 2024-25 | 414.39 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग 35.3% का योगदान |
| चावल | 2024-25 | 219.2 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल चावल उत्पादन में लगभग 14.7% का योगदान |
| गन्ना | 2024-25 | 2453.5 लाख मीट्रिक टन | देश के कुल गन्ना उत्पादन में लगभग 54.5% का योगदान |
| फल एवं सब्जियां | वार्षिक | 400 लाख टन | देश में अग्रणी |
| एथेनॉल | 2024-25 | बढ़कर 182 करोड़ लीटर हुआ | देश में प्रथम |

## उत्तर प्रदेश के किसानों को मिल रहा विकास का लाभ

- **पीएम किसान सम्मान निधि:** इस योजना के माध्यम से 3.12 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹94,000+ करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर (डीबीटी) की गई है।
- **पीएम कुसुम योजना:** सिंचाई को सुगम बनाने के लिए किसानों को 93,062 से अधिक सोलर पंप आवंटित किए गए हैं।
- **चीनी उद्योग में क्रांति:** मार्च 2017 से अब तक 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गई हैं, 6 पुरानी मिलें पुनर्संचालित की गई हैं और 42 चीनी मिलों की क्षमता का विस्तार किया गया है। इन प्रयासों से लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।
- **मुफ्त सिंचाई सुविधा:** राज्य के 14 लाख से अधिक किसान सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा से लाभान्वित हुए हैं।
- **मुख्यमंत्री सहभागिता योजना:** इस योजना के तहत 2,46,426 गोवंश को इच्छुक किसान और पशुपालक परिवारों को सौंपा गया है।
- **गो-आश्रय स्थलों के लिए डीबीटी:** राज्य के इतिहास में पहली बार, गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित प्रत्येक गाय के भरण-पोषण के लिए ₹50 प्रति दिन की दर से धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।
- **किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन):** मार्च 2025 तक, पशुपालन क्षेत्र के तहत 6.68 लाख से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।


सरकार की सहायक नीतियों से किसानों की आय में वृद्धि हुई है


## शिक्षा



- स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम (हर दिन स्कूल आएं) के माध्यम से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन हुआ है और ड्रॉपआउट दर (स्कूल छोड़ने की दर) में भारी गिरावट आई है।
- शारदा कार्यक्रम के तहत, वर्ष 2024-25 में अब तक 7.77 लाख बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है।
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का संतृप्तीकरण (पूर्ण उपलब्धता) सुनिश्चित किया गया है।
- 25,790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 880 ब्लॉक संसाधन केंद्रों और 5817 स्कूलों में आईसीटी लैब तथा शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं।
- सभी 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को अपग्रेड किया गया है, जो कमजोर वर्ग की लड़कियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।
- राज्य के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू हो गया है।
- पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने और उन्हें 'ग्रीन स्कूल' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।
- प्री-प्राइमरी और कक्षा 1 से 8 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है।
- प्रत्येक जिले में 2 स्कूलों के लक्ष्य के साथ 150 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 1500 छात्रों की क्षमता के साथ प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।


## युवा कल्याण

- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA):** शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है।
- वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (CM-YUVA) के अंतर्गत 1.70 लाख युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।
- 1.75 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।
- PLFS सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 44.6% थी, 12.3% की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 में 56.9% हो गई है।
- राज्य में बेरोजगारी दर, जो वर्ष 2017-18 में 6.2% थी, वह वर्तमान में 2.1% रह गई है।











## महिला सशक्तिकरण


- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लगभग 26.78 लाख लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।
- लगभग 40 हजार बीसी सखियों ने कार्य किया और ₹31,626 करोड़ मूल्य के लेनदेन संसाधित किए। बीसी सखियों ने लाभांश के रूप में ₹85.81 करोड़ कमाए।
- लखपति महिला योजना के तहत 31 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है। इनमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति' श्रेणी में आ चुकी हैं।
- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत, 8,73,534 समूहों, 57,482 ग्राम संगठनों और 3,137 क्लस्टर स्तरीय संघों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों की 95 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया।
- 189 नगर निकायों में महिलाओं के लिए 1100 पिंक टॉयलेट्स का निर्माण किया गया।



ब्रह्मोस का निर्माण रक्षा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की रणनीतिक पहचान को मजबूत करता है








निर्माण पूरा होने पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।

## औद्योगीकरण और निवेश

2018 में किया 'यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट' का सफल आयोजन

2023 में किया 'यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का भव्य आयोजन

निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए लगभग ₹45 लाख करोड़

₹15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं

60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां मिलीं और करोड़ों अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए इन निवेशों के माध्यम से।

फरवरी 2024 में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से ₹10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया।

## पर्यटन एवं संस्कृति

- **पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि:** पर्यटकों के आगमन की संख्या वर्ष 2016 के 21.5 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024 में 64.9 करोड़ हो गई है।
- **महाकुंभ - 2025:** महाकुंभ - 2025 के दौरान, 66.20 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पावन डुबकी लगाई।
- **सांस्कृतिक पुनरुद्धार:** श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव-दीपावली, नैमिष तीर्थ और शुक्र तीर्थ का पुनरुद्धार, 100 वर्षों के बाद मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की पुनर्स्थापना और सोरों-सूकर क्षेत्र के विकास जैसे कार्यों ने उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड:** अयोध्या के दीपोत्सव में 25,12,585 से अधिक दीप प्रज्वलित कर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया।
- **मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप योजना:** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी और शोध को बढ़ावा देने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया।
- **हेलीपोर्ट सेवा:** आगरा और मथुरा जिलों में हेलीपोर्ट संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में भी हेलीपोर्ट सेवाएं उपलब्ध होंगी।
- **पर्यटन पुलिस:** पर्यटकों की सुविधा, सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'पर्यटन पुलिस' की तैनाती की गई है।


महाकुंभ 2025

## प्रधानमंत्री मित्र पार्क एवं औद्योगिक क्लस्टर

- **पीएम मित्र योजना:** लखनऊ-हरदोई में 'मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क' की स्थापना का कार्य गतिमान।
- **मेगा लेदर क्लस्टर:** हरदोई और कानपुर में 'मेगा लेदर क्लस्टर' का विकास।
- **विशिष्ट उत्पाद पार्क:** गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क और कन्नौज में परफ्यूम (इत्र) पार्क की स्थापना।
- **केमिकल और फार्मा पार्क:** गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में 'केमिकल और फार्मा पार्क्स' का निर्माण।



## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का हब है यूपी



- **देश में प्रथम:** उत्तर प्रदेश 96 लाख से अधिक एमएसएमई के साथ देश में पहले स्थान पर है।
- **एमएसएमई नीति-2022:** इस क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए 'एमएसएमई नीति-2022' लागू की गई है।
- **प्लेज पार्कों की मंजूरी:** 11 निजी औद्योगिक पार्कों (प्लेज पार्क) को मंजूरी दी गई है, जो उन्नाव, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर, अलीगढ़, कानपुर देहात, हापुड़, संभल, झांसी और मथुरा में स्थापित होंगे।
- **टेक्सटाइल और लेदर पार्क:** 10 जिलों में संत कबीर के नाम पर टेक्सटाइल पार्क बनाने की योजना है, साथ ही दो जिलों में संत रविदास के नाम पर लेदर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है।
- **प्रोत्साहन नीति-2023:** 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' और 'फॉर्च्यून इंडिया 500' कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए 'इंसेंटिव पॉलिसी-2023' घोषित की गई है।
- **ओडीओपी और जीआई टैग:** 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत कई उत्पादों को जीआई टैग मिला है।
- भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में उत्तर प्रदेश नौवें स्थान पर है। देश के कुल एफडीआई में उत्तर प्रदेश का योगदान 1.97% है।

## प्रमुख बिंदु

- **सकल राज्य घरेलू उत्पाद में रिकॉर्ड वृद्धि:** वर्ष 2016-17 और वर्ष 2024-25 के बीच, उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹13.3 लाख करोड़ से बढ़कर ₹29.8 लाख करोड़ हो गया है। यह 2.2 गुना की वृद्धि को दर्शाता है, जो पिछले दशकों की तुलना में काफी अधिक है और राज्य की मजबूत राजकोषीय क्षमता एवं आर्थिक गतिशीलता का प्रमाण है।
- **प्रति व्यक्ति आय:** उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2016-17 में ₹54,564 थी, वह वर्ष 2024-25 में दोगुनी होकर ₹1.20 लाख हो गई है।
- **राष्ट्रीय औसत में हिस्सेदारी:** वर्ष 2024-25 के लिए, भारत की प्रति व्यक्ति आय में उत्तर प्रदेश का प्रतिशत 52.90% है।
- **निर्यात में उछाल:** वर्ष 2017 के बाद राज्य के निर्यात में तीव्र वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2024-25 तक ₹1,86,060 करोड़ पर पहुंच गया।
- **बजट का अभूतपूर्व विस्तार:** उत्तर प्रदेश के कुल बजट में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 (आठ वर्षों) के दौरान बजट में ₹4.87 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले पिछले समान आठ वर्षों (वर्ष 2008-09 से वर्ष 2016-17) में यह वृद्धि केवल ₹ 2.28 लाख करोड़ थी।
- **नीति आयोग की रैंकिंग:** राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को 'अग्रणी' राज्य की श्रेणी में रखा गया है।
- **राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक:** रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान राज्य के समेकित 'राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक' में 8.9 अंकों की वृद्धि हुई है।
- **डीबीटी में देश का नेतृत्व:** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे धनराशि हस्तांतरित करने में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।
- **योजनाओं का कवरेज:** वर्तमान में 31 विभागों द्वारा 191 योजनाओं को (105 केंद्र पोषित तथा 86 राज्य पोषित) की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने के लिए चिन्हित की गई हैं।

देश में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश है उत्तर प्रदेश



## विकास का विस्तार

हवाई, सड़क और रेलवे नेटवर्क में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख विकास केंद्र के रूप में तेजी से बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। मल्टी-मोडल इंफ्रास्ट्रक्चर (बहु-आयामी बुनियादी ढांचा) में किए गए रणनीतिक निवेश ने गतिशीलता को बढ़ाया है, यात्रा के समय को कम किया है और पूरे राज्य में नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोले हैं।




READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in